# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 6 जुलाई 2026




# वार्ड 41

# घनी आबादी वाले अंदरूनी इलाकों में सड़कों के हालात बद से बदतर, गंदगी और तंग गलियों की समस्याओं से लोग परेशान

## आज आईएनएच न्यूज चैनल व हरिभूमि की टीम आपके वार्ड में




बाग फरहत अफजा में रोड खोदकर छोड़ा, एक साल से काम बंद, बारिश में आवाजाही में दिक्कत, फाउंटेन लंबे समय से बंद है, पार्क की बाउंड्रीवॉल तो बनी, लेकिन सुविधाएं नहीं

### बावड़ियों का अस्तित्व नहीं बचा

ऐतिहासिक पहचान रखने वाले बाग फरहत अफजा क्षेत्र में कभी मौजूद बावड़ियां अब इतिहास बन चुकी हैं। वहीं क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के लिए लगाए गए फाउंटेन लंबे समय से बंद पड़े हैं और लाला लाजपत राय कॉलोनी का पार्क भी आज तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सका। रहवासियों का कहना है कि यदि मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया जाए, तो वार्ड की तस्वीर काफी हद तक बदल सकती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने भोपाल के ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्र बाग फरहत अफजा में मेन रोड का निर्माण एक साल में भी नहीं हो पाया। रोड खोदकर छोड़ दिया। जबकि उक्त रोड से कई अंदरुनी मोहल्लों का संकरे रास्तों से जुड़ाव है। करीब एक वर्ष पहले सड़क और नाले के निर्माण के लिए खोदी गई मुख्य सड़क आज भी अधूरी पड़ी है। बारिश शुरू होते ही यह रास्ता कीचड़ और जलभराव से भर जाता है, जिससे पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। जबकि दिनभर यहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण और नाली का पक्का निर्माण करने का काम शुरू होने के बाद अचानक बंद कर दिया गया। निर्माण सामग्री और खुदाई के कारण सड़क बदहाल हो चुकी है, लेकिन काम दोबारा शुरू नहीं हुआ। अब बारिश के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

### इन क्षेत्रों का संकरी गलियों से है जुड़ाव

वार्ड क्रमांक-41 में अहाता सिकंदरकुली, मुरारजी नगर, अहाता मनकसा, बाग दिलकुशा, अंत्योदय नगर, लाला लाजपत राय कॉलोनी, विकास कॉलोनी, जनता क्वार्टर, बाग फरहत अफजा, बिस्मिल्लाह कॉलोनी, सोनिया गांधी कॉलोनी और अफकार कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले इलाके शामिल हैं।

### अंदरुनी सड़कें बेहद खराब

करीब 20 हजार की आबादी वाले इस वार्ड में कई मुख्य सड़कें तो सीसी बन चुकी हैं, लेकिन अंदरूनी गलियों की हालत अब भी बेहद खराब है। उबड़-खाबड़ रास्ते, जलभराव और नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नालों की सफाई के बाद भी रहती है समस्या

रहवासियों का कहना है कि पेयजल पाइपलाइनें कई स्थानों पर नालियों और गंदगी के बीच से होकर गुजर रही हैं, जिससे स्वच्छ पेयजल को लेकर भी चिंता बनी रहती है। संकरी गलियों के बीच से गुजरने वाले खुले नाले बारिश के दौरान खतरा बन जाते हैं। नगर निगम सफाई तो कराता है, लेकिन लोगों द्वारा नालों में कचरा फेंकने से स्थिति फिर बिगड़ जाती है।

## रोड निर्माण का कार्य 2.0 प्रोजेक्ट के चलते रुका

### क्या कहते हैं लोग

#### पार्षद बोले- अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के कारण देरी, जल्द बनेगी रोड



क्षेत्रीय पार्षद डॉ. रेहान सिद्दीकी का कहना है कि पूरे वार्ड को अमृत 2.0 प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है। इसके तहत सीवेज नेटवर्क और वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सुधरेगा। रोड निर्माण का कार्य इसी प्रोजेक्ट के चलते रुका है, जिन क्षेत्रों में सड़क की समस्या है, वहां के प्रस्ताव निगम मुख्यालय भेजे गए हैं। मंजूरी मिलते ही सड़कें बनेंगी।

#### रहवासी बोले- सड़क बने तो लोगों को सुविधा मिले



वार्ड में अंदरुनी रास्ते तो संकरे हैं ही, लेकिन मुख्य मार्ग भी बदहाल है। सड़क बन जाए तो लोगों को बेहतर आवाजाही की सुविधा मिले। बारिश में लोगों को बहुत दिक्कत होगी।

**अरबाज खान**, रहवासी

#### बारिश में होती हैं दिक्कतें



लंबे समय से बाग फरहत अफजा का रोड नहीं बना है। आसपास की बड़ी आबादी की आवाजाही इसी खराब रोड से होती है। बारिश में दिक्कतें बढ़ जाती हैं। सड़क का निर्माण जल्द होना चाहिए।

**शाहवर खान**, रहवासी

#### जगह-जगह फैली है गंदगी



सीवेज और पानी का नेटवर्क मजबूत होना चाहिए। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के बाद भी कई बार झाड़ू नहीं लगती। जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। सड़कें खराब हैं।

**उमर खान**, रहवासी

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग महासंघ की मांग ग्रेड पे रिवाइज कर लागू किया जाए एम्प्लॉई कोड



**भोपाल।** एम्प्लॉई कोड लागू करने, सातवें वेतनमान का लाभ एक जनवरी 2016 से देने और अन्य राज्यों की तरह ग्रेड पे रिवाइज करने की मांग को लेकर रविवार को प्रदेश के नर्सिंग संगठनों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल एंड हेल्थ नर्सिंग एसोसिएशन और नर्सेस एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने तीन सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण के संबंध में चर्चा कर आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई। मेडिकल एंड हेल्थ नर्सिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष धनराज नागर ने बताया कि बैठक में सभी मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के पदाधिकारियों ने एक साथ मिलकर नर्सिंग महासंघ बनाने पर सहमति जताई। धनराज नागर ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों को यूनिक एम्प्लॉयी कोड प्रदान करने, एक जनवरी 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ दिए जाने तथा विभिन्न संवर्गों की पे-ग्रेड संबंधी विसंगतियों के निराकरण की मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। नागर ने कहा कि कर्मचारियों की ये मांगें पूर्णतः न्यायोचित हैं तथा यदि इनका शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

### एलोपैथी और आयुष में अध्ययन करने अधिकार हो एक समानः डॉ. पाण्डेय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश समेत देशभर में आठ लाख से ज्यादा आयुष डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टर्स, रिसर्चर को इमरजेंसी में आधुनिक चिकित्सा पैथी की औषधियां प्रिस्क्राइब करने, सर्जरी के लिए आधुनिक उपकरण उपयोग करने, नैदानिक परीक्षणों में मार्डन इक्यूपमेंट प्रयोग करने, ओबीएस अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपयोग करने के साथ अन्य आधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों के उपयोग को लेकर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग और नेशनल होम्योपैथी कमीशन दोनों आयोगों द्वारा सीधे स्वास्थ्य मंत्रालय व नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को सर्कुलर पत्र भेजना चाहिये ताकि वो लागू करने के साथ ही आयुष डॉक्टरों को परेशान न करें जिससे आयुष पैथी का सम्मान बरकरार रहे।

## 200 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया परीक्षा में हिस्सा, बड़ी संख्या में युवा विवि में प्रवेश लेने के लिए दिखे इच्छुक

# गायत्री मंदिर में हुई देव संस्कृति विवि की प्रवेश परीक्षा, 8 कोर्सेस में मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित गायत्री मंदिर में रविवार को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज (हरिद्वार) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। इसमें भोपाल सहित आसपास के विभिन्न जिलों से लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

आयोजकों के अनुसार विद्यार्थियों में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति उत्साह देखने को मिला। आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व विकास पर आधारित शिक्षा प्रणाली के कारण बड़ी संख्या में युवा विवि में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक हैं।



शक्तिपीठ में पुंसवन संस्कार में शामिल गर्भवती महिलाएं।

### यूजी-पीजी सहित अन्य कोर्स के लिए मूल्यांकन

बताया गया है कि प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विवि के स्नातक, स्नात्कोत्तर और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया गया। परीक्षा केंद्र पर समय से पहले ही विद्यार्थी पहुंचने लगे थे। आयोजकों ने अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं, जिससे परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई।

### 8 से अधिक कोर्स संचालित

देव संस्कृति विवि में योग, पत्रकारिता, भारतीय संस्कृति, मनोविज्ञान, जीवन प्रबंधन, संगीत, एनीमेशन, कंप्यूटर सहित विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। विवि में शिक्षा के साथ अनुशासित जीवनशैली, योग, ध्यान और संस्कार आधारित गतिविधियों पर भी विशेष जोर दिया जाता है। इन्ही कोर्सेस में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई है।

## महिला मंडल की बहनों एवं युवा प्रकोष्ठ के साथियों ने सत्र को सफलतापूर्वक किया संपन्न

# एक वृक्ष मां के नाम के तहत कोलार मुक्तिधाम में किया पौधरोपण

पुंसवन संस्कार वाली बहनों ने विधि-विधानपूर्वक आयोजन में अहम भूमिका निभाई

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की महिला मंडल और युवा साथियों के प्रयास से मुक्तिधाम कोलार में गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम शर्मा के संकल्प से सनखेड़ी विश्राम धाम में पौधे रोपित किए गए। शक्तिपीठ पर सम्पन्न हुए परिवार प्रबोधन सत्र सामूहिक पुंसवन संस्कार में सत्र के समन्वयक अनमोल पाठक ने महिला मंडल की प्रमुख मधु, संध्या, राजश्री के साथ मिलकर पूरे महिला मंडल की बहनों एवं युवा प्रकोष्ठ के साथियों ने सत्र को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। कार्यक्रम का संचालन इशिता साहू ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि उपजोन समन्वयक रघुनाथ प्रसाद हजारी, सह समन्वयक सुरेश श्रीवास्तव, उपजोन समिति सदस्य बबली धाकड़, देवेंद्र श्रीवास्तव, जिला सह समन्वयक वरिष्ठ कार्यकर्ता विजय गुप्ता, आरआर चढ़ोकर, विनोद गुप्ता, कमलेश आदि उपस्थित रहे।



कोलार मुक्तिधाम में पौधरोपण करते गायत्री परिवारजन।

## सांसद और महापौर ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# गुफा मंदिर परिसर में 2 करोड़ से बनेगी आधुनिक गोशाला 20 करोड़ से मानस भवन



सांसद और महापौर ने निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लालघाटी गुफा मंदिर परिसर में जल्द ही करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं वाली गो-शाला का निर्माण होगा। इसके अलावा करीब 20 करोड रुपए से मानस भवन भी बनेगा। रविवार को सांसद आलोक शर्मा व महापौर मालती राय ने गुफा मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री रामप्रवेश जी महाराज के सानिध्य में गौशाला एवं मानस भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंदिर परिसर में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी गौशाला का निर्माण किया जा रहा है, जबकि 20 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से मानस भवन का निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी व मनोज राठौर, जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, पार्षद प्रियंका मिश्रा व सरोज आसेरी, पूर्व महापौर सुनील सूद, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष कैलाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डॉ. रश्मि चौधरी फेलोशिप से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल की जैवरसायन विभाग की डॉ. रश्मि चौधरी ने वाशिंगटन डीसी, अमेरिका में आयोजित एएसएम माइक्रोब-हेल्थ मीटिंग 2026 में अपना शोध प्रस्तुत किया। इस शोध को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पुरस्कार के लिए एएसएम जर्नल्स द्वारा चयनित किया गया तथा प्रो. डॉ. रश्मि चौधरी को जीव विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रॉयल सोसाइटी का फेलो भी चुना गया।

## मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान की बैठक आयोजित

# बढ़ती आबादी और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाएं प्लानः संभागायुक्त



मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान की समीक्षा बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन की समग्र विकास योजना बेहतर ढंग से तैयार की जाए। हर चरण में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। भविष्य में बढ़ने वाली जनसंख्या व लोगों की जरूरतों के ध्यान में रखते हुए प्लान बनाया जाए। हर क्षेत्र में सीमा का निर्धारण किया जाए, जिससे चारों तरफ विकास हो सके। यह निर्देश संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बीडीए में हुई मेट्रोपॉलिटन रीजन प्लान से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के साथ व्यापक स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन आयोजित किए जाएं। जिससे विभिन्न विभागों के सुझावों और स्थानीय आवश्यकताओं को योजना में समाहित किया जा सके।



केक काटकर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन।

## सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे की समस्याएं बताने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रहवासियों ने अनोखे अंदाज में मनाया विधायक का जन्मदिन

# गड्ढे वाली सड़क पर केक काटकर कांग्रेसियों ने विधायक शर्मा को दिखाई क्षेत्र की बदहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना, बायपास और कस्तूरी गार्डन को जोड़ने वाली डामर की सड़क पिछले 4 साल से टूटी पड़ी है। आलम यह हो गए हैं कि जगह-जगह बड़े-बडे गड्ढों से रहवासी और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों का गुजरना मुश्किल हो गया है।

बारिश ने और रहवासी और वाहन चालकों की और मुसीबत बढ़ा दी है। बारिश का पानी इन गड्ढो में भरने से लगातार हादसे हो रहे हैं। लंबे समय से सड़क के सुधार की मांग कर रहे रहवासियों ने बेहाल सड़क पर नाराजगी जताते हुए रविवार को अनूठे अंदाज में केक काटकर प्रदर्शन किया।

### खराब सड़कों को लेकर जताया विरोध

दरअसल, रविवार 5 जुलाई को हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा का बर्थ-डे था। जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रामेश्वर शर्मा का बर्थ-डे मनाया। इसी प्रकार सड़क पर गड्ढे से नाराज वार्ड नंबर 85 बर्रई के स्थानीय रहवासियों ने भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर गड्ढे पर स्टूल रखकर केक काटा। इस दौरान बड़ी मात्रा में महिलाएं बच्चे और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहें। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वार्ड प्रभारी महेश वशिष्ठ ने बताया कि कटारा हिल्स क्षेत्र की कस्तूरी गार्डन से बर्रई, कटारा हिल्स थाना होते हुए सेज यूनिवर्सिटी बायपास तक जानी वाली मुख्य सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं।

### बड़ी संख्या में कांग्रेसी रहे मौजूद

लगभग 4 साल से रहवासी परेशान हैं इसी सड़क के गड्ढों पर विधायक रामेश्वर शर्मा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। उन्हें इस तरह के विकास के लिए बधाई दीं गईं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नयापुरा भोपाल के अध्यक्ष अमित मीना, मंडलम अध्यक्ष कटारा महेंद्र नारेड़ा, अमृत राज, महेंद्र नाथ पांडे, नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आज से कल तक डेढ़ दर्जन जिलों में तेज से अति भारी बारिश का अलर्ट
भोपाल में ऐसा ही रहेगा मौसम

# बादल...बारिश...बिजली

**पांढुर्णा जिले में सीतापार के पगड़ी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत**

**भोपाल में 325 मिमी से अधिक बारिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन शब्दों में प्रदेश के मौसम की तस्वीर है। कहीं बादल छाए हैं। कहीं झमाझम है तो कहीं बिजली गिर रही है। राजधानी सहित करीब दो दर्जन शहरों में रविवार को सुबह से बादल और धूप का असर रहा। दोपहर बाद भोपाल में बादल गहराए और शाम 5 बजे से झमाझम बारिश हुई। इसके बाद देर रात तक रिमझिम का दौर चला। मौसम केंद्र ने सोमवार को भी करीब डेढ़ दर्जन शहरों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में मानसून की झमाझम के बीच रविवार दोपहर पांढुर्णा जिले में सीतापार के पगड़ी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 48 वर्षीय सुलोचना तड़ाम की मौत हो गई। वहीं, भोपाल में कई जगह पानी भर गया। राजधानी में रविवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यहां जमकर बरसे बादल

रविवार को दोपहर बाद से देर रात तक मुरैना, भिंड, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, गुना, अशोकनगर, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सागर, नीमच, मंदसौर, भोपाल, विदिशा में मध्यम बारिश हुई। भोपाल में कुछ हिस्सों में तेज तो कुछ हिस्सों में 2 मिमी तक बारिश हुई है। इसके अलावा जबलपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज यहां अति भारी बारिश

सोमवार को बैतूल, बड़वानी, धार, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में अति भारी बारिश का अलर्ट है। रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, अलीराजपुर, रतलाम, उज्जैन, देवास, अनुपपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी में भारी बारिश ▶▶ शेष पेज 4 पर




भोपाल के एमपी नगर में बारिश, शाम 6 बजे का दृश्य

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### साइकिल से सीहोर पहुंचे पटवारी, लगाया आरोप



**भोपाल।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार सुबह अनोखे अंदाज में साइकिल चलाते हुए सीहोर पहुंचे। कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत के बाद उन्होंने प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अद्भुत और अकल्पनीय भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

### आईआरसीटीसी: विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी ने पितृ पक्ष के पवित्र अवसर पर भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन के तहत एक विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा की है। मात्र 18,040 की शुरुआती कीमत वाले पैकेज में यात्रियों को पुरी, भुवनेश्वर, गंगासागर और बाबा बैद्यनाथ धाम (झारखंड) जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

### भाजपा सांसद संबित पात्रा का वाट्सएप हैक



**नई दिल्ली।** ओडिशा की पुरी सीट से भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा का रविवार को वाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। हैकर्स ने उनके नंबर से अर्जेंट 65 हजार रुपए की जरूरत है, जैसे भ्रामक संदेश भेजकर पैसों की मांग की। संबित पात्रा ने एक्स पर लोगों को आगाह करते हुए वित्तीय लेन-देन न करने की अपील की। उनका अकाउंट रिकवर कर लिया गया।

सीएम डॉ. यादव ने किया 2500 करोड़ की अडाणी डिफेंस यूनिट का शिलान्यास

# शिवपुरी में बनेंगी मॉडर्न मिसाइलें 5 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

चंबल ने जब जब भी कदम बढ़ाया, तब तब देशभक्ति का नया गीत गाया

सीएम ने कहा कि यहां से जो मिसाइल बनेगी, वो लंबी दूरी तय करके दुश्मन के देश में गिरेगी और भारत का मान-सम्मान बढ़ाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/शिवपुरी

अब मध्यप्रदेश देश की रक्षा में बड़ी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले में 2,500 करोड़ की लागत के अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,अदाणी ग्रुप के युवा नेतृत्व करण अदाणी,जीत अदाणी भी मौजूद थे। इस मौके पर सीएम डॉ. यादव ने 211 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल की ये धरा कई सौ साल से अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रही है। चंबल ने जब-जब भी कदम बढ़ाया, तब-तब देशभक्ति का नया गीत गाया है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज नया इतिहास लिखा गया है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने मथुरा में कंस को मारने के बाद मध्यप्रदेश में शिक्षा ग्रहण की। लेकिन, जब तक वे गुजरात ▶▶ शेष पेज 4 पर

यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा निजी प्लांट



कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीएम और केंद्रीय मंत्री सिंधिया

**सीएम ने शिवपुरी में किया 211 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन**

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा शिव की नगरी में लिखी जा रही इतिहास की नई इबारत**

### मुख्यमंत्री कीं ये घोषणाएं

- शिवपुरी को नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए 120 करोड़ की लागत से 14 किमी की फोरलेन सड़क बनाई जाएगी।
- मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी यूनिट की स्थापना की जाएगी। खोड में कला-वाणिज्य-विज्ञान का नया कॉलेज स्थापित किया जाएगा।
- शिवपुरी में नवीन तहसील सुभाषपुरा बनाई जाएगी। पिछोर में एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा।
- भितरवार रोड से समोहा डैम तक नई सड़क बनाई जाएगी।
- खनियाधाना कृषि उपज मंडी की स्थापना की जाएगी। ग्राम पंचायत खतौरा में सांदीपनि विद्यालय की स्थापना की जाएगी। शिवपुरी में 200 बिस्तरों का मातृ-शिशु अस्पताल स्थापित किया जाएगा।

### सांदीपनि विद्यालय देश का सबसे अच्छा स्कूल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुछ दिनों पहले गुना में सीमेंट फैक्ट्री का उद्घाटन हुआ। इस तरह यह पूरा ग्वालियर-गुना क्षेत्र बदलने वाला है। सुदामा-कृष्ण की जोड़ी हमारे लिए सबक है। अगर संकट के समय दोस्त आपके पास आए तो आप उसे नहीं भूलना। मित्रता के समय भाव बराबर होना चाहिए, पैसा तो आता-जाता रहेगा। भगवान कृष्ण ने सुदामा को अपने पास 8 महीने रखा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शिवपुरी नया सितारा बन कर चमकेगा: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भगवान शिव की शिवपुरी में आधारशिला रखी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। उनके नेतृत्व में भारत का मान बढ़ा है। संकट के समय विश्व भारत की ओर आशा से देखता है। विकसित भारत-2047 मां भारती का लक्ष्य बन चुका है। शिवपुरी नया सितारा बन कर चमकेगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

राम मंदिर ट्रस्ट की बड़ी बैठक आज

# चंपत राय और अनिल मिश्रा की रवानगी पर होगा फैसला

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने भी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का किया समर्थन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के विवाद के बीच 6 जुलाई को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास (ट्रस्ट) की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर अंतिम फैसला हो सकता है। इस बात पर भी मंथन होगा कि क्या मंदिर की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए किसी प्रशासनिक अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की जाए।



चंपत राय



अनिल मिश्रा

महासचिव पद के लिए विहिप के महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा इस रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। पहली बार कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि कमान संभालेंगे। चंदा चोरी केस में अयोध्या पुलिस को कोर्ट से अनुमति मिल गई है, जिसके बाद पुलिस जेल में बंद 5 आरोपियों ▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन भागवत

### संघ प्रमुख को दिग्विजय का न्योता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने संघ प्रमुख डॉ. भागवत को अपनी आगामी पदयात्रा में शामिल होने का खुला निमंत्रण दिया है। दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डॉ. मोहन भागवत से 2 अक्टूबर 2026 को उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या तक शुरू होने वाली इस यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा कि धर्म को चंदा चोरों से बचाने के लिए संघ और विहिप को आगे आना चाहिए।

मेटा को केंद्र सरकार का कड़ा नोटिस

## विज्ञापनों में अश्लील कंटेंट हटाने के दिए सख्त आदेश



चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर 7 दिन में मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने इंस्टाग्राम पर पेड विज्ञापनों के जरिए बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने के मामले में मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी) को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कंपनी से 7 दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। यह कार्रवाई बीबीसी की एक खोजी रिपोर्ट के बाद हुई है, जिसमें दावा किया गया था कि इंस्टाग्राम का एल्गोरिदम बच्चों के यौन ▶▶ शेष पेज 4 पर

नर्मदापुरम: धार्मिक सामग्री नदी में फेंकी

## गौरीशाह बाबा दरगाह में तोड़फोड़ और चोरी, तनाव



इलाके में भारी पुलिस बल तैनात, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले के माखननगर थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध गौरीशाह बाबा की दरगाह में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ और चोरी की घटना के बाद इलाके में भारी तनाव व्याप्त हो गया है। ग्राम बागरा तवा में हुई इस घटना से स्थानीय मुस्लिम समुदाय में गहरा आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने मजार परिसर को भारी नुकसान पहुंचाया और वहां लगी लोहे की रेलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा, उपद्रवियों ने दरगाह के अंदर रखी पवित्र धार्मिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त



**दिग्विजय बोले- भोलेनाथ असत्य बोलने वालों को माफ नहीं करते**

*दिग्विजय सिंह ने कहा कि हे भोले बाबा, मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सद्बुद्धि दें ताकि उनकी कथनी और करनी में अंतर न हो। चुनाव आयुक्त का ट्रैक रिकॉर्ड अब तक पूरी तरह भाजपा के पक्ष में रहा है। भोलेनाथ असत्य बोलने वालों को माफ नहीं करते।*

**ज्ञानेश कुमार ने ओंकारेश्वर में पूरी की सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा**

*ओंकारेश्वर। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने पवित्र तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर सपरिवार पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उनकी 23 वर्षों की लंबी आध्यात्मिक साधना और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का संकल्प पूर्ण हो गया। इस ऐतिहासिक पल पर भावुक होते हुए ज्ञानेश कुमार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2003 में सभी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

मप्र में जिला रेजिडेंसी प्रोग्राम की नई पॉलिसी लागू

## अधिक मरीजों वाले जिलों में होगी डॉक्टरों की 'पोस्टिंग'

पोस्टिंग अब डीन कमेटी तय करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने जिला रेजिडेंसी प्रोग्राम (डीआरपी) पॉलिसी में बड़े बदलाव करते हुए नया आदेश जारी किया है। अब पीजी (रेजिडेंट) डॉक्टरों की पोस्टिंग राज्य स्तर के बजाय मेडिकल कॉलेज के डीन की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी। इस कमेटी में एक महिला सदस्य और एक आरक्षित वर्ग के प्रतिनिधि का होना अनिवार्य किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत, रेजिडेंट डॉक्टरों को 3 महीने के लिए उन जिला अस्पतालों में तैनात किया जाएगा, जहां से मेडिकल कॉलेजों में सबसे ज़्यादा मरीज रेफर होते हैं। इसके लिए मेडिकल कॉलेजों के आसपास ▶▶ शेष पेज 4 पर

पंडवानी की कपालिक शैली की पहली गायिका तीजनबाई का रायपुर में निधन

इलाहाबाद के प्रख्यात कवि यश मालवीय ने उन पर लिखी कविता से ये 'शीर्षक'

# मंचों पर अब नहीं सजेगी वो मशाल सी तरुणाई टूट गए घुंघरू.... चुपके से चली गईं तीजनबाई

**बेटे की मौत का था सदमा, ब्लड प्रेशर की दवाई लेना बंद कर दिया था**

**उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से नवाजा गया था**



जन्म 24 अप्रैल 1956 मृत्यु 5 जुलाई 2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/भोपाल



छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की पहचान पद्म विभूषण और पंडवानी गायिका तीजन बाई (70) का निधन हो गया। शनिवार 4 जुलाई की रात 3:15 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को रविवार को रायपुर एम्स से अंतिम दर्शन के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 13 वर्ष की उम्र में पहले कार्यक्रम के मिले थे 10 रुपए

महज 13 वर्ष की उम्र में उन्होंने दुर्ग जिले के चंद्रखुरी गांव में पहला सार्वजनिक कार्यक्रम किया, जिसके लिए उन्हें 10 रुपए पारिश्रमिक मिला था। लोगों के ताने और विरोध के बीच कपालिक शैली में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पीएम ने कहा- अपूरणीय क्षति**

सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ की इस लोक कला को अपनी भव्य प्रस्तुति से दुनियाभर में एक विशिष्ट पहचान दिलाई। उनका जाना कला एवं संस्कृति जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

**सीएम डॉ. यादव बोले- योगदान अविस्मरणीय रहेगा**

कला जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा और उन्होंने अपनी अद्वितीय शैली व लोक परंपराओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई।

यश मालवीय की कविता

### चली गईं तीजनबाई

वो मिट्टी की गंध,
हमारी संस्कृति का उजला चेहरा
ज्वार उठाता याद आएगा
स्वर समुद्र गहरा गहरा
दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की
बदली रही घिरी... छाई
वो संवाद, शब्द में
बंधती सी जीवन की लयकारी
एक आग थी, सोए मन में
बो देती थी चिंगारी
व्यथा कथा लड़ती औरत की
उसने जी भरकर गाई
दसों दिशाएं नाच उठती थीं
जब वो गाया करती थी
कठिन समय को वीर-भाव से
खुलकर बांचा करती थी
वो हुंकार मौन है, अब तो
आंख हमारी भर आई।

# राजधानी को मिलेगा 25 एकड़ क्षेत्रफल का विश्वस्तरीय कन्वेंशन और एग्जिबिशन सेंटर

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल को आधुनिक औद्योगिक पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार 6 जुलाई को सतगढ़ी में विकसित किए जा रहे 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क' का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे।

राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. मुखर्जी की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। कार्यक्रम में देश और प्रदेश के लगभग 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपति, निवेशक और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे डॉ. मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क सतगढ़ी का भूमिपूजन

### ग्रीन, स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार



### स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित होगा पार्क

पार्क को पर्यावरण अनुकूल एवं स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत एससीएडीए आधारित जल प्रबंधन प्रणाली, जल एवं सीवेज शोधन संयंत्र, ऑटोमेटेड एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था तथा अत्याधुनिक यूटिलिटी कॉरिडोर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण-संरक्षण और संसाधनों के कुशल प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इलेक्ट्रिक पार्क राजधानी भोपाल में औद्योगिक निवेश, आधुनिक विनिर्माण और रोजगार सृजन के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का बनेगा आधार

लगभग 173 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। परियोजना में आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, उत्कृष्ट सड़क एवं परिवहन संपर्क, आईटी एवं एआई आधारित सुविधाएं, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स तथा भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा, जिससे निवेशकों को विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण उपलब्ध हो सके। यह परियोजना 'वर्क-लिव-ग्रो' मॉडल पर आधारित होगी।

### उद्योग, रोजगार का बनेगा नया केंद्र

सतगढ़ी में विकसित हो रहा यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क कोलार क्षेत्र के विकास की दिशा भी बदलेगा। अब तक मुख्य रूप से आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित कोलार आने वाले समय में निवेश, उद्योग और रोजगार का नया केंद्र बनेगा। परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है, जिनका लाभ विशेष रूप से भोपाल और आसपास के युवाओं को मिलेगा। परियोजना की एक विशेष उपलब्धि यहां विकसित किया जाने वाला विश्वस्तरीय कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर होगा।

## खबर संक्षेप




### मेडिकल ऑफिसर एसो. अध्यक्ष बने डॉ. श्रीवास्तव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा रविवार को डॉक्टर डे मनाया गया। इस दौरान भोपाल जिला इकाई के निर्वाचन कराए गए। जिसमें डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि डॉक्टर डे समारोह संपन्न होने के बाद भोपाल शाखा के चुनाव भी संपन्न हुए। जिसमें डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष, डॉ. परमेंद्र शर्मा सचिव तथा डॉ. मनोज तिवारी कोषाध्यक्ष चुने गए। एसोसिएशन के नवनुक्ति पदाधिकारी जल्द ही अपनी पूर्ण कार्यकारिणी का गठन करेंगे। डॉक्टर डे समारोह में पांच चिकित्सा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश मालवीय ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं डॉ. एसके सक्सेना ने वेतनमान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समारोह का समापन डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

### प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अच्छा विकल्प बना एईडीपी

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग में वर्तमान में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बीए, बी.कॉम. और बी.एससी. में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा का आकर्षक विकल्प बनकर सामने आया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामान्य स्नातक शिक्षा के साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। तीसरे वर्ष में विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाई करने के बजाय उद्योगों में अप्रेंटिसशिप का अवसर मिलता है, जहां वे वास्तविक कार्यस्थल पर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इससे वे उद्योगों की कार्यप्रणाली से परिचित हो जाते हैं।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

# नेहरू द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने का दंश भारत ने वर्षों तक सहा: डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर रविवार को स्मरण पक्ष के तहत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू-कश्मीर को विशेष सुविधाएं दीं, वह देश के लिए बहुत घातक सिद्ध हुई हैं।

पंडित नेहरू द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाने का दंश देश ने वर्षों तक सहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश के मुकुटमणि पर लगा कलंक मिटाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आर्थिक संपन्नता की ओर बढ़ रहा है। वर्ष 2014 के बाद देश में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश भी करवट ले रहा है, हमारे प्रदेश के शिवपुरी में रक्षा उत्पादन की बड़ी इकाई लगाई जा रही है। कई देशों की बड़ी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश किया है और कई निवेश करने की प्रक्रिया में हैं। इस वर्ष एक जनवरी से 30 जून तक मध्यप्रदेश को 86 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश के मुकुटमणि पर लगा कलंक मिटाने का कार्य किया: सीएम

**खास बातें**

- राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने डॉ. मुखर्जी के ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख कर किया नमन




### डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवादी चिंतन आज भी देश को दिशा दे रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूरदर्शी राष्ट्रनायक थे, जिन्होंने देश के भविष्य की चुनौतियों को समय रहते पहचाना और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक अस्मिता के पक्ष में निर्भीकता से आवाज बुलंद की। उनका संघर्ष भारत की अखंडता और संविधान की समानता के सिद्धांत के लिए था। डॉ. मुखर्जी का बलिदान देश की एकता और अखंडता के इतिहास में सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

### मुखर्जी का जीवन हम सभी के लिए स्मरणीय व प्रेरणादायी है : शिवप्रकाश

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी दूरदृष्टा थे, उनकी दूरदृष्टि के कारण आज का पश्चिम बंगाल भारत में बना रहा। आजादी के बाद पाकिस्तान तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लिए गलियारा मांगकर भारत के फिर टुकड़े करने की योजना में था। डॉ. मुखर्जी ने पाकिस्तान में हुई बातचीत में देश के अंदर से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लिए गलियारा देने से मना कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बंटे रहने के लिए मजबूर किया, यह उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है।

### डॉ. मुखर्जी के विचारों ने राष्ट्रवादी राजनीति की मजबूत नींव रखी : खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित, अनुशासित संगठन है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके संस्कार, विचार, कार्यपद्धति और समर्पित कार्यकर्ता हैं। मध्यप्रदेश के सभी 62 जिलों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उनके राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भारतीय जनसंघ की स्थापना के समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ऐसे राजनीतिक दल की कल्पना की थी, जो केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, संगठन, संस्कार और विचारधारा पर आधारित हो।

### डॉ. मुखर्जी की जयंती पर बूथ स्तर पर होंगे कार्यक्रम

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को प्रदेश भर में बूथ स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रम कर मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल सहित पार्टी पदाधिकारी 6 जुलाई को सुबह 9 बजे लालघाटी स्थित डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बूथों पर जयंती कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण करेंगे।

### नए वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला पहला राज्य मप्र

# नव गठित वक्फ बोर्ड में 2 हिंदू सदस्य भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत मप्र में नए वक्फ बोर्ड का गठन किया है। इस संबंध में मप्र राजपत्र में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल होंगे।

वक्फ बोर्ड में कुल 10 सदस्य बनाए गए हैं, जिनमें 2 हिन्दू सदस्य मनोज मालपानी और अनिमेश भार्गव को भी शामिल किया गया है। नए अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य शासन ने वक्फ अधिनियम-1995 (संशोधित-2025) की धारा-13 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा-14 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वक्फ बोर्ड का गठन किया है। नए वक्फ बोर्ड में नजमा हेपतुल्ला नई दिल्ली, आतिफ अकील विधायक भोपाल (उत्तर), फैजान खान उज्जैन, बहन फातेमा चौधरी इंदौर, शाइस्ता सुल्तान पार्षद बैरसिया भोपाल, शबाना खान पार्षद रतलाम, मनोज मालपानी इंदौर, अनिमेश भार्गव राघौगढ़ गुना और आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण को सदस्य बनाया गया है। नजमा हेपतुल्ला, वक्फ अधिनियम, 1995 (यथा संशोधित, 2013) की धारा 14 के अंतर्गत 19.04.2023 की अधिसूचना द्वारा निर्वाचित श्रेणी से नियुक्त सदस्य हैं। इनका कार्यकाल 18.04.2028 तक प्रभावी है अतः इनका नाम नवीन अधिसूचना में शेष कार्यकाल के लिए सम्मिलित किया गया है।

## मानसून सत्र में जनता के मुद्दे उठाएगी कांग्रेस, सुझाव देने वाट्सएप नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। इस सत्र में कांग्रेस प्रदेश की जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है।

इसी उद्देश्य से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आम नागरिकों से सुझाव और शिकायतें सीधे आमंत्रित करने की पहल की है। इसके लिए वाट्सएप नंबर और ईमेल जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कांग्रेस विधानसभा में किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों, आदिवासियों, दलितों और समाज के सभी वर्गों से जुड़े जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी तथा सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जनता की समस्याओं को सीधे विधानसभा तक पहुंचाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र की समस्याएं बता सकता है।

## महापौर मालती राय ने किया नारी शक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने रविवार को होटल विद्याश्री में आयोजित नारी शक्ति सम्मान-2026 (सीजन-3) कार्यक्रम में शामिल होकर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने सम्मानित महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम है। आज महिलाएं शिक्षा, व्यवसाय, सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

### वल्लभ भवन में डेढ़ दशक बाद पदोन्नति

## 461 कर्मचारियों को मिला प्रमोशन नई भर्तियों का मार्ग भी प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के सचिवालय वल्लभ भवन में करीब डेढ़ दशक बाद लिपिकीय कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने से कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी अच्छी खबर आई है। सरकार ने सहायक ग्रेड-2 और सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारियों की पदोन्नति सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही निचले स्तर के बड़ी संख्या में पद रिक्त होने से नई भर्ती का रास्ता भी साफ हो गया है।

जारी आदेश के अनुसार 301 सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-2 तथा 160 सहायक ग्रेड-2 कर्मचारियों को सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है। यानी कुल 461 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिला है। इन पदोन्नतियों के बाद बड़ी संख्या में रिक्त हुए पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सचिवालय में सहायक ग्रेड-3 के 600 से अधिक स्वीकृत पद हैं। वर्षों से पदोन्नति नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए या निधन हो गया, जिससे पद रिक्त हैं। अब पदोन्नति के बाद रिक्त पदों का विवरण मांगा जा रहा है। मप्र कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमेश चंद्र शर्मा ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।

### सात लाख वाहनों के लिए होगी तीन-स्तरीय पार्किंग

## सिंहस्थः पार्किंग और बिजली पर 1,163 करोड़ का रोडमैप, तीन बिजली लाइनें बिछाई जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंहस्थ-2028 को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने मेला क्षेत्र में पार्किंग और विद्युत व्यवस्था के लिए 1,163 करोड़ रुपए का विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। अनुमान है कि सिंहस्थ के दौरान सात लाख से अधिक वाहन उज्जैन पहुंचेंगे।

इसे देखते हुए तीन-स्तरीय पार्किंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित यातायात प्रबंधन और निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यापक योजना बनाई गई है। योजना के अनुसार, पार्किंग व्यवस्था पर करीब 400 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। लगभग 3,000 हेक्टेयर क्षेत्र में 21 स्थानों पर विशाल पार्किंग हब



विकसित किए जाएंगे। इनमें दोपहिया, चारपहिया और बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग व्यवस्था होगी। साथ ही विद्युत चालित (ईवी) वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे। सरकार ने मेला क्षेत्र में तीन-स्तरीय पार्किंग मॉडल तैयार किया है। पहली पार्किंग शहर के बाहरी क्षेत्र में, दूसरी मेला क्षेत्र से 7 से 10 किलोमीटर की दूरी पर और तीसरी पार्किंग कोर क्षेत्र के आसपास होगी।

### राष्ट्रीय, राज्य राजमार्गों को जोड़ा जा रहा है

मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 763 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके तहत तीन उच्च क्षमता वाली बिजली लाइनें बिछाई जाएंगी। सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे, उज्जैन-बदनावर कॉरिडोर सहित प्रमुख राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों को भी बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है।




### दतिया में कांग्रेस का प्रत्याशी तय करना आसान नहीं

दतिया विधानसभा सीट के लिए होने वाले उप चुनाव में कांग्रेस के लिए प्रत्याशी तय करना आसान नहीं है। कांग्रेस राजेंद्र भारती के प्रति सहानुभूति का लाभ लेने के उद्देश्य से उनकी पत्नी शोभा भारती को मैदान में उतारने का मन बना रही है, लेकिन अड़चन पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष अवधेश नायक हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले वे भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए थे और कांग्रेस ने अवधेश को प्रत्याशी भी घोषित कर दिया था, लेकिन बाद में उनका टिकट काट कर राजेंद्र भारती को दे दिया गया। अब अवधेश उस त्याग का प्रतिफल चाहते हैं। तीसरे दावेदार पूर्व विधायक घनश्याम सिंह हैं, लेकिन वे दौड़ में काफी पीछे हैं।

### दतिया में निर्णय से चौंकाएगा तो नहीं भाजपा नेतृत्व

दतिया विधानसभा सीट के लिए उप चुनाव की घोषणा के साथ प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और भाजपा नेतृत्व पर सबकी नजर है। भाजपा नेतृत्व द्वारा उन्हें पहले से संकेत मिल चुके हैं। लिहाजा, उप चुनाव की घोषणा के पहले से ही क्षेत्र में रह कर वे तैयारी कर रहे हैं। पर दूसरा सच यह भी है कि मौजूदा भाजपा नेतृत्व चौंकाने वाले निर्णय के लिए जाना जाता है। नरोत्तम के भाग्य ने साथ दिया तो दतिया से भाजपा के टिकट पर उनका मैदान में उतरना तय है। लेकिन, यदि मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर चौंकाने वाला निर्णय ले लिया तो कोई नया चेहरा भी मैदान में आ सकता है।

### दिग्विजय ने मांगा राम मंदिर को दिया चंदा

दिग्विजय सिंह की एक मांग हैरान करने वाली है। राम मंदिर में चंदा या दान की चोरी हुई है। इसकी एफआईआर हो और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दिया हुआ चंदा वापस मांगना कहां तक जायज है? दिग्विजय ने कहा है कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए एक लाख 10 हजार रुपए चंदा दिया था, उसे वापस किया जाए। ऐसी मांग कर वे मजाक का पात्र बन रहे हैं।

### दिग्विजय-जीतू में बंट गई कांग्रेस

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और दिग्विजय सिंह के बीच पटरी नहीं बैठ रही और प्रदेश की पूरी पार्टी इन दोनों के बीच बंट कर तलवारें भांज रही है। पर इस सिर फुटौव्वल के पीछे कोई है तो वे हैं दिग्विजय। पहले मीनाक्षी नटराजन मामले में उनके अपमान का मुद्दा बना कर समर्थकों ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बाद में जीतू ने एक ट्रस्ट को 500 करोड़ की जमीन एक रुपए में देने का आरोप लगाया तो दिग्विजय ने प्रेस कांफ्रेंस कर जीतू के आरोप को गलत बता दिया। बाद में संयुक्त पीसी में सफाई देने आ गए। अब जीतू के साथ वाले दिग्विजय को घेर रहे हैं और दिग्विजय के समर्थक जीतू से लेकर हरीश चौधरी और राहुल गांधी तक को कठघरे में खड़ा कर रहे।

### भाजपा में अनुशासन के लिए चुनौती बने ये विधायक

विधायक पन्नालाल शाक्य भाजपा अनुशासन के लिए समस्या बने हुए हैं। शाक्य ने पहले सिंधिया समर्थक दो मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग कर डाली। बवाल मचने पर भाजपा मुख्यालय तलब किए गए तो कह दिया कि मंत्रियों से उनके कोई मतभेद नहीं हैं। भोपाल से वापस जाते ही फिर उनके तेवर बदले और कह दिया कि जिस तरह हवा और पानी को कोई नहीं रोक सकता, उसी तरह उन्हें भी कोई नहीं रोक सकता। फिर उनका एक वीडियो वायरल है। इसमें वे कह रहे हैं कि सिंधिया चापलूसों से घिरे रहते हैं। यह बात मैंने मंच से उनकी मौजूदगी में कही। हमारा काम अपने नेता को सचेत करना और बचाना है, लेकिन, वे चापलूसों के चक्कर में रहेंगे तो हम उनको कब तक बचा पाएंगे?

\- दिनेश निगम 'त्यागी'

### सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने पर सहकारी सप्ताह समारोह आयोजित

# मप्र बनेगा देश में महिलाओं की सोसाइटी बनाने वाला अग्रणी राज्य : मंत्री सारंग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि मप्र देश में महिलाओं की सोसाइटी बनाकर अग्रणी राज्य बनेगा। इस नवाचार की शुरूआत अगले माह से की जाएगी। सारंग रविवार को अपेक्स बैंक में आयोजित 'सहकारी सप्ताह' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जल्द ही बीज के मामले में भी लीड करेगा। इसके पहले कम्प्यूटराइजेशन के साथ पिछले साल ऑनलाइन ऑडिट में भी मध्यप्रदेश का सहकारिता विभाग आगे रहा। यही नहीं मध्यप्रदेश ऑनलाइन केसीसी देने वाला पहला राज्य भी बना है। सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारी सप्ताह समारोह में मंत्री सारंग ने कहा कि सहकारिता में अधिकारी-कर्मचारी समाज के उन्नयन के लिए योगदान दे रहे हैं। साथ ही अलग-अलग आयामों पर काम किया जा रहा है।

### उत्कृष्ट कार्य पर संस्थाओं एवं व्यक्तियों को किया पुरस्कृत



### राष्ट्र के उन्नयन में राज्य का समावेश जरूरी

मंत्री सारंग ने कहा कि राष्ट्र के उन्नयन में राज्य का समावेश होना जरूरी है। किसान, जवान, विज्ञान और अनुसंधान के जरिए सहकारिता आंदोलन को नई दिशा दी जा रही है। कॉर्पोरेट और को-ऑपरेटिव को जोड़कर नई अवधारणा बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी का ठीक ढंग से निर्वहन किया।

### सप्ताह के दौरान जिलों में भी हुए उत्साहवर्धक कार्यः यादव

अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि सहकारिता सप्ताह के दौरान जिलों में भी उत्साह के साथ कार्यक्रम हुए। इस दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण भी किया गया। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। अमानत संग्रहण लक्ष्य के विरुद्ध पूर्ति में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक विदिशा को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दतिया को 15 हजार रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दतिया को 11 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। अपेक्स सदस्यता महाभियान में सर्वप्रथम लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक झाबुआ को सम्मानित किया गया।



भोपाल में यूं तो दिनभर बादलों का डेरा रहा, लेकिन शाम होते-होते इनका रंग और गहरा होता गया और पूरे शहर में एक बार फिर झूमते हुए बरसते रहे। फोटोजर्नलिस्ट जसप्रीत सिंह

### हाउसिंग बोर्ड ने शिविर लगाया तो एक भी परिवार विस्थापन के लिए तैयार नहीं

# जर्जर आवासों में रहने वाले 600 परिवार घर छोड़ने को तैयार नहीं, मुश्किल में बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के ऐशबाग स्थित जनता क्वार्टर के 600 जर्जर मकानों में रहने वाले परिवारों को नगर निगम हर साल नोटिस दे रहा है। पांच साल पहले डेंजर भी घोषित कर दिए, लेकिन अब भी यहां 1500 से ज्यादा लोग अपनी जान जोखिम में डालकर रह रहे हैं, लेकिन आवास खाली करने को तैयार नहीं। हाउसिंग बोर्ड ने निगम आयुक्त के द्वारा पत्र मिलने के बाद क्षेत्र में शिविर भी लगाया, लेकिन एक भी परिवार विस्थापन के लिए तैयार नहीं हुआ। जबकि उक्त स्थान के लिए प्रस्तावित आवासीय प्रोजेक्ट के पूरा होने में लगने वाले समय के दौरान बोर्ड द्वारा किराया देने का प्रावधान है। इसके चलते बोर्ड प्रशासन मुश्किल में फंस गया है। अब अधिकारी रहवासियों को पूरी योजना के बारे में विस्तार से बताने की बात कह रहे हैं ताकि लोगों के मन में संदेह दूर हो सके।

इन आवासों का निर्माण 40 साल पहले हाउसिंग बोर्ड ने किया था। जबकि 4 साल पहले निगम का अमला, पुलिस और जिला प्रशासन के कर्मचारियों के साथ मकानों को गिराने भी पहुंचा था, लोगों के विरोध के बाद तीन दिन में मकान खाली करने की चेतावनी देकर वापस चला गया। तब से इस ओर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया।

हरिभूमि पड़ताल

**जर्जर आवासः निगम आयुक्त ने बोर्ड प्रशासन को लिखा था पत्र**

**बोर्ड बोला, जब तक नए आवास नहीं, किराया देने का प्रावधान**

### निगम आयुक्त जैन ने लिखा- जर्जर आवास तोड़े हाउसिंग बोर्ड



जर्जर आवासों की खिड़कियों के छज्जे गिर चुके हैं, दीवारें कमजोर हो चुकी हैं।

ऐशबाग क्षेत्र में 600 ईडब्ल्यूएस आवास हैं। इन आवासों के रहवासियों की जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने आयुक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अद्योसंरचना विकास मंडल को पत्र लिखकर जर्जर क्वाटर्स के रहवासियों को विस्थापित कर जर्जर भवनों को तोड़ने-संधारण की कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया था।

### हाउसिंग बोर्ड का तर्क- परिवार आवास खाली करने को तैयार नहीं

मप्र हाउसिंग बोर्ड के जनसंपर्क अधिकारी प्रशांत मिश्रा का कहना है कि जनता क्वार्टर में परिवारों के विस्थापन के लिए कैंप लगाया था, लेकिन कोई भी परिवार विस्थापन के लिए तैयार नहीं हुआ। लोगों ने अपनी सहमति नहीं दी। परिवार आवास खाली करें तो बोर्ड अपने प्रस्तावित प्लान पर काम शुरू करे।



आवास इतने खोखले हो गए हैं कि इसकी दीवारों पर पेड़ उग आए हैं।

### बाइक टक्कर विवाद के बाद जान बचाने होटल में पहुंचा था युवक

# तलवार-चाकू लेकर होटल में घुसे दर्जनभर बदमाश, 3 युवक और कर्मचारी पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया की होटल जैन ब्रदर्स में शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक दर्जन सशस्त्र बदमाशों ने होटल में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। जान बचाने होटल में घुसे तीन युवकों पर आरोपियों ने तलवार-चाकू, हॉकी व बेसबॉल बैट से हमला कर दिया। हमलावरों ने होटल के कर्मचारी को भी नहीं छोड़ा उसके साथ भी बेहरमी से मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया है। हमले में एक युवक को गंभीर चोट हैं उसका एम्स में इलाज चला रहा है। एक अन्य युवक भी हमले में लहूलुहान हो गया। पूरा घटनाक्रम होटल में लगे कैमरे में कैद हुआ है।

पुलिस के अनुसार बंगरसिया मिसरोद निवासी लीलाधर कुशवाहा (24) मंडीदीप की एक फैक्ट्री में काम करता है। शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह फैक्ट्री में ड्यूटी करने के बाद तीन दोस्तों सोनू पाल और सौरभ मेहरा के साथ खाना खाने जैन ब्रदर्स होटल जा रहा था। इस बीच होटल से कुछ दूर तुलसी अस्पताल के आसपास अलग-अलग बाइक से आए कुछ युवकों ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए लीलाधर व उसके दोस्तों की बाइक को टक्कर मार दी। बाइक का हैंडल लगने से लीलाधर और उसके दोस्त सड़क पर गिर गए। लीलाधर ने आरोपियों का विरोध किया तो वह मारपीट करने लगे। जान बचाते हुए तीनों दोस्त जैन ब्रदर्स होटल में घुस गए। उन्हें लगा कि आरोपी अब नहीं आएंगे और वह होटल में बैठकर खाना आर्डर करने लगे। कुछ ही देर बाद दर्जनभर बदमाश तलवार, चाकू, हॉकी और बेसबॉल का बैट लेकर होटल में घुस आए। आरोपी सौरभ पाल ने लीलाधर कुशवाहा को पकड़ लिया।



युवक से मारपीट करते बदमाश। इनसेट में घायल युवक।

#### युवकों के गले, कंधे में गंभीर चोट

इसके बाद आरोपियों ने लीलाधर के साथ मारपीट शुरू कर दी। लीलाधर को बचाने सोनू पाल और सौरभ मेहरा सहित होटलकर्मी रामेश्वर साहू पहुंचे तो आरोपियों ने हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लीलाधर को गले व कंधे सहित शरीर के अन्य हिस्सों में धारदार हथियार से चोट आई है। होटल कर्मचारी रामेश्वर साहू को भी चोटें आई हैं। दोनों को एम्स में भर्ती कराया गया है। पूरा घटनाक्रम होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। लीलाधर के साथ होटल के अंदर मारपीट करने के बाद उसे घसीटते हुए बाहर लाकर भी धारदार हथियार से वार किए गए हैं। पुलिस ने लीलाधर कुशवाह की शिकायत पर आरोपी सौरभ पाल, आर्यन मीणा, विवेक, चेतन पाल और अनिकेत गुर्जर पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### सेना-आपदा एजेंसियां करेंगी संयुक्त अभ्यास

## बड़े तालाब में आज सेना का बाढ़ से जंग का लाइव डेमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संभावित बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियां परखने भारतीय सेना सोमवार को शहर के बड़े तालाब स्थित खानूगांव सेलिंग नोड पर 'एक्स बाढ़ व्यवस्था' का आयोजन करेगी। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा ताकि आपात स्थिति में एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। यह वार्षिक सैन्य अभ्यास भारतीय सेना के 3 ईएमई सेंटर की 4 टेक ट्रेनिंग बटालियन के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें सेना की इकाइयों के साथ नागरिक आपदा प्रबंधन एजेंसियां भी भागीदारी करेंगी। इसमें नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीईआरएफ), डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (डीएमआई), स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एसडीएमए), होमगार्ड तथा राज्य प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे।

**औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर ट्रैफिक दबाव हुआ कम, रूट डायवर्ट करने से बढ़ गई थी मुश्किलें**

## राहत...बीस दिन बाद गोविंदपुरा से जेके रोड तक का मेट्रो निर्माण के लिए बंद रास्ता खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के रायसेन रोड पर चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के चलते गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के मेन गेट से बंद किया गया रास्ता 20 दिन बाद निर्माण एजेंसी से खोल दिया है। पहले रूट डायवर्ट किया गया था। जबकि पहले दिन रास्ता बंद करने से छह घंटे से ज्यादा समय लोगों को जाम में फंसना पड़ा था। इसी तरह जेके रोड से आईटीआई तिराहे तक दोनों लेन आवाजाही के लिए खोल दिए गए।

बीस दिन पहले अचानक रायसेन रोड पर रास्ता बंद करने से गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई थी। करीब छह घंटे जाम लगने के बाद मौके पर पुलिस के आला अधिकारियों को पहुंचना पड़ा था। तब से वाहन चालक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया की अंदरुनी सडकों से आवाजाही कर रहे थे।

#### बिजली कंपनी के गेट के सामने रूट डायवर्ट किया



जेके रोड खुलने से वाहन चालकों ने ली राहत की सांस।

गोविंदपुरा में मेट्रो का निर्माण के चलते बिजली कंपनी के मुख्यालय के गेट के सामने रूट डायवर्ट किया गया है। मेट्रो प्रशासन के अनुसार रायसेन रोड पर मेट्रो के निर्माण के लिए पिलर बनाने का काम चल रहा है, जबकि पिपलानी में गार्डर लांच हो रहे हैं। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ रहा है रूट को नियमानुसार डायवर्ट किया जा रहा है और काम पूरा होने के बाद रास्ता खोला जा रहा है।

### जिला प्रशासन अफसर रहेंगे मौजूद

## बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में कब्जा हटाने की कार्रवाई आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला प्रशासन सोमवार को बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में बड़ी कार्रवाई कर सकता है। यह कार्रवाई बोट क्लब क्षेत्र में होगी जहां 26 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए थे। कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी, नगर निगम की अतिक्रमण टीमें और पुलिस बल मौजूद रहेगा। उल्लेखनीय है कि बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमणों पर प्रशासन का बुलडोजर शनिवार से चलना शुरू हुआ था। जिला प्रशासन कैचमेंट एरिया से पूरी से अतिक्रमण हटाने के मूड में है। बताया जा रहा है कि सोमवार को होने वाली कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली गई है।



प्रतीकात्मक चित्र।

### परिसर के रहवासियों का फूटा गुस्सा, आवासीय रखरखाव समिति पर अनियमितताओं के लगाए आरोप

# पानी, सीवेज, पाइपलाइन और सफाई जैसी समस्याओं घिरा गौरीशंकर कौशल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर बर्रई में रविवार को रहवासियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिसर की मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति और गौरीशंकर कौशल परिसर आवासीय रख-रखाव समिति मर्यादित के कामकाज को लेकर नाराजगी जताई गई। बड़ी संख्या में मौजूद रहवासियों ने पानी, सीवेज, पाइपलाइन और सफाई जैसी समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। रहवासियों ने बताया कि कई मकानों की छत पर लगी पानी की टंकियों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। पूरे परिसर में अधिकांश ब्लॉकों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने, सीपेज, गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है। उनका कहना है कि परिसर को बीडीए से नगर निगम को सौंपे जाने के बाद समस्याएं और बढ़ गई हैं, लेकिन समाधान नहीं हो रहा।

**आवासीय रख-रखाव समिति के काम को लेकर बैठक में नाराजगी**

**नगर निगम को सौंपे जाने के बाद परिसर में बढ़ीं समस्याएं**

#### समिति पर आर्थिक अनियमितताओं के भी आरोप...



भवनों के कोनों में गंदगी पड़ी रहती है।

बैठक में महेंद्र चौरे, महेश वशिष्ठ, प्रदीप साहू ने समिति पर आर्थिक गड़बड़ी के भी आरोप लगाए। उनका कहना है कि बिना आमसभा और प्रस्ताव पारित किए करोड़ों के टेंडर जारी किए जा रहे हैं। साथ ही परिसर में बसों और ट्रकों से अवैध पार्किंग शुल्क वसूले जाने का भी आरोप लगाया। रहवासियों ने दावा किया कि नगर निगम के अधीन 9 शेडनुमा कमरों को किराये पर देने समिति ने विज्ञप्ति जारी की है, जबकि इसके लिए संबंधित विभाग की अनुमति जरूरी होती है।

#### हर माह मेंटेनेंस की राशि देने के बाद भी टूटी पाइप लाइनें

बैठक में बताया गया कि समिति एलआईजी फ्लैटों से 500 रुपए और ईडब्ल्यूएस फ्लैटों से 288 रुपए प्रतिमाह रखरखाव शुल्क लेती है। इसके बावजूद खुले सीवेज, टूटी पाइपलाइन, साफ सफाई नहीं होना, सीपेज, रिसाव और जर्जर सुविधाओं की समस्या वर्षों से बनी हुई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस सप्ताह नगर निगम, बीडीए और पुलिस कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया जाएगा। रहवासियों ने समिति के कार्यों का ऑडिट कराने, कथित आर्थिक गड़बड़ियों की जांच, दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, पेयजल पाइपलाइन बदलने, सभी फ्लैटों की सीपेज समस्या दूर करने और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) जल्द शुरू करने की मांग की।



बैठक में मौजूद रहवासी समिति के सदस्य।

#### समिति अध्यक्ष बोले-रहवासियों के आरोप बेबुनियाद

रहवासी समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सराठे का कहना है कि रहवासियों ने बैठक में जो आरोप लगाए हैं, वो पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। हमारे पास सभी रिकॉर्ड मौजूद है। हमारे पास 11 लोगों की टीम है, जिनमें से 7-8 लोग नियमित काम कर रहे हैं। पानी की समस्या जल्दी दूर हो जाएगी। एलआईजी 10 से 18 तक पानी की पाइप लाइन चीनी मिट्टी की है, इसलिए कभी-कभी टूट जाती है, हमने महापौर को लिखित आवेदन दिया है, जल्द ही पाइप लाइन बदली जाएंगी।

## पेज एक का शेष....

### बादल...बारिश...

तक कुल 325.8 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य से 138 मिमी अधिक है। शाम 5 बजे से साढ़े 5 बजे के बीच अरेरा हिल्स में बौछारें पड़ीं, जबकि बैरागढ़ में 2 मिमी बारिश दर्ज हुई। पिपलानी, भानपुर, अयोध्या नगर, एमपी नगर के कुछ हिस्सों में करीब आधे घंटे झमाझम बारिश से करीब 10 मिमी बारिश का आंकड़ा पार होने की उम्मीद है।

### यहां जमकर बरसे ...

राजगढ़, दमोह, पन्ना, सतन, मैहर, शाजापुर, बैतूल, नर्मदापुरम, अनुपपुर, छतरपुर, उमरिया, रीवा, निवाड़ी, टीकमगढ़, इंदौर, देवास, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, हरदा, कटनी, सीधी, सिंगरौली में भी हल्की बारिश दर्ज हुई।

### आज यहां अति...

होगी। भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, खरगौन, झाबुआ, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर में सामान्य बारिश होगी।

### शिवपुरी में बनेंगी ...

जाकर द्वारिकाधीश नहीं हुए, तब तक आनंद नहीं आया। चाहे महात्मा गांधी का समय हो, सरदार वल्लभ भाई पटेल का समय हो, या नरेंद्र मोदी-अमित शाह का समय हो, गुजरात जो करता है सबसे अलग करता है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी से डिफेंस का नया अध्याय शुरू हो रहा है। यहां से जो मिसाइल बनेगी, वो लंबी दूरी तय करके दुश्मन के देश में गिरेगी और भारत का मान-सम्मान बढ़ाएगी। आज हमारा ये सपना भी साकार हो रहा है। इस प्रोजेक्ट से करीब 5 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। अदाणी समूह के युवा नेतृत्व जीत अडाणी ने कहा कि यहां मिशन रेडी मिसाइल बनाई जाएंगी। मध्यप्रदेश सबसे तेजी से विकास कर रहा है। डॉ. मोहन यादव की मेहनत का परिणाम है कि यह राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### सांदीपनि विद्यालय देश...

जाते वक्त कुछ हाथ में नहीं दिया। सुदामा की आंखें नीची न हों, इसके लिए पीठ पीछे उनका महल बनवा दिया। उन्होंने कहा कि हम दोनों के गुरु के नाम पर प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय बनवा रहे हैं। हमारा सांदीपनि विद्यालय देश का सबसे अच्छा स्कूल है।

### शिवपुरी नया सितारा ....

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों का विश्वास जीता है।

### चंपत राय और...

से पूछताछ करेगी। बैठक में इस मामले की जांच कर रही एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की जाएगी। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि किया वे इस मामले पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा दिए गए बयान से पूरी तरह सहमत हैं।

### विज्ञापनों में अश्लील ....

शोषण से जुड़े वीडियो और विज्ञापनों को प्रमोट कर रहा है। रेप वीडियो जैसे कीवर्ड्स वाले ये विज्ञापन यूजर्स को टेलीग्राम चैनलों पर ले जा रहे थे, जहां ऐसी अश्लील सामग्री बेची जा रही थी। सरकार ने मेटा को ऐसी सभी सामग्री तुरंत हटाने का आदेश दिया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, चूंकि मेटा ने इन पेड विज्ञापनों से राजस्व (कमाई) हासिल किया है, इसलिए वह तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) की सामग्री होने का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गौरीशाह बाबा दरगाह...

सामग्री को ले जाकर पास ही नदी किनारे फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थिति संवेदनशील हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाला। शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में सोहागपुर और माखननगर थाने सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धार्मिक स्थल में तोड़फोड़, चोरी और धार्मिक भावनाएं भड़काने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और साइबर टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। एसडीओपी संजू चौहान के अनुसार, संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मुस्लिम समुदाय ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### ज्ञानेश कुमार ने ...

ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का संकल्प लिया था, जो 2026 में ओंकारेश्वर आकर संपन्न हुआ। उन्होंने देशवासियों को अध्यात्म का संदेश देते हुए कहा कि अध्यात्म जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संतुलन लाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सहभागिता की अपील की।

### अधिक मरीज वाले...

के क्षेत्रों की मैपिंग की गई है, जिसके तहत कुछ डॉक्टरों को कॉलेज से 276 किलोमीटर दूर तक भेजा जा सकता है। गांधी मेडिकल कॉलेज (भोपाल) और एमजीएम मेडिकल कॉलेज (इंदौर) के डॉक्टरों को उनके नजदीकी चिन्हित जिलों में भेजा जाएगा। राहत की बात यह है कि महिला और दिव्यांग कैंडिडेट्स को नजदीकी अस्पतालों में ही पोस्टिंग देने की प्राथमिकता रहेगी।

**नहीं मिलेगा आवास भत्ताः** नई पॉलिसी के तहत डॉक्टरों का आवास भत्ता बंद कर दिया गया है। ड्यूटी के दौरान उन्हें रहने और खाने की व्यवस्था खुद करनी होगी। जिला प्रशासन केवल सुरक्षित आवासों की एक सूची उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा, जिला अस्पतालों में मेंटर और रेजिडेंट डॉक्टरों का अनुपात 1:3 निर्धारित किया गया है।

### मंचों पर अब ..

बाहर लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एम्स पहुंचे। यहां से पार्थिव शरीर को उनके पुस्तैनी गांव गनियारी ले जाया गया और राजकीय सम्मान के अंतिम संस्कार किया गया। तीजन बाई जीवन के आखिरी पड़ाव में काफी कठिन दौर से गुजरीं। बड़े बेटे की मौत के सदमे के बाद उन्होंने अपनी ब्लड प्रेशर की दवाई लेना बंद कर दिया था, जिसके कारण साल 2024 में उन्हें अचानक पैरालिसिस यानी लकवा मार गया। तब से वह लगातार बीमारी चल रही थीं, जिसके कारण उनका शरीर बहुत कमजोर हो गया था और वह लंबे समय से बिस्तर पर थीं। हाल ही में फेफड़ों में पानी भरने, निमोनिया और लो ब्लड प्रेशर की शिकायत होने के बाद उन्हें 27 मई को एम्स रायपुर के क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान 4 जुलाई की रात 3:15 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। तीजन बाई के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, छग सीएम विष्णुदेव साय, मप्र सीएम डॉ. मोहन यादव, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धाजलि अर्पित की है। 70 साल की तीजन बाई के निधन से कला जगत में शोक की लहर है। तीजन बाई का दुर्ग जिले के गनियारी गांव के साधारण परिवार में 8 अगस्त 1956 को जन्म हुआ। उन्होंने बचपन में नाना बृजलाल पारधी से महाभारत की कथाएं सुनकर पंडवानी सीखनी शुरू की। उमेद सिंह देशमुख से प्रशिक्षण लिया। खड़े होकर महाभारत की कथा सुनाने को कापालिक शैली कहा जाता है। पांडवों की कथा में गायन से नाम पड़ा पंडवानी लोकगायन पड़ा। इसमें कलाकार भीम, अर्जुन, द्रौपदी, कर्ण और अन्य पात्रों के प्रसंगों का मंचन करता है। मुख्य कलाकार के हाथ में एकतारा और तंबूरा होता है।

कुछ कलाकार भीम की गदा, अर्जुन के धनुष और कभी अन्य प्रतीकों के रूप में भी इस्तेमाल करते हैं। गनियारी गावं के हायर सेकंडरी स्कूल का नाम अब पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई के नाम पर होगा। इसकी घोषणा शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव ने रविवार को की।

### 13 वर्ष की ...

अपने हाव-भाव और अभिनय से अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने भारत एक खोज सीरियल में महाभारत से जुड़े अंशों की प्रस्तुति दी थी। 1980 के दशक से उन्होंने भारत के लगभग सभी राज्यों में अपनी प्रस्तुतियां दीं। साथ ही, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, तुर्की, ट्यूनीशिया, साइप्रस, रोमानिया, मॉरीशस समेत अनेक देशों में कार्यक्रम किए।

---

#### फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम और संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट को मिलेगा बढ़ावा

# बीएसएसएस ने किया फिलीपींस की यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू

अपना ग्लोबल एकेडमिक जुड़ाव किया मज़बूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज़ ने फिलीपींस की यूनिवर्सिटी ऑफ़ सैन कार्लोस के साथ रणनीतिक एमओयू करके ग्लोबल एकेडमिक जुड़ाव को मज़बूत किया। इंटरनेशनल लेवल पर एकेडमिक उत्कृष्टता और ग्लोबल सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हुए बीएसएसएस ने फिलीपींस के सेबू शहर में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ़ सैन कार्लोस के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।



बीएसएसएस और बीएसएसएस एलएएस डायरेक्टर डॉ. फादर जॉन थॉमस ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य फैकल्टी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट, नेटवर्किंग, पाठ्यक्रम बेहतर बनाना, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, क्षमता-निर्माण और अन्य विद्वतापूर्ण गतिविधियां हैं।

---

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री विजय कुमार बिल्लोरे पुत्र श्री शैलेन्द्र कुमार बिल्लोरे आयु -वयस्क निवासी- मकान नंबर 455, फेस-4 क्रिस्टल आइडियल सिटी अवधपुरी तहसील हुजूर, जिला भोपाल मप्र से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का प्लाट नंबर 124-बी पर एक मंजिला पक्का आर.सी.सी. की छत का निर्मित आवासीय मकान/सिंगलेक्स, जो खसरा नंबर 53, 54, 55, 72, 73 का अंश भाग होकर राधाकुंज कालोनी, ग्राम खजूरीकलां, वार्ड नंबर 61 तहसील हुजूर जिला भोपाल मप्र में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार है:- पूर्व में- कॉलोनी रोड, पश्चिम में- प्लाट नंबर 119-ए, उत्तर में- प्लाट नंबर 125-ए और दक्षिण में- प्लाट नंबर 124-ए। मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित आवासीय मकान/सिंगलेक्स को क्रय करने का अनुबंध विक्रेता से कर बयाना राशि अदा कर दी है। जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना शेष है।

यदि उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, शासकीय, अशासकीय कार्यालय, सोसायटी को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति कहीं रहन, बंधक, अनुबंधित, वसीयत, जमानत में प्रयुक्त हो अथवा वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में पेश करें। समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी और मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति की रजिस्ट्री अपने पक्ष में कराए जाने के लिए स्वतंत्र होंगें।

**आरएस अहिरवार** एडवोकेट
कार्या.- चेंबर नंबर -129 बीडीए लायर्स चेम्बर्स अरेरा हिल्स भोपाल
**मो. 9826380237**

---

### खंड-I
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### मध्यप्रदेश शासन
### कार्यालय - उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला - बैतूल, मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 3823/ ई-टेंडरिंग / 2026-27 दिनांक 01/07/2026

वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खिड़की ग्रिल | खिड़की ग्रिल (आयरन) बनवाई सहित कम्प्लीट (साईज आवश्यकतानुसार) प्रति कि.ग्रा | आवश्यकतानुसार | 9,000/- | 500/- |
| 2. | साईन बोर्ड | साईन बोर्ड (आयरन) पुताई लिखवाई एवं फ्रेम सहित कम्प्लीट (साईज आवश्यकतानुसार) प्रति कि.ग्रा | आवश्यकतानुसार | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 03/07/2026 शाम 05.00 PM बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

जी- 15307/26 स्वच्छता ही सेवा

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION • AFFORDABLE FEES • A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ • B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि उपभोक्ता है यहीं, विक्रय भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500- रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के। जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R- 01,02,05,06,08

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)
PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644, फोन नं. 0755-4049924

### राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

### शब्द पहेली - 6278



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

#### शब्द पहेली- 6277 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

### सूडोकु नवताल - 6288

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

#### सूडोकु नवताल- 6287 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# राष्ट्रीय बाजारों तक आसान पहुंचः सरकार की मंशानुरूप मंडी बोर्ड ने रखा स्मार्ट, डिजिटल और किसान-केंद्रित मंडी का विजन

## कृषि उपज मंडियों को व्यापक आधुनिकीकरण बनाने तैयार की महत्वाकांक्षी योजना : पुरुषोत्तम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने कृषि उपज मंडी समितियों के व्यापक आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य प्रदेश की मंडियों को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और किसान-केंद्रित विपणन केंद्रों के रूप में विकसित करना है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य, त्वरित भुगतान और राष्ट्रीय बाजारों तक आसान पहुंच मिल सके। यह बात मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी)बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने कही।

मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार योजना के तहत ई-मंडी 2.0 को सभी 259 मंडियों और 298 उप मंडियों तक विस्तारित किया जाएगा। इसके अंतर्गत मंडी संचालन को पेपरलेस बनाने, एआई आधारित निर्णय प्रणाली लागू करने और डिजिटल लॉग एवं ऑडिट ट्रेल सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।


कुमार पुरुषोत्तम

नई व्यवस्था में ऑनलाइन किसान एंट्री, डिजिटल नीलामी, इलेक्ट्रॉनिक बिक्री प्रमाण पत्र, डिजिटल तौल प्रणाली, क्यूआर आधारित सत्यापन और मोबाइल आधारित मंडी संचालन जैसे फीचर्स शामिल किए जाएंगे।

ऑनलाइन किसान एंट्री, डिजिटल नीलामी, डिजिटल तौल प्रणाली, क्यूआर आधारित सत्यापन और मोबाइल आधारित मंडी संचालन जैसे फीचर्स

इस प्लेटफॉर्म में जियो-टैग प्रोड्यूस लिस्टिंग एआई आधारित कीमत पूर्वानुमान और ई-नीलामी जैसी नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी

### एमपी फार्म गेट एप का विस्तार




उन्होंने बताया कि एमपी फार्म गेट के माध्यम से किसानों को खेत, खलिहान और गोदाम से सीधे उपज बेचने की सुविधा दी जा रही है। अगले 5 वर्षों में इसके उपयोगकर्ताओं को 11 लाख से बढ़ाकर 15 लाख तक ले जाने और डिजिटल कृषि व्यापार को 40 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही एफपीओ इंटीग्रेशन को 100 फीसदी तक करने की योजना है। इस प्लेटफॉर्म में जियो-टैग्ड प्रोड्यूस लिस्टिंग, एआई आधारित कीमत पूर्वानुमान और ई-नीलामी जैसी नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

### आधुनिक मंडी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस, होंगे वन स्टॉप किसान सुविधा केंद्र स्थापित

मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक ने बताया कि प्रदेश में क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग यूनिट्स के बड़े नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। ए, बी, सी और डी श्रेणी की मंडियों के अनुसार 5 टीपीएच और 2 टीपीएच क्षमता के प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इससे कृषि उपज की गुणवत्ता, मूल्य और निर्यात क्षमता में सुधार होगा। सभी प्रमुख मंडियों को स्मार्ट मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां फ्री वाई-फाई, सीसीटीवी सर्विलांस, कमांड सेंटर, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, स्मार्ट पार्किंग, सोलर एनर्जी और स्मार्ट वॉटर मैनेजमेंट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हर मंडी में वन स्टॉप किसान सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां किसान पंजीयन, भुगतान जानकारी, फसल सलाह, बीमा और ऋण सहायता जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी।

### मप्र की कृषि विपणन व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल सिस्टम में उभर रही

उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में सभी मंडियों में शत-प्रतिशत कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा दिया जाएगा। यूपीआई, एईपीएस , नेट बैंकिंग और डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से तत्काल और पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार का दावा है कि इस व्यापक आधुनिकीकरण से मध्य प्रदेश की कृषि विपणन व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल सिस्टम के रूप में उभर सकती है।

---

## ग्लोबल पार्ट्स सेंटर का शिलान्यास

# हीरो मोटोकॉर्प का आंध्र प्रदेश में 3,200 करोड़ से अधिक का निवेश


शिलान्यास अवसर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने आंध्र प्रदेश में 3,200 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की घोषणा की है। कंपनी ने तिरुपति में अपने दूसरे ग्लोबल पार्ट्स सेंटर (जीपीसी) का शिलान्यास किया, जिस पर 750 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना तिरुपति को मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प राज्य के औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने कहा कि नया ग्लोबल पार्ट्स सेंटर रायल सीमा क्षेत्र में रोजगार, कौशल विकास और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा तथा तिरुपति को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल करेगा। हीरो मोटोकॉर्प के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. पवन मुंजाल ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य मेड इन इंडिया, फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड के विजन को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि नया सेंटर कंपनी की वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत करेगा और यह उनके पिता एवं कंपनी के संस्थापक डॉ. बृजमोहन लाल मुंजाल की 103वीं जयंती पर उन्हें समर्पित एक श्रद्धांजलि भी है। तिरुपति प्लांट में पहले से ही कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहनों की डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग हो रही है। नए निवेश के बाद प्लांट की उत्पादन क्षमता बढ़कर 12 से 15 लाख यूनिट प्रतिवर्ष तक पहुंचने की संभावना है।

---

## सस्ते आयात पर रोक और सीमा शुल्क बढ़ाने की मांग

# चेतावनीः उत्पादकों के 3 लाख करोड़ से अधिक के प्रस्तावित निवेश पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निवेश, रोजगार और सरकारी राजस्व प्रभावित होने का खतरा


देश से 88,400 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी मुद्रा बाहर गई

एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार से एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क बढ़ाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि सस्ते आयात और वैश्विक संरक्षणवादी नीतियों के कारण घरेलू उद्योग पर दबाव बढ़ रहा है, जिससे निवेश, रोजगार और सरकारी राजस्व प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए पत्र में एएआई ने कहा कि भारतीय एल्युमीनियम उद्योग इस समय दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। एक ओर एल्युमीनियम आयात तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक बाजारों में निर्यात के अवसर सीमित होते जा रहे हैं। ऐसे में घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बनाए रखने के लिए तत्काल नीतिगत हस्तक्षेप की जरूरत है।

### आवश्यक नीतिगत कदम जल्द उठाए जाएं

संगठन के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एल्युमीनियम का आयात बढ़कर 34.8 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जिससे देश से 88,400 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बाहर गई। एएआई का कहना है कि आयात में लगातार बढ़ोतरी से घरेलू उद्योग पर गंभीर दबाव बन रहा है।



एल्युमीनियम उद्योग का दावा है कि यह क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उद्योग से हर साल करीब 30,000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होता है, जबकि यह लगभग 8 लाख लोगों को रोजगार और 4,000 से अधिक एमएसएमई को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समर्थन प्रदान करता है। एएआई ने चेतावनी दी कि यदि सस्ते आयात पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो प्रमुख उत्पादकों के 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित निवेश पर असर पड़ सकता है। संगठन के मुताबिक, देश की प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 90 लाख टन प्रति वर्ष तक पहुंचाया जा सकता है और एक लाख से अधिक नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। संगठन ने सरकार से आग्रह किया है कि घरेलू उद्योग की सुरक्षा, निवेश को बढ़ावा देने के लिए एल्युमीनियम उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क बढ़ाने सहित आवश्यक नीतिगत कदम जल्द उठाए जाएं।

### सिर्फ रीपैकेजिंग, रीलेबलिंग या मामूली प्रोसेसिंग से नहीं मिलेगा 'मेड इन इंडिया' का दर्जा

सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल किसी आयातित उत्पाद की रीपैकेजिंग, री-लेबलिंग या मामूली प्रोसेसिंग करने से उसे 'मेड इन इंडिया' का दर्जा नहीं मिलेगा। किसी उत्पाद को भारतीय मूल का माना जाने के लिए देश में पर्याप्त स्तर का विनिर्माण या मूल्य संवर्धन होना आवश्यक है। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराना, भ्रामक दावों पर रोक लगाना और वास्तविक भारतीय निर्माताओं के हितों की रक्षा करना है। केवल पैकेज बदलने या नया लेबल लगाने से किसी विदेशी उत्पाद की उत्पत्ति नहीं बदल जाती। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि किसी उत्पाद को भारत में पर्याप्त रूप से निर्मित या परिवर्तित किया गया है और निर्धारित नियमों के तहत आवश्यक मूल्य संवर्धन हुआ है।

---

## 30वां स्थापना दिवस

# पीएनबी गिल्ट्स ने ऋण बाजार में उत्कृष्टता के 30 वर्ष पूरे किए



आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि और बैंक अधिकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक की सहायक कंपनी तथा एक स्वतंत्र प्राथमिक डीलर पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड ने अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कंपनी ने भारतीय ऋण बाज़ार तथा सरकारी प्रतिभूति पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में अपने तीन दशकों के उल्लेखनीय योगदान का स्मरण किया।

वर्ष 1996 में स्थापित पीएनबी गिल्ट्स ने सरकारी प्रतिभूतियों, ट्रेज़री समाधान, बाजार निर्माण, अभिग्रहण तथा ऋण पूंजी बाजार सेवाओं में अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से भारत के स्थिर आय बाजार को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आयोजित समारोह में अशोक चंद्र (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी,पीएनबी), पारीद सुनील (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पीएनबी गिल्ट्स), निदेशक मंडल के सदस्य, वरिष्ठ प्रबंधन, कर्मचारीगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। पीएनबी गिल्ट्स की विकास यात्रा उसकी सुदृढ़ वित्तीय स्थिति एवं बाज़ार नेतृत्व को प्रतिबिंबित करती है।

कंपनी की कुल निवल संपत्ति लगभग 1,700 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। ऋण पूंजी बाजार व्यवसाय में कंपनी ने शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त किया है तथा हाल ही में स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध होने के 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 1997 से वित्त वर्ष 2026 के दौरान कंपनी ने अपनी दीर्घकालिक स्वामित्व निधि में लगभग 13 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है, जो इसकी सतत वित्तीय मजबूती एवं अनुशासित विकास का प्रमाण है।

---

## बिजनेस न्यूज

### सोनालीका ने की सर्वाधिक 53,661 ट्रैक्टरों की बिक्री

**नई दिल्ली।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ समापन किया है और सिर्फ 3 महीनों में 50,000 ट्रैक्टर से अधिक बेचते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके साथ ही, कंपनी ने पहली तिमाही की अपनी अब तक की सर्वाधिक 53,661 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ 23.1 फीसदी की जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। उद्योग के प्रदर्शन (अनुमानित 18.3 फीसदी) को पीछे छोड़ते हुए, सोनालीका अप्रैल-जून 2026 के दौरान घरेलू बाज़ार में सबसे ज्यादा मार्केट शेयर में बढ़ोतरी हासिल करने वाली कंपनी भी बन गई है। रमन मित्तल, ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहाकि हमें गर्व है कि हमने सिर्फ 3 महीनों में 50,000 ट्रैक्टर की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है और अब तक की सर्वाधिक 53,661 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है। 23.1 फीसदी की जबरदस्त कुल वृद्धि के साथ, हमने उद्योग की वृद्धि (अनुमानित 18.3 फीसदी) को भी पीछे छोड़ दिया है और घरेलू बाजार में सबसे ज्यादा मार्केट शेयर में बढ़ोतरी हासिल करने वाली कंपनी हैं।



### उद्यमिता विकास को नई गति देने ईडीआईआई ने नए केंद्र की शुरुआत की

**अहमदाबाद।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने तेलंगाना में उद्यमिता विकास को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से हैदराबाद में एक नए केंद्र की स्थापना की है। आज इस केंद्र का आभासी (वर्चुअल) माध्यम से उद्घाटन ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने किया। यह पहल राज्य में स्व-रोजगार, नवाचार, स्टार्टअप्स और एमएसएमई को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण आधारशिला साबित होगी।यह केंद्र तेलंगाना में ईडीआईआई के संचालन केंद्र के रूप में कार्य करेगा और राज्यभर के शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक संगठनों, उद्यमिता सहयोगी संस्थाओं तथा उद्यमियों के साथ अधिक प्रभावी और निकट सहयोग स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही, यह केंद्र उद्योग विभाग के साथ सार्थक साझेदारी के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न पहलों को गति प्रदान करेगा। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहाकि तेलंगाना आज भारत के सबसे गतिशील उद्यमशील राज्यों में से एक बनकर उभरा है। हमारा उद्देश्य स्थानीय हितधारकों के साथ मिलकर एक मजबूत और समावेशी उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है, जो तेलंगाना के प्रत्येक जिले तक पहुंचे और राज्यभर के युवाओं, महिलाओं तथा उद्यमी बनने वाले लोगों के लिए नए अवसर सृजित करे।

### श्याम धनी ने रखा 300 करोड़ रुपए टर्नओवर का लक्ष्य

**जयपुर।** श्याम धनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अगले तीन वर्षों में 300 करोड़ का व्यवसायिक टर्नओवर हासिल करने के लिए एक महत्वाकांक्षी विकास रोडमैप की घोषणा की है। कंपनी अपने 'श्याम' ब्रांड के तहत 163 से अधिक प्रकार के मसाले जनरल ट्रेड, मॉडर्न ट्रेड, क्विक कॉमर्स, एक्सपोर्ट, प्राइवेट लेबल और होरेका सेगमेंट में उपलब्ध कराती है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 के 146.22 करोड़ के टर्नओवर के आधार पर, जिसमें 17 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, आगामी वर्षों में 25—30 फीसदी वार्षिक वृद्धि दर हासिल करना है। श्याम धणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड की विकास रणनीति घरेलू बाजार में अपने रिटेल और ई-कॉमर्स नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात उपस्थिति का विस्तार करने पर केंद्रित है।

### अमेजन का 10वां प्राइम डे शुरू, 72 घंटे तक बंपर डील्स

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया का 10वां प्राइम डे सेल शुरू है जो 6 जुलाई की रात 11.59 बजे तक चलेगा। इस दौरान प्राइम मेंबर्स को स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एंड किचन, ग्रॉसरी समेत विभिन्न कैटेगरी में 72 घंटे तक आकर्षक ऑफर्स, नए प्रोडक्ट लांच और तेज डिलीवरी का लाभ मिल रहा। 10वें प्राइम डे के अवसर पर अमेजन नए ग्राहकों को वार्षिक प्राइम मेंबरशिप मात्र 999 रुपए में उपलब्ध है, जिसमें 500 रुपए की छूट दी जा रही है। इसके अलावा प्राइम लाइट और शॉपिंग एडिशन पर भी विशेष छूट का लाभ मिल रहा है। सेल के दौरान एसबीआई डेबिट-क्रेडिट कार्ड, एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10 प्रतिशत तक इंस्टेंट डिस्काउंट मिल रहा है। वहीं अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर 5 प्रतिशत अनलिमिटेड कैशबैक और अमेजन पे लेटर के जरिए 1,500 रुपए से अधिक की खरीदारी पर ब्याज-मुक्त पे इन 3 ईएमआई सुविधा भी उपलब्ध है।




**ज्यादा बचत, कैशबैक और नो-कॉस्ट ईएमआई का भी लाभ**-सोमवार 6 जुलाई तक आयोजित अमेजन का प्राइम डे 2026 में ग्राहकों को एक्सक्लूसिव डील्स, नए प्रोडक्ट लॉन्च और आकर्षक ऑफर्स के साथ-साथ अमेजन पे के जरिए अतिरिक्त कैशबैक, रिवॉर्ड्स और आसान भुगतान विकल्पों का भी लाभ मिलेगा। अमेजन के अनुसार, सबसे पहले ग्राहकों को अपनी प्राइम मेंबरशिप एक्टिव रखनी होगी, जिससे वे एक्सक्लूसिव डील्स, फ्री डिलीवरी और अतिरिक्त कैशबैक ऑफर्स का फायदा उठा सकें। प्राइम डे के दौरान 1,500 रुपए से अधिक की खरीदारी पर ग्राहक पे-इन-थ्री विकल्प चुनकर बिना किसी ब्याज के तीन समान मासिक किस्तों में भुगतान कर सकते हैं। इस सुविधा पर कोई प्रोसेसिंग फीस या छिपा हुआ शुल्क नहीं लिया जाएगा।

---

## संस्थागत उधारकर्ताओं से आगे निकले कारोबारी, बिजनेस लोन का बकाया 1.8 गुना बढ़ा

# तीन साल में उद्यमियों के बिजनेस लोन में हुई तेज बढ़ोतरी

*व्यक्तिगत उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत और संस्थागत उधारकर्ताओं की 72 प्रतिशत रही*



एजेंसी ▶▶ मुंबई

ट्रांसयूनियन सिबिल और स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) की नवीनतम एमएसएमई पल्स रिपोर्ट के अनुसार, भारत के वाणिज्यिक ऋण बाजार में व्यक्तिगत उद्यमियों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है।

रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन वर्षों में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को मिलने वाले बिजनेस लोन की वृद्धि संस्थागत उधारकर्ताओं की तुलना में अधिक रही है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2023 से मार्च 2026 के बीच व्यक्तिगत उधारकर्ताओं के बिजनेस लोन का बकाया 1.8 गुना बढ़ा, जबकि कंपनियों और अन्य संस्थागत उधारकर्ताओं के लोन में 1.5 गुना की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च 2026 तक कुल वाणिज्यिक ऋण बकाया 65.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक वर्ष पहले की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। कुल कमर्शियल लोन में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत और संस्थागत उधारकर्ताओं की 72 प्रतिशत रही।

### 4.4 करोड़ सक्रिय वाणिज्यिक ऋण खाते 2.8 करोड़ व्यक्तिगत उधारकर्ताओं के लोन

रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 4.4 करोड़ सक्रिय वाणिज्यिक ऋण खाते हैं, जबकि 2.8 करोड़ व्यक्तिगत उधारकर्ताओं के पास सक्रिय बिजनेस लोन मौजूद हैं। इनमें से 43 प्रतिशत ऐसे हैं जिनका क्रेडिट इतिहास 24 महीने से कम का है, जो नए उद्यमियों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एमएसएमई सेक्टर में औपचारिक ऋण पहुंच बढ़ाने की अभी भी बड़ी संभावनाएं हैं, क्योंकि वर्तमान में केवल 41 प्रतिशत वाणिज्यिक उद्यमों को ही संस्थागत या औपचारिक ऋण की सुविधा मिल रही है। वित्तीय संस्थानों की बात करें तो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के कुल कमर्शियल लोन पोर्टफोलियो का 48 प्रतिशत हिस्सा व्यक्तिगत उधारकर्ताओं से जुड़ा है। इसके बाद 24 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निजी बैंक दूसरे स्थान पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2026 तक कमर्शियल लोन पोर्टफोलियो का प्रदर्शन स्थिर रहा और डेलिनक्वेंसी दर 1.8 प्रतिशत पर बनी रही। हालांकि, कुछ विशेष उधारकर्ता वर्गों में शुरुआती जोखिम के संकेत भी सामने आए हैं।

---

### जेट फ्यूल की जगह लेगा सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल, प्रदूषण होगा कम

**नई दिल्ली।** अब विमानन क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। दक्षिण कोरिया ने एथेनॉल आधारित सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल को बढ़ावा देने का फैसला किया है। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल पारंपरिक पेट्रोलियम आधारित जेट फ्यूल का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है। इसे एथेनॉल, कृषि अवशेष, इस्तेमाल किए गए कुकिंग ऑयल और अन्य जैविक स्रोतों से तैयार किया जा सकता है। इस ईंधन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि विमानों से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है। दक्षिण कोरिया सरकार ने विमानन क्षेत्र में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने की नई रणनीति अपनाई है।

---

## उद्योग जगत ने की सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

# यूरोपीय संघ के कार्बन टैक्स से भारतीय एमएसएमई पर बढ़ा संकट

नए कार्बन टैक्स नियमों के कारण छोटे निर्यातकों पर अनुपालन का भारी बोझ पड़ेगा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म को लेकर भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई ) की चिंता बढ़ गई है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि नए कार्बन टैक्स नियमों के कारण छोटे निर्यातकों पर अनुपालन का भारी बोझ पड़ेगा, जिससे उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है।

इसे देखते हुए विशेषज्ञों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप, तकनीक हस्तांतरण और वित्तीय सहायता की मांग की है। पीएचडीसीसीआई के कार्बन शिफ्ट इंडिया 2026 सम्मेलन के दौरान द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो आरआर रश्मी ने कहा कि बड़े उद्योगों के पास नई आवश्यकताओं को पूरा करने की कुछ तकनीकी और वित्तीय क्षमता है, लेकिन एमएसएमई के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही रिपोर्टिंग एवं सत्यापन की आवश्यक व्यवस्था। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा आयातित कार्बन-गहन उत्पादों पर लगाया जा रहा सीबीएएम भारतीय इस्पात और एल्यूमीनियम जैसे निर्यात आधारित क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित कर सकता है। इससे देश के विनिर्माण तंत्र में व्यापक संरचनात्मक बदलाव की जरूरत महसूस हो रही है।

### राष्ट्रीय स्तर पर सहायता कोष की मांग

आरआर रश्मी ने सुझाव दिया कि सरकार कार्बन उत्सर्जन की निगरानी और मापन के लिए राष्ट्रीय डेटा संग्रह प्रणाली विकसित करे। साथ ही, मौजूदा अप्रत्यक्ष शुल्कों को स्पष्ट कार्बन टैक्स के रूप में परिवर्तित कर उससे प्राप्त संसाधनों का उपयोग एमएसएमई की क्षमता बढ़ाने में किया जाए। उन्होंने छोटे उद्योगों के लिए राष्ट्रीय सहायता कोष बनाने और यूरोपीय सत्यापन एजेंसियों तथा भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद के बीच पारस्परिक मान्यता व्यवस्था लागू करने की भी वकालत की, ताकि विदेशी ऑडिट पर होने वाला भारी खर्च कम किया जा सके। इंडियन स्टील एसोसिएशन के वरिष्ठ निदेशक रविंदर भान ने कहा कि सीबीएएम यूरोपीय उद्योगों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का माध्यम बन गया है। यदि भारतीय स्टील और एल्यूमीनियम उत्पाद यूरोपीय उत्सर्जन मानकों पर खरे नहीं उतरते, तो उन पर अतिरिक्त टैक्स लगेगा। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यूरोपीय मान्यता प्राप्त ऑडिटर नियुक्त करना, प्रमाणन कराना और उत्पादन प्रणाली को अपग्रेड करना बेहद महंगा साबित होगा, जिसे अधिकांश एमएसएमई वहन नहीं कर पाएंगे। पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव जतिंदर सिंह ने कहा कि सरकार समर्थित आधुनिक निगरानी तकनीकों के जरिए उत्पादन स्तर पर कार्बन फुटप्रिंट की ट्रैकिंग की व्यवस्था विकसित करनी होगी। इससेएमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने में मदद मिलेगी और उनका निर्यात भी प्रभावित नहीं होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते नीति समर्थन, वित्तीय सहायता और तकनीकी क्षमता निर्माण नहीं किया गया, तो यूरोपीय संघ के नए कार्बन टैक्स नियम भारतीय एमएसएमई की निर्यात क्षमता पर गंभीर असर डाल सकते हैं।

## चिंतन

# शांति के लिए आतंक की जड़ों पर प्रहार जरूरी

जम्मू-कश्मीर में केवल आतंकियों के मारे जाने से आतंकवाद समाप्त नहीं होगा। पिछले तीन दशकों का अनुभव यही बताता है कि जब तक आतंक की जड़ों पर कड़ा प्रहार नहीं होगा, तब तक नए चेहरे पुराने आतंकियों की जगह लेते रहेंगे। सीमा पार से घुसपैठ, पाकिस्तान समर्थित आतंकी ढांचा, हवाला के जरिए फंडिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथ का प्रसार और स्थानीय युवाओं की भर्ती, ये सभी आतंकवाद की वे जड़ें हैं, जिन्हें पूरी तरह उखाड़कर फेंकना जरूरी है। आतंकवाद की फैक्ट्री तभी बंद होगी, जब उसके हर स्रोत को एक साथ समाप्त किया जाएगा। तभी घाटी में स्थायी शांति स्थापित हो सकेगी। हाल के दिनों में सामने आई दो घटनाएं। पहली शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों का मारा जाना और दूसरी, सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में अलगाववादी विचारधारा वाली पुस्तकों का मिलना स्पष्ट संकेत देती हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सुरक्षा और वैचारिक, दोनों मोर्चों पर एक साथ लड़नी होगी। शोपियां में सुरक्षा बलों ने जिस सटीक रणनीति और खुफिया जानकारी के आधार पर लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया, वह भारतीय सुरक्षा तंत्र की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है। इनमें से एक आतंकी जाकिर अहमद गनी पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी 14 मोस्ट वांटेड स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान ने यह साबित किया कि सुरक्षा एजेंसियां अब केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं कर रहीं, बल्कि आतंक के पूरे नेटवर्क को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इसी संदर्भ में सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों में अलगाववादी विचारों से जुड़ी सामग्री मिलने का मामला भी गंभीर चिंता का विषय है। यदि शिक्षा के माध्यम से युवाओं के मन में अलगाववाद या हिंसक सोच के प्रति सहानुभूति पैदा करने का प्रयास किया जाता है, तो यह भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। प्रशासन द्वारा आठ अधिकारियों को निलंबित करना, संबंधित लेखकों और प्रकाशकों को ब्लैकलिस्ट करना और जांच के आदेश देना इस बात का संकेत है कि सरकार इस मामले को केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संभावित वैचारिक चुनौती के रूप में देख रही है। यदि शैक्षणिक सामग्री किसी भी रूप में हिंसा, अलगाववाद या राष्ट्र-विरोधी सोच को महिमामंडित करती है, तो उसकी निष्पक्ष समीक्षा और आवश्यक कार्रवाई होना स्वाभाविक है। हालांकि, सुरक्षा के साथ विकास भी उतना ही आवश्यक है। कश्मीर के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, खेल और तकनीकी अवसर उपलब्ध कराना होगा। जिस युवा के सामने सम्मानजनक भविष्य होगा, उसके आतंकवाद के रास्ते पर भटकने की संभावना स्वतः कम होगी। स्थानीय लोगों का विश्वास जीतना, लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना और विकास की गति तेज करना आतंकवाद के खिलाफ सबसे प्रभावी दीर्घकालिक रणनीति है। जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति तभी स्थापित होगी, जब सुरक्षा बल आतंकियों पर निर्णायक प्रहार करते रहें, प्रशासन आतंक के वैचारिक और आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करे और समाज युवाओं को हिंसा के बजाय विकास का रास्ता दिखाए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत तभी होगी, जब कश्मीर की नई पीढ़ी बंदूक नहीं, बल्कि किताब, कौशल और भविष्य का चुनाव करेगी। यही स्थायी शांति का सबसे मजबूत आधार है।



## डॉ. मुखर्जी की जन्म जयंती

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

# निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रवाद के अमर प्रतीक

> 6 जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष है। आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं।

श्यामा प्रसाद जी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी। लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद जी ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया। लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में आर्टिकल 370 और 35(ए) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी। डॉ. मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने।

उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय में अपने नेतृत्व में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें लाइब्रेरी की सुविधाओं में सुधार, विज्ञान में रिसर्च को बढ़ावा देना, ऐतिहासिक वस्तुओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल था। उन्होंने 24 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उन्होंने गुरुदेव टैगोर से विश्वविद्यालय के लिए एक गीत लिखने का अनुरोध भी किया था। उनके जीवन के बाद के वर्षों में इस भावना का एक और उदाहरण तब देखने को मिला, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का निर्णय लिया। उस समय देश में हर तरफ कांग्रेस पार्टी का ही बोलबाला था। ऐसे में उन्होंने महसूस किया कि देश को एक ऐसे नए विकल्प की बहुत जरूरत है, जो भारत की प्रगति की बात भी करे और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ा रहे। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी का चुनाव चिन्ह दीपक यानि मिट्टी का दीया रखा गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्यकाल बेहद अहम रहा। वे उद्योग को नए-नए आजाद हुए भारत के लोगों में सम्मान, अवसर और आत्मविश्वास का संचार करने का सशक्त माध्यम मानते थे। वे वेल्थ और वैल्यू क्रिएशन के महत्व को भली-भांति समझते थे। उन्होंने दामोदर वैली कॉरपोरेशन, सिंदरी उर्वरक संयंत्र और मजबूत



औद्योगिक नीति जैसी ऐतिहासिक पहल की। इसके माध्यम से आधुनिक औद्योगिक भारत की नींव रखी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के पारंपरिक सामर्थ्य की कभी उपेक्षा न हो। वे हथकरघा, कुटीर उद्योग, कारीगरों और कपड़ा उद्योग से जुड़े श्रमिकों के हितों के भी प्रबल समर्थक थे।

यहां मैं अपना एक निजी अनुभव भी साझा करना चाहता हूं। आत्मनिर्भर भारत के स्पष्ट विजन के साथ जिस सिंदरी संयंत्र की स्थापना के लिए डॉ. मुखर्जी ने अथक प्रयास किए थे, उसकी कई दशकों तक सत्ता में रहने वाले लोगों ने घोर उपेक्षा की। मुझे इस बात का संतोष है कि हमारी सरकार को उसके पुनरुद्धार का सौभाग्य मिला। उस कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे सार्वजनिक जीवन के सबसे विशेष और अविस्मरणीय क्षणों में से एक बन गया। भारत की प्राचीन परंपरा सदियों से संवाद और विचार-विमर्श का सम्मान करती आई है।

डॉ. मुखर्जी इस लोकतांत्रिक भावना के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल होना इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि वे मानते थे कि देश की आजादी के शुरुआती वर्षों में राष्ट्र निर्माण का दायित्व राजनीतिक मतभेदों से कहीं ऊपर है। उन्होंने पूरी निष्ठा और रचनात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। लेकिन जब उन्हें लगा कि राष्ट्रीय महत्व के कुछ प्रश्नों पर देशहित में अलग मार्ग अपनाना आवश्यक है, तो उन्होंने पूरी गरिमा के साथ अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन उस राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए समर्पित कर दिया, जिसे वे राष्ट्र के लिए आवश्यक मानते थे। 75 वर्ष पहले पंडित नेहरू पहला संविधान संशोधन लेकर आए। इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर सीधा प्रहार माना गया। तब डॉ. मुखर्जी इसके सबसे मुखर आलोचक रहे थे। वे भली-भांति समझ चुके थे कि कांग्रेस किस हद तक जा सकती है। समय के साथ उनकी यह आशंका सही साबित हुई। जो पार्टी 75 वर्ष पहले पहला संविधान संशोधन लेकर आई थी, उसी ने 1975 में देश पर आपातकाल थोपा। इतना ही नहीं, 50 वर्ष पहले 42वां संविधान संशोधन अधिनियम लाकर एक बार फिर लोकतांत्रिक मूल्यों की बुनियाद पर कुठाराघात किया।

1943 में जब बंगाल भीषण अकाल की त्रासदी से जूझ रहा था, तब उन्होंने पीड़ितों की सेवा में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि लोगों को भोजन मिल सके, जिसके लिए कई कैंटीन और रिलीफ सेंटर शुरू किए गए। एक ओर वे लोगों की पीड़ा से बहुत व्यथित थे, वहीं दूसरी ओर ब्रिटिश हुकूमत की असंवेदनशीलता से अत्यंत आक्रोशित भी थे। उन्होंने अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए पंचाशेर मन्वंतर नाम की एक किताब भी लिखी। 1942 में जब मेदिनीपुर में भीषण चक्रवात आया, तब उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का नेतृत्व किया। कोलकाता के एक कॉलेज में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मुखर्जी ने उनसे आग्रह किया था- आप जो भी कार्य करें, उसे पूरी गंभीरता, लगन और ईमानदारी से करें। किसी भी काम को कभी अधूरा न छोड़ें। तब तक स्वयं को संतुष्ट न मानें, जब तक आपने उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान न दे दिया हो। आज हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिदिन उस भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करें, जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी। एक ऐसा भारत जो सशक्त हो, एकजुट हो, आत्मविश्वास से भरपूर और संवेदनशील हो। देश के युवाओं पर मुझे पूरा विश्वास है कि वे इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे और इस संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाएंगे।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## ग्रामीण विकास दिवस

**बलकार सिंह पूनियां**



# उपलब्धियों के बीच अधूरी विकास यात्रा

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और महानगरों की चमक-दमक से नहीं, बल्कि उसके गांवों की सामाजिक, आर्थिक और मानवीय स्थिति से किया जाता है। गांव केवल कृषि उत्पादन के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे संस्कृति, परंपरा, जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता के आधार स्तंभ भी हैं। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 6 जुलाईको मनाया जाने वाला विश्व ग्रामीण विकास दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह स्मरण कराने का अवसर है कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास नहीं होगा, तो सतत, समावेशी और न्यायपूर्ण विकास का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा। वर्ष 2026 की थीम- 'लचीलेपन में निहितः कैसे ग्रामीण विकास गरीबी उन्मूलन, जलवायु कार्रवाई और साझा समृद्धि को बढ़ावा देता है'-वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है। यह थीम बताती है कि ग्रामीण विकास अब केवल कृषि तक सीमित विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और आर्थिक समृद्धि का आधार बन चुका है। आज जब दुनिया आर्थिक असमानता, जलवायु संकट, खाद्य असुरक्षा और अनियंत्रित शहरीकरण जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार आज भी विश्व के अत्यधिक गरीब लोगों का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और बढ़ते तापमान ने कृषि आधारित अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिर बना दिया है। इसलिए ग्रामीण विकास का अर्थ केवल सड़क, बिजली और भवन निर्माण तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि ऐसा सक्षम ग्रामीण समाज तैयार करना है जो संकटों का सामना करते हुए आत्मनिर्भर विकास का मार्ग प्रशस्त कर सके। भारत का अनुभव इस दिशा में आशा और चुनौती-दोनों का परिचायक है। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना और सेवाओं के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाने गांवों को बेहतर संपर्क प्रदान किया, जल जीवन मिशन ने करोड़ों परिवारों तक नल से जल पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने लाखों परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए। डिजिटल इंडिया, भारतनेट, जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी पहलों ने ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन और सरकारी सेवाओं की पारदर्शिता को नई दिशा दी है। आज गांव का नागरिक भी मोबाइल फोन के माध्यम से बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा है। 'सरस' जैसे विपणन मंचों ने ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। यह स्पष्ट करता है कि यदि ग्रामीण समुदायों को प्रशिक्षण, वित्त और बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो वे आत्मनिर्भर विकास का सफल मॉडल प्रस्तुत कर सकते हैं। फिर भी यह तस्वीर पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती। ग्रामीण विकास की गति पूरे देश में समान नहीं है। अनेक गांव आज भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, उच्च शिक्षा, सिंचाई, डिजिटल कनेक्टिविटी, कृषि प्रसंस्करण और बाजार तक पहुंच जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्रीय असमानताएं विकास की गति को प्रभावित कर रही हैं और यही असमानता समावेशी विकास की सबसे बड़ी चुनौती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है, लेकिन कृषि स्वयं अनेक संकटों से घिरी हुई है। छोटे और सीमांत किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि उनकी आय अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पाई है। खेती की लागत बढ़ रही है, बाजार मूल्य अनिश्चित हैं और जलवायु परिवर्तन ने जोखिम को कई गुना बढ़ा दिया है। अनियमित मानसून, सूखा, बाढ़ और अत्यधिक तापमान का सीधा प्रभाव उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ रहा है। विश्व ग्रामीण विकास दिवस हमें यह संदेश देता है कि विकास केवल आर्थिक वृद्धि का नाम नहीं है। वास्तविक विकास वही है जो सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय संतुलन, लैंगिक समानता और जनभागीदारी पर आधारित हो। आवश्यकता केवल नई योजनाएं बनाने की नहीं, बल्कि उनके प्रभावी, पारदर्शी और सहभागितापूर्ण क्रियान्वयन की है। विकसित भारत का मार्ग गांवों से होकर ही गुजरता है। जब प्रत्येक गांव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षित आजीविका, डिजिटल अवसर, जलवायु सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की सुविधाओं से जुड़ जाएगा, तभी विकसित भारत और समृद्ध विश्व का सपना साकार होगा। यही विश्व ग्रामीण विकास दिवस का सबसे बड़ा संदेश है।

( लेखक सहायक प्रोफेसर, इग्नू नई दिल्ली हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उद्यमो भैरवः




संकलित
**दर्शन**

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है?

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहा- भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती


### अब तो चमत्कार से ही खत्म होगा भ्रष्टाचार

हाल ही में भगवान श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या मंदिर में चढ़ावे की जो गड़बड़ी की खबरें सुर्खियां बनीं, उन्होंने एक बात तो शत-प्रतिशत सिद्ध कर दी कि मानवता के दुश्मन कुछ लोगों की बुद्धि लोभ और लालच ने इस कद्र भ्रष्ट कर दी है कि लोगों को न तो भगवान की लाठी का डर रहा है और न कानून की लाठी का। ऐसे लोगों को याद रखना चाहिए कि भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं और कानून के हाथ भी बहुत लंबे हैं। बेईमानी का खेल ज्यादा दिन नहीं चलता है। हमारे देश की राजनीति, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में जो खोट आए हैं, उनका एक सबसे बड़ा कारण है भ्रष्टाचार। अब जब लोग भगवान के घर में भी भ्रष्टाचार से नहीं डर रहे हैं, तो संभावना है कि भ्रष्टाचार अब किसी चमत्कार से ही खत्म होगा।

*– विनय वर्मा, टोहाना*

## ट्रेंड

### अपूरणीय क्षति



प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण तीजन बाई के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। उनका जाना देश की कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। ॐ शांति।

**- नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सोलर एनर्जी



यह देखकर अच्छा लगता है कि रिहायशी इलाके रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सोलर एनर्जी को अपना रहे हैं। द्वारका में एयर फोर्स और नेवल ऑफिसर्स एन्क्लेव में 500 केवी के सोलर प्लांट का उद्घाटन, एक ज़्यादा हरे-भरे, आत्मनिर्भर और विकसित दिल्ली बनाने के बढ़ते संकल्प को दिखाता है।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### मेहनत का सबूत



बिहार के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को हार्दिक बधाई, जिन्होंने 15 साल की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करके इतिहास रचा है। इतनी कम उम्र में देश का प्रतिनिधित्व करना आपके हुनर, कड़ी मेहनत और लगन का सबूत है।

**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### बुनियादी मानक पूरे नहीं



उत्कृष्टता' का प्रवचन देने वालों को 'डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी' को पूरा करने में 11 साल लग गये। बनाया भी तो इतने निम्न स्तर का कि उत्कृष्टता तो दूर, गुणवता का एक भी बुनियादी मानक पूरा नहीं किया।

**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# किम जोंग ने विध्वंसक पोत से हथियारों का परीक्षण देखा



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने नए 5,000 टन वजनी विध्वंसक पोत 'कांग कोन' पर लगी परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम क्रूज मिसाइल और अन्य हथियारों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। 'कांग कोन' पिछले साल जलावतरण समारोह के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था और बाद में इसकी मरम्मत की गई। यह परीक्षण परमाणु हथियारों से लैस नौसेना बनाने की किम की योजना के तहत किया गया उत्तर कोरिया का नवीनतम सैन्य शक्ति प्रदर्शन है। सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में एक रणनीतिक क्रूज मिसाइल, 'कांग कोन' की मुख्य तोप और स्वचालित तोपों का परीक्षण किया गया। इसके अलावा पोत की इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों का परीक्षण और लक्ष्य का पता लगाने एवं सूचनाओं का विश्लेषण करने की उसकी क्षमताओं का आकलन भी किया गया। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि किम ने तट से इन परीक्षणों का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को विध्वंसक पोत के परीक्षण पूरे कर उसे दो महीने के भीतर सेवा में शामिल किए जाने का निर्देश दिया।

## ऑफ बीट

# वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है- कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है- भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 121 रोगियों की नेत्र जांच, 54 मरीजों को निकला मोतियाबिंद

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने रविवार को राजधानी के गांधीनगर में निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया। शिविर का शुभारंभ भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने किया। शिविर में 121 रोगियों ने आंखों की जांच करवाई। इनमें 55 पुरुष तथा 66 महिला रोगी शामिल हैं। नेत्र जांच में 54 व्यक्तियों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें एंबुलेंस से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया है। सोमवार को इनके मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे।

### सबसे प्राचीन मुक्तिधाम परिसर में शहतूत और करंज के पौधे लगाए



**औबेदुल्लागंज।** नगर के सबसे प्राचीन मुक्तिधाम पर रविवार सुबह 8 बजे से 11 बजे पौधरोपण किया गया। थाना प्रभारी भरतप्रताप सिंह राजपूत की मौजूदगी में हिरानिया गांव के रहवासियों ने शहतूत व करंज के पौधे रोपे। मंदिर पूजारी रामबाबू दुबे ने वैदिक मंत्रों के साथ पौधरोपण की शुरुआत कराई। रविवार को नगर परिषद के सफाई दरौगा राजा व उनकी टीम का गांव के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। हिरानिया के ग्रामीण हर साल मुक्तिधाम पर पौधरोपण करते हैं और उनके प्रयासों से आज मुक्तिधाम हराभरा दिखने लगा है। शिक्षक राकेश दुबे, वचन लोधी ने भी मुक्तिधाम में पौधरोपण किया। इस दौरान गांव के हर व्यक्ति ने एक या दो पौधे लगाए।

### गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नए पदाधिकारियों को दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों को पवनजोत सिंह, नरेंद्र सिंह गिल, देवेंद्र सिंह राजू सहित अनेक लोगों ने बधाई दी। नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष सुरजीत सिंह गिल, सचिव हरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह को बनाया गया है। सभी ने वाहेगुरु से प्रार्थना की है कि आप स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु रहें, और समाज सेवा के पथ पर आगे बढ़ते रहें। उल्लेखनीय है कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव बड़े ही शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ ।

---

पार्षद नरेश सेठी और पार्षद खटीक ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

# औबेदुल्लागंज के वार्ड 2 में जगह-जगह कीचड़, गंदगी और सुअरों का आतंक, लोगों को क्षेत्र में संक्रामक बीमारी फैलने का सता रहा डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर पंचायत के वार्ड 2 के राहबसियों ने वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर नगर पंचायत प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। वार्ड 2 में नगर के अनेक जिम्मेदार नागरिक निवास करते हैं और नगर पंचायत को सबसे अधिक टैक्स देने वाले क्षेत्रों में शामिल है। इसके बावजूद यहां सड़क, नाली, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

**पार्षद सेठी ने कई बार दिया नगर पंचायत को लिखित आवेदन, नहीं हुई कार्रवाई**



वार्ड 2 में फैली गंदगी और भरा गंदा पानी।

### पार्षद ने लगाया आरोप

पार्षद नरेश सेठी का आरोप है कि वार्ड में जगह-जगह कीचड़, गंदगी और आवारा सुअरों का आतंक है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों को संक्रामक बीमारी फेलने का डर सता रहा है। पार्षद ने कहा कि इस संबंध में कई बार नगर पंचायत को लिखित आवेदन दिए गए, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत एक ओर वार्ड 2 में यह कहकर विकास कार्य नहीं कर रही कि क्षेत्र अवैध कॉलोनी है, जबकि दूसरी ओर नई कॉलोनियों और निर्माण कार्यों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही।

### पार्षद खटीक का दावा, अवैध कॉलोनियों में हो रहा विकास कार्य

विपक्ष के नेता राजेश खटीक ने दावा किया कि अर्जुन नगर क्षेत्र में कथित रूप से अवैध पट्टों पर विकसित कॉलोनी में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वहां बिना नियम प्रक्रिया अपनाए और बिना टेंडर के पुलिया का निर्माण कराया गया है। उन्होंने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पार्षद राजेश खटीक ने कहा कि नगर पंचायत जनता से नियमित रूप से टैक्स वसूल रही है, लेकिन उसके अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि यदि शीघ्र ही वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराएंगे और वार्ड के विकास तथा नागरिकों को हो रही परेशानियों के समाधान की मांग करेंगे।

---

वार्ड 33 के प्रभारी रघुवीर तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई कर तलाश शुरू की

# लोक अदालत में ननि के दो क्लर्क ने साढ़े 14 लाख रुपए की फर्जी रसीद काटकर की ठगी

» बीएमसी की यूजर आईडी और पासवर्ड चुराकर की वारदात

» दोनों आरोपियों पर अरेरा हिल्स थाने में दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक अदालत में प्रॉपर्टी टैक्स और नल टैक्स की वसूली के नाम पर अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। संपत्ति मालिकों को टैक्स कम कराने का झांसा देकर दो क्लर्क ने 14,69,798 की फर्जी रसीद काटकर दे दी। दोनों जालसाज क्लर्क ने नगर निगम की यूजर आईडी और पासवर्ड जालसाजी पूर्वक लेकर यह ठगी की है। अरेरा हिल्स पुलिस ने वार्ड क्रमांक 33 के प्रभारी रघुवीर तिवारी की शिकायत पर दोनों जालसाज क्लर्क पर धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार रघुवीर तिवारी वार्ड 33 के प्रभारी हैं। उन्होंने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि गत 14 मार्च 2026 को नगर निगम द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया गया था। लोक अदालत में नगर निगम के क्लर्क शिराज उलहक निवासी टीलाजमालपुरा और क्लर्क मोहम्मद समीर निवासी अशोक विहार, अशोका गार्डन ने 106 रशीद काटी। बदले में मिली 14,69,798 रुपए की रकम उन्होंने एनईएफटी, आरटीजीएस और यूपीआई के माध्यम से ली गई। नगर निगम का खाता चेक करने पर पता चला कि 14,69,798 रुपए की राशि नगर निगम के खाते में नहीं पहुंची। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई।

### टैक्स की आधी रकम देकर काम करने का दिया प्रलोभन




पुलिस ने जांच की और वार्ड प्रभारी सहित जोनल अधिकारी, प्रॉपर्टी धारक सहित अलग-अलग लोगों के बयान दर्ज किए। जांच में यह बात सामने आई कि क्लर्क शिराज उलहक और क्लर्क मोहम्मद समीर द्वारा नगर निगम टैक्स जमा करने के लिए प्रॉपर्टी धारकों को प्रलोभन दिया गया। उन्होंने कहा था कि जितनी टैक्स की रकम है उससे आधी रकम में तुम्हारा काम करा देंगे। आरोपियों ने कंप्यूटर ऑपरेटर नाहिदा से धोखे से वार्ड प्रभारी रघुवीर तिवारी का यूजर आईडी और पासवर्ड लेकर यह ठगी की है।

### घर के बाहर खेल रही बच्ची को खंभे से लगा करंट, मौत

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित क्रशर बस्ती पिपलिया, ओंमकारा में शनिवार सुबह घर के बाहर खेल रही सात साल की बच्ची को खंभे से करंट लग गया। गंभीर हालत में बच्ची को एम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बारिश के कारण खंभे के आसपास पानी भरा था। पानी में पैर रखते ही बच्ची को करंट लग गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार क्रशर बस्ती पिपलिया ओंमकारा निवासी हीरालाल धाकड़ मेहनत-मजदूरी करता है। शनिवार सुबह उसकी सात साल की बच्ची सुभि धाकड़ खेल रही थी। बारिश की वजह से घर के बाहर और खंभे के पास पानी भरा था।

खेलते-खेलते बच्ची खंभे के पास पहुंच गई और पानी में पैर रखते ही उसे जोरदार करंट लग गया। बच्ची की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे करंट वाले क्षेत्र से खींचकर बाहर निकाला। पहले स्थानीय अस्पताल में ले गए। वहां से एम्स रेफर कर दिया गया। शनिवार देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

### स्कूटर से शराब की तस्करी, 60.84 लीटर देशी शराब जब्त

स्टेशन बजरिया पुलिस ने कोच फैक्ट्री जंगल के पास से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 60.84 लीटर शराब जब्त की है। तस्कर से शराब तस्करी में इस्तेमाल स्कूटर भी जब्त किया गया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर शराब के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुबबिर से सूचना मिली कि एक युवक अपने स्कूटर से शराब की तस्करी कर रहा है। इस समय वह कोच फैक्ट्री के जंगल के पास खड़ा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कोच फैक्ट्री के पास जंगल से एक जुपीटर स्कूटर सवार को गिरफ्तार किया। उसने स्कूटर में सामने की तरफ काले रंग के झोले में देशी शराब के क्वार्टर भरकर रखे थे। जब्त शराब की मात्रा 60.84 लीटर हैं। आरोपी की पहचान अब्दुल खालिद (48) रिसालदार कॉलोनी छोला मंदिर के रूप में की गई। पुलिस आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज

---




स्व .थद्धाराम की पुण्यतिथि मनाते हुए लोग।

श्रद्धा के साथ मनाई गई ज्ञानचंदानी की पुण्यतिथि

## स्व.थद्धाराम ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया: चांदवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में रविवार को पूर्व उपमहापौर स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी की 38वीं पुण्यतिथि मनाई। पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने स्व. थद्धाराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के काम किए तथा राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। राजनीति में रहकर उन्होंने कभी भी अहंकार नहीं किया।

कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने बताया कि स्व. थद्धाराम ज्ञानचंदानी महान शख्सियत के धनी थे। वे परमहंस संत हिरदाराम साहिब के परम शिष्य थे, तथा गुणवान, संस्कारवान, दयावान, निष्ठावान एवं नेक इंसान थे। इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण, डॉ. टीकम ज्ञानचंदानी, सुरेश जसवानी, कन्हैया रामनानी, राज वाधवानी हरीश ज्ञानचंदानी, घनश्याम लालवानी, जगदीश सांवले व रामभरोसे भगवानिया ने आपने विचार रखें। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने दो मिनट का मोन रखकर स्व. थद्धाराम को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा एम्स हास्पिटल में भोजन वितरण किया।

### पटवा ने छींद धाम पहुंच कर की पूजा-अर्चना




**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने छींद धाम में दर्शन कर पूजन-अर्चन की और छींद वाले दादा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, पटवारी के सहायक संजय मीणा आदि मौजूद रहे।

---

यूथ हॉस्टल मंडीदीप इकाई का ट्रैकिंग कार्यक्रम

## 55 सदस्यों ने नयापुरा नगर वन के प्रवेश द्वार से शुरू की ट्रैकिंग




ट्रैकिंग के दौरान फोटो शूट कराते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर की यूथ हॉस्टल का रविवार को नयापुरा में ट्रैकिंग कार्यक्रम आयोजित किया। इकाई के सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि ट्रैकिंग में लगभग 55 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें ऋतू जौहरी, चंद्रशेखर चौकसे अध्यक्ष, दिनेश पवार उपाध्यक्ष, निर्मल यादव चैयरमेन, कमल सिंह चन्देल और वरिष्ठ एवं नए सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों का संक्षिप्त परिचय तथा ट्रैकिंग के सामान्य नियमों की जानकारी के साथ भ्रमण का कार्यक्रम मंदिर के पास वाली पहाड़ी नयापुरा नगर वन के प्रवेश द्वार से शुरू हुआ।

ट्रैक लगभग 6 किलोमीटर का था, जिसे सभी सहभागियों ने पूर्ण किया। सदस्यों ने पहाली के चारों तरफ हरियाली और सघन जंगल का भ्रमण किया। ट्रेकिंग के बाद सभी ने मंदिर में माता एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए।

---

कांग्रेस ने लगाए आरोप, पंचायत को नहीं मिल रही राशि

## भोजपुर शिव मंदिर के चढ़ावे और जमीन की एसआईटी जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

राजधानी भोपाल से लगे ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर के चढ़ावे, दान राशि तथा वर्ष 1980 से मंदिर की जमीन से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने आवाज उठाई है। कांग्रेस नेता परेश नागर, विनोद इरपाचे, दुर्गेश यादव, राजू मेहरा, ब्लॉक अध्यक्ष इमारत सिंह दरबार, भोजपुर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जसवंत सिंह कीर, संतोष सेन, सूरजमल गौर सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि भोजपुर में वाहनों से मिलने वाली एंट्री फीस से प्रतिमाह लगभग 5 लाख रुपए की आय होती है, लेकिन यह राशि पंचायत को नहीं मिल रही है। उनका दावा है कि एंट्री फीस की नियमित नीलामी प्रक्रिया भी नहीं अपनाई जाती और इससे कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### मंदिर में आता है करोड़ों रुपए दान

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरे मामले में पारदर्शिता नहीं है और एक नेता के इशारे पर अनियमितताएं हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े मामलों की तरह भोजपुर शिव मंदिर के चढ़ावे, दान पेटी से प्राप्त राशि तथा वर्ष 1980 से मंदिर की जमीन से संबंधित सभी मामलों की उच्च स्तरीय एसआईटी (विशेष जांच दल) से निष्पक्ष जांच कराई जाए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मंदिर में करोड़ों रुपए का चढ़ावा और दान आता है, इसलिए इसकी आय-व्यय और संपत्तियों की पारदर्शी जांच कराई जानी चाहिए।

---

'साइबर सुरक्षा अभियान 2.0-सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन' कार्यक्रम आयोजित

## साइबर अपराधों से बचने गिरधर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को किया जागरूक

थाना प्रभारी सराठे ने विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप




गिरधर पब्लिक स्कूल में पुलिस ने साइबर अपराध से बचने किया जागरूक।

रायसेन पुलिस के द्वारा सायबर अपराधों से बचने के लिए नगर के शिक्षण संस्थान गिरधर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रंजीत सराठे रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देते हुए डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने का संदेश दिया। सराठे ने डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी, केवायसी फ्रॉड, कोड स्कैम, फिशिंग लिंक, डीपफेक, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन निवेश ठगी एवं ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड जैसे साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर विश्वास न करें तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करने को कहा। इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ पाटीदार, सचिव अरविंद पाटीदार, प्रबंध संचालक नीलेश पाण्डेय, सब इंस्पेक्टर पदमा वरकरे, प्राचार्य अनुराग मसीह, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

कांग्रेस सेवादल ने प्रभात फेरी निकालकर किया ध्वज वंदन

## जनसेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

जिला कांग्रेस सेवादल, भोपाल द्वारा रविवार प्रातः गुफा मंदिर मुख्य द्वार से मुख्य मार्ग होते हुए लालघाटी चौराहा स्थित माता मंदिर तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सेवादल के कार्यक्रम संयोजक एवं भोपाल जिला प्रवक्ता आनंद सबधाणी ने बताया कि प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल तथा विभिन्न मोर्चा संगठनों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम का समापन ध्वज वंदन के साथ हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि कांग्रेस सेवादल संगठन की रीढ़ है। सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना के साथ कार्यकर्ताओं को समाज के बीच निरंतर सक्रिय रहकर जनहित के मुद्दों पर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजन संगठन की एकजुटता को सुदृढ़ करने के साथ संविधान की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने वाले सिद्ध होंगे।



प्रभात फेरी निकालते कांग्रेस सेवा दल के सदस्य।

### प्रभात फेरी में ये हुए शामिल

प्रवीण सक्सेना ने कार्यकर्ताओं से जनसेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव दिनेश मेंघानी, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष निहाल भाई, संगठन महामंत्री अभिषेक शर्मा, प्रवक्ता आनंद सबधाणी, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारन, उप ब्लॉक अध्यक्ष सोनू तोमर, विमल बाथम, नीलमणि दुबे, जयश्री दीदी, अब्दुल नासिर, विष्णु मारण, राजेश विश्वकर्मा, नमिता गौर, धीरज गोस्वामी, आनंद सिंह सहित कांग्रेस एवं कांग्रेस सेवादल के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

मंडीदीप में अवैध प्लॉटिंग का कारोबार करने वाले फर्जी बिल्डरों का कुनबा बढ़ा

# सतलापुर वार्ड 17 में शौर्य होम के नाम से काटी जा रही अवैध प्लाटिंग, लुभावने और सस्ते रेट के फेर में फंस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में विगत कई वर्षों से अवैध प्लॉटिंग का कारोबार करने वाले फर्जी बिल्डरों का कुनवा बढ़ता जा रहा है। वार्ड 17 में फर्जी बिल्डर अमित मीणा नामक युवक द्वारा अवैध प्लॉटिंग का कारोबार किया जा रहा है, जिसमें नगर समेत आस पास की जनता सस्ते प्लॉट और लुभावने वादे में फंस रहे हैं। कई लोग घर और प्लॉट का सपना पूरा करने के लिए इन फर्जी बिल्डरों के चक्कर में फंस रहे हैं। एक ओर जहां मंडीदीप से लगी राजधानी में अवैध बिल्डरों पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर कार्रवाई की जा रही, तो वहीं दूसरी ओर मंडीदीप में प्रशासन का कोई खौफ ही नहीं है। प्रशासन स्वयं इन बिल्डरों को सह दे रही। इन तथाकथित बिल्डरों के पास न कालोनाइजर लाइसेंस है न, कोई शासकीय अनुमति।

### अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

नगर में अवैध बिल्डर के खिलाफ दो से तीन माह पहले नपा प्रशासन ने नाम मात्र की कार्रवाई की, उसके बाद बिल्डर फिर अपना कारोबार जमा लिए हैं। कहने को तो अवैध कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा सूचना बोर्ड भी लगाए गए, परन्तु बिल्डरों द्वारा उसे उखाड़ कर फेक दिया है।




### एक बिल्डर के लिए इन नियमों का पालन करना जरूरी

किसी भी बिल्डर को प्लॉट अथवा कॉलोनी काटने के लिए भू अधिनियम नगरीय विभाग एवं गृह निवेश विकाश प्राधिकरण, समेत रेरा की अनुमति लेना एहम होता है। उसके उपरान्त नजूल समेत पांच विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है, तब जाकर प्लॉट या कॉलोनी का कार्य शुरू किया जा सकता है।

### नगद लेन-देन से शासन को हो रहा करोड़ों का नुकसान

प्लॉट अवैध होने के स्थिति में कालोनाइजर ग्राहकों से नगद राशि का लेन-देन कर रहें, जिससे शासन को करोड़ो रुपए का चूना लग रहा है। आयकर चोरी से लेकर जीएसटी चोरी भी बिल्डरों के द्वारा किया जा रहा है, जो कही न कही शासन के लिए भारी नुकसान है।

### पटवारी को जांच के आदेश दिए हैं

मामला मेरे संज्ञान में आया है। अवैध बिल्डरों के खिलाफ पटवारी को जांच के आदेश दिए हैं, जैसे ही रिपोर्ट आती है नियमुसार कार्रवाई की जाएगी।

हेमंत शर्मा, तहसीलदार,गौहरगंज।

### जो सब पर कार्रवाई होगी वो हम पर भी

मंडीदीप में कई बिल्डर बिना टीएनसीपी, और परमिशन के काम कर रहे है, मैं अकेले थोड़ी न हूं, जो सब पर कार्रवाई होगी वो हम पर भी होगी।

अमित मीणा, बिल्डर।

### नपा में दिए कई शिकायती आवेदन

मेरे द्वारा अवैध बिल्डर के खिलाफ नपा में कई शिकायती आवेदन दिए गए, परन्तु नपा प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे बिल्डर के हौसले बुलंद है।

दुर्गेश राकेश लोवंशी, पार्षद वार्ड 17



जनजातीय संग्रहालय में प्रस्तुति देते कलाकार।

# संभावना गतिविधि में गुदुमबाजा, दुल-दुल घोड़ी, कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार दोपहर 2 बजे से गोण्ड जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य लेखपाल धुर्वे एवं साथी, डिंडोरी और दुल-दुल घोड़ी नृत्य राजमणि तिवारी एवं साथी, रीवा एवं कठपुतली नृत्य घनश्याम भट्ट एवं साथी, भोपाल द्वारा प्रस्तुति दी गई। इनमें गुदुमबाजा नृत्य गोंड जनजाति की उपजाति का पारंपरिक नृत्य है। इस जनजाति में गुदुम वाद्य वादन की भी सुदीर्घ परंपरा है। गुदुम, डफ, मंजीरा, टिमकी आदि वाद्यों के साथ शहनाई की धुनों पर वादन एवं नर्तन किया जाता है। विशेषकर विवाह एवं अन्य अनुष्ठानिक अवसरों पर इस जाति के कलाकारों को मांगलिक वादन के लिए अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाता है।



### हर रविवार प्रदेश के पांच लोकांचलों और राज्यों के कलारूपों की प्रस्तुति

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में हर रविवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा।

**जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि का आयोजन**

### शादी-विवाह में दुल-दुल घोड़ी

बघेलखंड का दुलदुलघोड़ी नृत्य एक पारंपरिक लोकनृत्य है, जो उत्साह और उत्सव का प्रतीक है। यह नृत्य विवाह जैसे मांगलिक अवसरों पर किया जाता है, जहां एक कलाकार लकड़ी की घोड़ी पहनकर बारात के आगे-आगे चलता है और मनोरंजन करता है। यह नृत्य लोकगीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ किया जाता है, जो इसे एक खास पहचान देता है। नर्तक घोड़ी के आकार का पहनावा पहनता है, सिर पर पगड़ी बांधता है और चेहरे पर रंग लगाता है। इस नृत्य में हारमोनियम, झांझ, मजीरा और ढपला, ढोलक जैसे वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है।



बघेलखंड का दुलदुलघोड़ी नृत्य प्रस्तुति देते कलाकार।

**कायस्थन के आयोजन में 30 चित्रांश गायक प्रस्तुत करेंगे फिल्मी नगमे**

## पार्श्व गायक मुकेश के 103वें जन्मदिवस पर 'रिमझिम गिरे सावन' का आयोजन 26 को



भोपाल। कायस्थम प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. मुकेश चंद्र माथुर के 103वें जन्मदिवस पर रविवार 26 जुलाई को प्रसिद्ध लोकप्रिय फिल्मी गीतों का कार्यक्रम 'रिमझिम गिरे सावन-2.0' आयोजित करेगा। महासचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने बताया कि इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के 30 चित्रांश गायक फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, नेहरू नगर के सभागार में अपराह्न 3. 30 बजे से किया जाएगा। यह 'रिमझिम गिरे सावन' का दूसरा आयोजन होगा, जिसमें माज के गायक शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 17 अगस्त को स्व. मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर रिमझिम गिरे सावन का आयोजन किया गया था, जिसकी मुख्य अतिथि स्व. मुकेश की नजदीकी रिश्तेदार उनकी मौसी मीनाक्षी माथुर एवं उनके पति मुकेश प्रसाद माथुर थे। कायस्थम के 'रिमझिम गिरे सावन' को लेकर गायकों में भारी उत्साह देखा गया है। अनेक चित्रांश गायकों ने अपना रजिस्ट्रेशन पिछले माह कराया था, जिसमें से 30 गायकों का चयन किया गया है।

**डॉ. ऋषि मिश्र और मंजरी असनारे की प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

# मेघ मल्हार से बरसी सुरों की फुहार, अनहद के गायन पर्व का यादगार हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन के संगीत केंद्र 'अनहद' में आयोजित तीन दिवसीय गायन पर्व का समापन रविवार को शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। अंतिम संध्या में बनारस घराने के युवा गायक डॉ. ऋषि मिश्र और वरिष्ठ शास्त्रीय गायिका मंजरी असनारे ने रागों की सुंदर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। पूरे कार्यक्रम में सभागार सुरों की मिठास और तालियों की गूंज से भर गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ऋषि मिश्र ने वर्षा ऋतु पर आधारित राग मेघ मल्हार की बंदिश 'श्याम घन आयो' से की। इसके बाद उन्होंने 'गगन सघन घेरी आई' और 'बादल की घमक सुनी झपते कानन' प्रस्तुत कर बारिश के मौसम का संगीतात्मक चित्र उकेरा। उनकी गायकी में बनारस घराने की परंपरा, राग की गहराई और लय पर मजबूत पकड़ साफ दिखाई दी। तबले पर अरविंद कुमार, सारंगी पर आबिद हुसैन, हारमोनियम पर रचना पुराणिक शर्मा और तानपुरे पर निहारिका मिश्रा और मौसम जायसवाल ने प्रभावी संगत दी।

**शास्त्रीय संगीत की गरिमा से सराबोर हुई संध्या**




भारत भवन में शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देते गायक।



गीतों की प्रस्तुति देते हुए।

### 'एरी इन नैनन बैर कियो मोसो' को खूब सराहा

दूसरे चरण में मंजरी असनारे ने राग केदार की बंदिश 'एरी इन नैनन बैर कियो मोसो' से श्रोताओं को अपनी भावपूर्ण गायकी से जोड़ा। इसके बाद द्रुत बंदिश 'सैंया मीरा रे' ने माहौल में नई ऊर्जा भर दी। उन्होंने रामदासी मल्हार में 'बदरा उमड़-घुमड़ कर' की प्रस्तुति देकर वर्षा ऋतु का भाव सजीव कर दिया। समापन 'कित ते आयावे री' से हुआ, जिसमें उनकी तेज तानों, स्पष्ट सुरों और सधी हुई लयकारी ने श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी।





# 50 लोगों ने भोज वेटलैंड में चिन्हित किए 5 सारस पक्षी

**सारस महोत्सव में पोस्टर प्रतियोगिता के साथ, ब्लॉक प्रिंट से सीखी कपड़ों पर सारस की छपाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल बड्र्स, क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय एवं व्हीएनएस नेचर सेवियर द्वारा सारस महोत्सव -2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में संकटग्रस्त सारस पक्षी के प्रति जागरुकता लाना है। कार्यक्रम में प्रातः सारस वॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रातः 6 .30 बजे से लगभग 50 प्रतिभागियों ने भोज वेटलैंड में लगभग 5 सारस पक्षियों को चिन्हित किया।

कार्यक्रम में प्रातः 9.30 बजे से कॉलेज के छात्र-छात्राओं हेतु संकटग्रस्त प्रजाति सारस का संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिएटिव वर्कशॉप के अंतर्गत गौरा जोशी द्वारा ब्लॉक प्रिंट द्वारा कपड़ों पर सारस की छपाई को सिखाया गया। कार्यक्रम



में डॉ बिनिश रफत, वैज्ञानिक-डी एवं कार्यालय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, मानिक लाल गुप्त, वैज्ञानिक-सी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, डॉ. संगीता राजगीर एवं मो. खालिक, भोपाल बड्र्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### फोटो प्रदर्शनी में दिखी सारस के जीवन की झलकियां



कार्यक्रम में प्रातः 11 बजे सारस पक्षी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि वन संरक्षक, भोपाल क्षितिज कुमार एवं विशेष अतिथि एनसीएचएसई निदेशक डॉ. प्रदीप नंदी द्वारा किया गया। फोटो प्रदर्शनी में सारस के जीवन की विभिन्न झलकियां देखने को मिलेंगी, जिसमें नर-मादा का नृत्य, भोजन ढूंढना, अन्य पक्षी प्रजातियों के साथ सामंजस्य, समूह में रहना आदि को फोटोग्राफर्स द्वारा अपने कैमरा में कैद किया गया है। इस प्रदर्शनी में भारत के 25 फोटोग्राफर्स के 30 फोटोग्राफ्स को प्रदर्शित किया गया है। कार्यक्रम में सारस संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं सारस के जीवन चक्र पर आधारित विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया।

# टीम जीनियस ने कलियासोत बांध किनारे रोपे फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर वर्ष की तरह इस बार भी रविवार को टीम जीवियस ने बरसात के शुरू होते ही, कलियासोत बांध किनारे फलदार पौधे लगाए गए। इस ग्रुप के सांस्थापक नीरज गुलाटी का कहा है वैसे तो हम लोग मोटर स्पोर्ट ईवेंट करते हैं, जवकि वर्ष 2015 से हम प्रेरणा स्त्रोत एएस सिंहदेव के मार्गदर्शन में हर साल इस मौसम में 101 पौधे भी लगाते आए हैं, जिसका श्रीगणेश आज अपने कुछ साथियों और उनके परिवार के साथ, 31 जामुन, आम एवं आंवले के पौधे लगा कर किया। हम ऐसी ही जगह तलाशते हैं जहां इन पौधों की सही देख-रेख हो सके। आने वाले दिनों में हम ऐसे ही दो आयोजन और बागली और सुरैया में करेंगे।

### रोटरी क्लब ईस्ट ने किया गौरी ग्रीन पार्क में पौधरोपण

रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ने दूसरे सत्र में गौरी ग्रीन पार्क में पौधारोपण किया। क्लब के अध्यक्ष प्रखर तिवारी ने कहा



कि विभिन आवश्यक स्थानों पर 500 पौधे लगाने का लक्ष्य है। पहले सत्र में 1 जुलाई को टीआईटी में पौधरोपण किया जा चुका है और प्रत्येक रविवार को लगातार किया जाएगा। समस्त पौधों की व्यवस्था रोटेरियन पलाश सुरजन द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल सदस्य परिवार सहित उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

**बैठक-द आर्ट हाउस में युवा शायरों ने सुनाईं अपनी गजलें और नज्में**

# 'आंधी से कोई कह दे' में डॉ. राहत इंदौरी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नशिस्तें द्वारा आयोजित 'आंधी से कोई कह दे...' शीर्षक विशेष अदबी महफ़िल में रविवार को शहर के साहित्यप्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रख्यात शायर डॉ. राहत इंदौरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक-द आर्ट हाउस में आयोजित महफ़िल में राहत की शायरी, उनके विचारों और उनकी अद्वितीय साहित्यिक विरासत को याद किया गया।

कार्यक्रम में शहनवाज़ अंसारी, धीरज चौहान, शिवाजी राय, मशगूल मेहरबानी, प्रशस्त विशाल, यश शुक्ला, सचिन राव विराट तथा नदीम खान 'कविश' ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को



मंत्रमुग्ध कर दिया। राहत इंदौरी साहब की ग़ज़लों, नज़्मों ने पूरे सभागार को अदबी रंग में सराबोर कर दिया। श्रोताओं ने न केवल राहत इंदौरी साहब की लोकप्रिय रचनाओं को पूरे उत्साह के साथ सुना, बल्कि समकालीन कविता और ग़ज़ल की नई आवाज़ों को भी भरपूर सराहा।

### नशिस्तें का उद्देश्य अभिव्यक्ति की संस्कृति को आगे बढ़ाना

आयोजकों ने बताया कि नशिस्तें का उद्देश्य ऐसे आयोजनों के माध्यम से साहित्य, संवाद और संवेदनशील अभिव्यक्ति की संस्कृति को आगे बढ़ाना है। राहत इंदौरी को समर्पित यह महफ़िल उसी प्रयास की एक सार्थक कड़ी रही, जिसने श्रोताओं को एक यादगार साहित्यिक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी श्रोताओं, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आयोजकों ने आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की साहित्यिक महफ़िलों के आयोजन का विश्वास जताया।

**मप्र जनजातीय संग्रहालय के संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र ने सुनाए संस्मरण**

# तीजन बाई ने पहली बार भारत भवन के मंच पर 1983 में प्रस्तुत की थी पंडवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडवानी गायन परंपरा की अप्रतिम साधिका, पद्म विभूषण से अलंकृत सुप्रसिद्ध लोकगायिका तीजन बाई का 5 जुलाई को दीर्घकालीन अस्वस्थता के उपरांत निधन हो गया। मप्र जनजातीय संग्रहालय के संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र के अनुसार, 13 से 16 जून, 1983 के दौरान भारत भवन में आयोजित पंडवानी केंद्रित आयोजन में 14 जून को तीजन बाई ने पहली बार पंडवानी की वेदमती एवं कपालिक शाखाओं का अद्भुत एवं दर्शनीय समन्वित प्रस्तुतीकरण किया। जहां वेदमती परंपरा के अधिकांश कलाकार बैठकर पंडवानी का गायन-अभिनय करते थे। कपालिक शैली की विशिष्टता के अनुरूप उन्होंने लोक-प्रचलित किंवदंतियों एवं स्थानीय ऐतिहासिक स्मृतियों को मूल महाभारत आख्यान के साथ इस प्रकार संयोजित किया कि कथा की मूल गरिमा अक्षुण्ण बनी रही। पाण्डवों के राजसूय यज्ञ से लेकर वनवास तक की कथा का उनका प्रस्तुतीकरण अपनी प्रभावशीलता एवं नाटकीयता के कारण अविस्मरणीय माना जाता है।



पद्म विभूषण से अलंकृत सुप्रसिद्ध लोकगायिका तीजन बाई।

### द्रौपदी चीरहरण जैसे मार्मिक प्रसंगों का विशेष चित्रण

द्रौपदी चीरहरण जैसे मार्मिक प्रसंगों के चित्रण में उनकी करुणाभिव्यक्ति विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। उनकी द्रौपदी कोई अलौकिक नायिका नहीं, बल्कि लोकजीवन से जुड़ी एक संवेदनशील, संघर्षशील एवं सहज स्त्री के रूप में उभरती थी, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोकजीवन की सजीव झलक परिलक्षित होती थी। उनकी करुण स्वर-लहरियों और छत्तीसगढ़ी लोकधुनों के मार्मिक संयोजन ने महाभारत की स्त्री-पात्रों की वेदना को अत्यंत प्रभावशाली रूप में अभिव्यक्ति प्रदान की।

## दुर्ग जिले के गनियारी ग्राम में 1956 में हुआ था जन्म

सन 1956 में छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के गनियारी ग्राम में जन्मीं तीजन बाई ने अदम्य जिजीविषा, अथक साधना एवं विलक्षण कलात्मक प्रतिभा के बल पर पंडवानी जैसी समृद्ध लोकगायन परंपरा को राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परिदृश्य पर विशिष्ट प्रतिष्ठा प्रदान की। उनकी प्रभावपूर्ण वाचिक अभिव्यक्ति, सशक्त अभिनय-शैली तथा ओजस्वी प्रस्तुति ने भारतीय लोककला की गरिमा एवं सांस्कृतिक अस्मिता को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया। तीजन बाई का महाप्रयाण भारतीय लोककला एवं सांस्कृतिक जगत के लिए ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनका अनुपम कलात्मक अवदान, अद्वितीय व्यक्तित्व तथा सांस्कृतिक विरासत भावी पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक चेतना का अक्षय स्रोत बनी रहेगी।

### भोपाल से आत्मीय संबंध, इसीलिए समय-समय पर आती रहीं

अविभाज्य मध्य प्रदेश और भोपाल से उनका गहरा नाता था। उन्होंने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के प्रतिष्ठित भारत भवन में अपनी कला के कई ऐतिहासिक प्रदर्शन दिए थे। तीजन बाई छत्तीसगढ़ के पंडवानी लोक गीत-नाट्य की पहली महिला कलाकार थीं, जिन्होंने महाभारत की कथाओं को अपनी अनूठी शैली से अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाया। अक्टूबर, 2021 में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के भ्रमण के दौरान उन्होंने अपनी कलायात्रा एवं जीवन-संस्मरणों को संग्रहालय परिवार के साथ साझा किया, जो आज भी प्रेरणास्रोत हैं।



अशोक मनवानी

कला और अभिनय से परिपूर्ण जीवन पूरा कर तीजन बाई को सुनना एक आनंद उत्सव से रूबरू होना होता था। वे अविभाजित मप्र की गौरवशाली व्यक्तित्व थीं। वे मप्र और छत्तीसगढ़ दो राज्यों के लिए ही नहीं पूरे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय थीं। उन्होंने विश्व स्तरीय कलाकार का दर्जा हासिल किया। मेरे दादा के गांव छत्तीसगढ़ के मुंगेली का जिक्र करता और उनसे जनसंपर्क के वरिष्ठ अधिकारी रहे और लोक कलाओं के मर्मज्ञ भाऊ खिरवड़कर के साथ हुई प्रथम भेंट का भी स्मरण दिलवाता था तो वे मुस्कुरा देती थीं।

# तीजनबाई के स्वर और पंडवानी कला के मौलिक अंदाज हमशा याद आएंगे

### मौलिक स्वरूप दिया पंडवानी को

जनसंपर्क विभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक अशोक मनवानी कहते हैं कि तीजन बाई अपनी कला यात्रा से संतुष्ट भी रहीं। दरअसल, उन्होंने पंडवानी कथा गायन कला में मौलिक शैली से कई नवाचार भी किए। रूप सज्जा और अभिनय के स्तर पर कई नवाचार भी किए। पंडवानी गायन की कला को समृद्ध किया, तभी तो वे विश्व विख्यात भी बन गईं।



### लोक गाथाओं को सुनने की परंपरा

मप्र और छत्तीसगढ़ में लोक गाथाओं को सुनाने और एक या एकाधिक कलाकारों द्वारा मंच पर प्रस्तुत करने की समृद्ध परंपरा है। कला को समर्पित कलाकार प्रस्तुति से एक तरह के तिलिस्म की रचना कर देते हैं। कर्नाटक का यक्षगान हो या सिंध प्रांत का भगत गायन,लोक गाथा गायन में पंडवानी का स्थान अलग है। अनेक भाषाओं में लोक गाथाओं को गाया जाता है। बुंदेली में जगन्नाथ प्रजापति सुल्तानगंज जिला रायसेन ने ढोला मारू, जो राजस्थान की प्रणय गाथा है उसे पूरे जीवन में सुनाया। पूरी कथा दो रातों में सुनाते थे। ग्रामीण रात भर जागकर सुनाते थे।

### लोकरंग और भोजपुर उत्सव

मनवानी कहते हैं, मुझे याद आ रहा है तीजन बाई का आखिरी कार्यक्रम, दो-तीन साल पहले उन्हें भोजपुर उत्सव में सुना था। एक समय था जब वे भोपाल लगभग हर साल ही आती थीं। लोकरंग समारोह यदि स्थापित हुआ तो उसका श्रेय तीजन बाई जैसे कलाकारों को जाता है। दो दिन कार्यक्रम सात दिन अवधि तक जा पहुंचा। भोपाल में मजदूरी का कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ी समुदाय के दर्शक सुनने आया करते थे।

### उनका अंदाज आता है याद

मनवानी ने बताया कि जब तीजन बाई गाती थीं और कथा सुनाती थीं तो पंडवानी गायन में उनका एक संवाद याद आता है,जब उनका स्वर होता था... 'भगवान रामचंद्र बोलीस' तो उनका सहयोगी कलाकार पूछता था 'का बोलीस'? इसे सुन दर्शक, श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते थे। महाभारत के द्रौपदी के चीर हरण के प्रसंग को सुनाते वे उद्वेलित हो जातीं थी, नारी के स्वाभिमान और अस्मिता के विचार को मन में समाए वे अपनी भाव भंगिमाओं से समाज को संदेश देने का कार्य करती थीं। एक समर्पित कलाकार को श्रद्धा से नमन।

## लखनऊ में पारंपरिक अवधी स्टाइल में अनोखा आयोजन

# एक दिलचस्प और बेहद देसी सियासी रंग दिखा, मैंगो पार्टी में रणनीति और संगठन की एकजुटता का खाका तैयार किया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात बिछनी शुरू हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लखनऊ दौरे के पहले दिन रणनीतियों का दौर चला, वहीं दिलचस्प और बेहद देसी सियासी रंग देखने को मिला। रविवार को आम पर सियासी चर्चा की कहानी सामने आई है, जिसने सूबे के राजनीतिक पारे को गरमा दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सरकारी आवास पर पहुंचे। यहां पूरी तरह से पारंपरिक अवधी स्टाइल में एक अनोखा आम पार्टी का आयोजन किया गया। इस खास महफिल ने न सिर्फ सरकार और संगठन की एकजुटता दिखाई, बल्कि विपक्ष, विशेषकर अखिलेश यादव के खेमे में भी खलबली मचा दी है।

■ खाट चारपाई में दशहरी चौसा का आनंद

### गांव और पारंपरिक माहौल बना

पाठक के लॉन को बिल्कुल गांव और पारंपरिक माहौल में बदल दिया गया। वहां खाट-चारपाई पर जब देश की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष , सीएम योगी , राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व पाठक एक साथ बैठे। नेताओं के सामने थाली में सजे थे विश्व प्रसिद्ध मलिहाबाद के दशहरी और चौसा आम।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर जमी भाजपा दिग्गजों की महफिल



आम पार्टी में भाजपाध्यक्ष नबीन और उत्तरप्रदेश के सीएम और डिप्टी सीएम

### बैठक के कई मायने निकाले जा रहे

आम उत्तर प्रदेश की संस्कृति और बातचीत का अहम हिस्सा है, लेकिन जब चुनाव सिर पर हों, तो आम का स्वाद भी सियासी हो जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, ब्रजेश पाठक के आवास पर हुई इस बैठक के 3 बड़े मायने हैं। पहला- पिछले कुछ समय से सरकार और संगठन के बीच चल रही तनातनी की अफवाहों पर इस एक तस्वीर ने पूर्णविराम लगा दिया। योगी, मौर्य और पाठक का एक साथ हंसते हुए आम खाना एकजुटता की गवाही है। चारपाई पर बैठकर आम खाना सीधे यूपी के ग्रामीण मतदाताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं को यह अहसास कराता है कि उनके नेता पूरी तरह से जमीन से जुड़े हैं।

## इस 'केमिस्ट्री' ने सपा के नैरेटिव की हवा निकाली

सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार भाजपा के भीतर अंदरूनी गुटबाजी का दावा करते रहे हैं। सपा का नैरेटिव रहा है कि यूपी भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, लेकिन नबीन के सामने इस 'केमिस्ट्री' ने सपा के उस चुनावी एजेंडे की हवा निकाल दी है। इस अनौपचारिक 'आम बैठक में केवल स्वाद नहीं लिया गया, बल्कि बेहद आत्मीय माहौल में 2027 के चक्रव्यूह को अभेद्य बनाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

### अवधी अंदाज विपक्ष को देगा बड़ी चुनौती

जब एनडीए के शीर्ष नेता एक साथ बैठकर अनौपचारिक माहौल में आम खाते हैं, तो वहां केवल स्वाद की बात नहीं होती, बल्कि चुनावी रणनीति के बारीक धागे भी बुने जाते हैं। आम चखने के बहाने भाजपा ने उत्तर प्रदेश के कोर वोट बैंक और जमीनी कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे दिया है कि शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह से जमीन से जुड़ा हुआ है और आपसी समन्वय बेहद मजबूत है। भाजपा का यह आक्रामक और एकजुटता से भरा 'अवधी अंदाज' निश्चित रूप से आगामी चुनावों में विपक्षी दलों के सोशल इंजीनियरिंग के दावों को कड़ी चुनौती देने वाला है।

---

## खबर संक्षेप

### मुंबई में 3 मंजिला चॉल ढही, 6 लोगों की मौत


**मुंबई।** भारी बारिश के बीच मानखुर्द में 3 मंजिला चॉल ढह गई। इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई।



बीएमसी ने इस हादसे के बारे में बताया कि मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बारिश और अंधेरे के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में अड़चन आ रही है इसके बाद भी बचाव दल पूरी ताकत से अपना काम करता रहा।

### कोलकाता में मुखर्जी की प्रतिमा का चबूतरा तोड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कोलकाता दौरे से एक दिन पहले घटी है। भाजपा ने इसे लेकर विरोध जताया है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुकिया स्ट्रीट में घटना हुई है।



### आर्मी ट्रक-एंबुलेंस में भिड़ंत, 3 की मौत

**श्रीगंगानगर।** जिले के सूरतगढ़ में रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे नेशनल हाईवे-62 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। जयपुर से डिस्चार्ज होकर घर लौट रही महिला मरीज को ले जा रही प्राइवेट एंबुलेंस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और सामने से आ रहे सेना के वाहन से टक्कर हो गई। इसमें 3 की मौके पर ही मौत हो गईए दो घायल हैं।



### जीएसटी अफसर के घर डकैती, बनाया बंधक

**अलवर।** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित शालीमार नगर में शनिवार सुबह हुई दुस्साहसिक डकैती ने पूरे शहर को दहला दिया। जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ओमप्रकाश के घर तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने घुसकर करीब डेढ़ घंटे तक परिवार को बंधक बनाए रखा। मारपीट की, धमकी दी। 15 तोला सोना, नकदी अन्य कीमती सामान लूट ले गए।



### विला में घुसा लुटेरा, 15 लाख की संपत्ति लूटी

**ग्रेटर नोएडा।** यहां के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी के एक विला में देर रात एक बदमाश ने घुसकर महिला को चाकू की नोक पर बंधक बना लिया और लाखों रुपए के जेवर व नकदी लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से हाई-प्रोफाइल सोसाइटी के निवासियों में दहशत का माहौल है।



---

## पंजाब में चुनाव सिर पर और कांग्रेस को सता रहा पार्टी में टूट का डर

### कांग्रेस में बगावत का अंदेशा, अब डैमेज कंट्रोल में जुटीं प्रियंका

# एकजुटता की अपील हो रही बेअसर दो वरिष्ठ नेताओं को चंडीगढ़ भेजा

### चन्नी-वड़िंग की तकरार खत्म करने आमने-सामने मुलाकात की रणनीति बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और कांग्रेस को पंजाब में पार्टी की टूट का डर है। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, लिहाजा पंजाब कांग्रेस में बनीं मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वरिष्ठ नेत्री प्रियंका गांधी ने फिलहाल स्थिति संभालने की पहल की है। इसके लिए, उन्होंने दो वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली से चंडीगढ़ भेजा है।हाईकमान की ओर से भेजे गए दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ में शनिवार को चन्नी खेमे के कुछ वरिष्ठ नाराज नेताओं से बुलाकर वन-टू-वन मुलाकात कर उनसे फिलहाल स्थिति को शांत रखने की अपील की। उधर, पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी से भी फोन पर बात कर उनसे राहुल के आने तक कोई बड़ा फैसला न लेने का आग्रह किया गया है। हाईकमान द्वारा संपर्क करने के बाद शनिवार को चन्नी भी थोड़े नरम दिखे मगर उनके समर्थक चन्नी को सीएम फेस घोषित करने या उन्हें पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की जिद पर अड़े रहे। समर्थकों का साफ कहना है कि उन्हें मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग का नेतृत्व स्वीकार नहीं है।

### कांग्रेस किसी तरह की 'कमी' नहीं छोड़ना चाहती

पंजाब कांग्रेस में हुई इस बगावत के बाद हाईकमान एकदम सक्रिय हो गया है, क्योंकि वे पार्टी में बिखराव को विरोधियों की ताकत बनने नहीं देना चाहता है। उधर, भाजपा की नजरें भी इस पूरे विवाद पर गड़ी है जबकि कई भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के नाराज नेताओं से संपर्क साध रखा है। पंजाब कांग्रेस सूबे में किसी तरह का खेला नहीं होने देना चाहती जबकि भाजपा इस अवसर को भुनाने से पीछे नहीं हटना चाहती।

### जिताऊ चेहरों को ही मिलेगा टिकट



कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने एक सवाल के जवाब में बताया कि टिकट वितरण की जिम्मेदारी हाईकमान की है। इस बार हाईकमान ने यह जरूर साफ कर दिया है कि टिकट वितरण मेरिट के आधार पर ही होगा और जिताऊ चेहरों को ही टिकट दिया जाएगा।

### यहां वरिष्ठ नेताओं का 'एका' अहम

हाईकमान के इस मसले पर बैकफुट पर आने के आसार बहुत कम है। पार्टी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि पंजाब की सत्ता चाहिए तो वरिष्ठ कांग्रेसियों को हर हाल में एकजुट करना होगा। हाईकमान पंजाब में चुनाव से पहले एक रथयात्रा निकालने की भी तैयारी कर रहा है। रूट फाइनल किया जा रहा है और इसकी शुरुआत करने राहुल गांधी पंजाब आ सकते हैं। इस रथ पर पंजाब के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे और मिलकर कांग्रेस की ओर से चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे मगर इससे पहले नाराज नेताओं से बातचीत कर उनके एतराज को दूर करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

### राहुल के बयान भी चर्चा में

इसी साल फरवरी में राहुल गांधी ने बरनाला में रैली के दौरान पंजाब के कांग्रेसियों को सख्त लहजे में गुटबाजी से दूर रहते हुए एकजुट रहने की अपील की थी। राहुल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मौजूदगी में मंच से कहा था कि पार्टी में बिखराव या गुटबाजी करने वाले नेताओं को हाशिये पर बैठा दिया जाएगा और उनका इलाज खरगे करेंगे। इस अपील के चार महीने बाद ही पंजाब कांग्रेस में भारी बगावत देखने को मिली। अब देखना यह है कि इस स्थिति में हाईकमान का क्या स्टैंड रहता है।

### कांग्रेस में मची खींचतान पर आप का बड़ा हमला

## आखिर कांग्रेस को कौन चला रहा? इस पर बहस छिड़ी



पंजाब की सियासत में एक बार फिर गरमाहट आ गई है। प्रदेश कांग्रेस के भीतर चल रही अंदरूनी कलह को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप ) ने तीखा हमला बोला है। आप के पंजाब महासचिव बलतेज पन्नू ने कांग्रेस की इस गुटबाजी पर गहरा तंज कसा है। उन्होंने विपक्षी दल की सांगठनिक स्थिति पर सीधे सवाल उठाए हैं। न्यू ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में मचे इस घमासान के बीच कहा कि पंजाब की जनता आज यह जानने के लिए बेताब है कि आखिर कांग्रेस पार्टी को चला कौन रहा है? उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर सुलग रही गुटबाजी की आग में घी डालने का काम किया है और पार्टी में नेतृत्व के संकट को फिर से बहस के केंद्र में ला दिया है।

### हर नेता खुद को आलाकमान समझ रहा

आप नेता ने कांग्रेस नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करते हुए कहा कहा कि पार्टी में हर नेता खुद को आलाकमान समझ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि कार्यकर्ताओं को भी समझ नहीं आ रहा कि वे किस नेता के निर्देश का पालन करें। इस सांगठनिक भ्रम के कारण राज्य में मुख्य विपक्षी दल लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है।

---

## लखनऊ में नबीन की बड़ी बैठक

# चुनावों के लिए शह- मात का खेल शुरू, भाजपा ने यहां चुनावी तैयारियां और तेज की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर साल 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए शह-मात का खेल अभी से शुरू हो गया है। भाजपा ने सूबे की सत्ता पर दोबारा काबिज होने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को राजधानी लखनऊ में एनडीए सहयोगी दलों के साथ एक हाईप्रोफाइल बैठक हुई, जिसमें चुनावी दांव-पेंच और सीट शेयरिंग को लेकर लंबी चर्चा चली। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने साफ कर दिया कि इस सियासी जंग में एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर मैदान में उतरेंगे। नबीन के तेवर काफी आश्वस्त नजर आए। उन्होंने गठबंधन में बेहतर तालमेल और समन्वय पर जोर देते हुए कहा भाजपा अपने बूते चुनाव लड़ने का माद्दा रखती है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी घटक दल मिलकर उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाएं।

### 2017 दोहराने का टारगेट

भाजपा हाईकमान का पूरा जोर इस वक्त सरकार और संगठन के बीच की खाई को पाटने पर है।मौर्य ने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर काम करेंगे ताकि ऐतिहासिक जीत को दोहराया जा सके। मौर्य ने सपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जनता को गुंडा राज, माफिया राज, परिवारवाद और दंगे नहीं चाहिए। उन्हें विकास और सुरक्षा चाहिए। कहा जा रहा कि भाजपा के लिए '2017 का फॉर्मूला' एक ऐसा बेंचमार्क है, जिसे वह हर हाल में पाना चाहती है।

### चौधरी और नबीन ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

लखनऊ में भाजपा के 'विशिष्ट जनसंपर्क अभियान' के तहत रविवार को अहम कार्यक्रम हुआ। नबीन ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ उत्तर प्रदेश के पद्म पुरस्कार से सम्मानित प्रबुद्धजनों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की। विभूतियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके अनुभवों-सुझावों को अहम बताया। इसका उद्देश्य हस्तियों के विचारों को जनहित से जोड़ना है।

---

### विकसित भारत-जी राम जी

# चौहान ने राज्यों को 25,863 करोड़ रुपए की पहली किस्त दी, संसाधन उपलब्ध होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा राज्यों को संचालन के लिए 25,863 करोड़ की पहली किस्त जारी की।चौहान ने कहा कि सरकार का संकल्प था कि 1 जुलाई से यह पूरे देश में बिना किसी व्यवधान के लागू हो। योजना में किसी भी प्रकार की संचालन संबंधी शिकायत नहीं है। गरीब मजदूर भाई-बहनों की सेवा ही भगवान की सेवा है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक रोजगार, समय पर मजदूरी देना है।

### ग्रामीण श्रमिकों को सम्मान



### इसमें धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पहली किस्त राज्यों की मांग के आधार पर जारी की गई है और भविष्य में भी धन उपलब्ध कराया जाएगा। चौहान ने कहा कि ग्राम सभाएं और ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन करें ताकि गांवों का समग्र और सहभागी विकास सुनिश्चित हो सके।

### राज्यों को समय पर भुगतान दिया जाएगा

चौहान ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी के अंतर्गत मजदूरी दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब देश के किसी भी राज्य में मजदूरी 300 प्रतिदिन से कम नहीं होगी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण श्रमिकों की आय और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। पहली किस्त का उद्देश्य राज्यों को समय पर संसाधन उपलब्ध कराना है।

---

## बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु की बड़ी चेतावनी

# हिंसा या औद्योगिक इकाइयों को निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं, 3 गुना होगी वसूली

एजेंसी ▶▶ भवानीपुर

पश्चिम बंगाल की सरकार ने राज्य में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने बेहद सख्त कदम उठाया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने साफ कर दिया है कि अब सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी। नए कानून के तहत उपद्रवियों से नुकसान की 3गुना कीमत वसूली जाएगी। भवानीपुर में नागरिक समाज और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ हुई बैठक में यह बड़ी चेतावनी दी।



### नए कानून के मुख्य बिंदु

जुर्माना न चुकाने की स्थिति में आरोपी की अपनी संपत्ति को कुर्क और नीलाम किया जाएगा। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों को 12 महीने तक बिना ट्रायल हिरासत में रखा जा सकता है। फैक्ट्रियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जबरन बंद कराने या नुकसान पहुंचाने पर सीधे जेल होगी।

### मैं संविधान से बंधा हुआ हूं इसलिए

सुवेंदु ने भवानीपुर के वोटरों को संबोधित किया। अलीपुर में मीटिंग में सुवेंदु ने कहा कि हमने पुराने जानवरों को मारने के नियमों पर नए एक्ट को लागू करने के लिए कहा। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं संविधान से बंधा हुआ हूं।

---

### महिला कर्मचारियों की भूमिका अहम

## प्रधानमंत्री ने चिप संयंत्र में भागीदारी को 'गर्व से' सराहा

एजेंसी ▶▶ पनई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर उद्योग में युवा कार्यबल, विशेषकर दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों से आने वाली महिला कर्मचारियों की भूमिका को रेखांकित किया।उन्होंने गुजरात के सानंद में एक दिन पहले सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का उद्घाटन करने के बाद आई है। 'एक्स' पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात के सानंद में नव उद्घाटित सेमीकंडक्टर संयंत्र में कर्मचारियों के साथ उनकी बातचीत इस दौरे के सबसे विशेष क्षणों में से एक रही। इस संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग देश के दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं का है, जिनमें कई आदिवासी समुदायों से हैं। उन्होंने प्रशिक्षण लिया और वे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा को नई ताकत दे रही हैं। उन्होंने लिखा, हमारी युवा शक्ति पर गर्व! देश की महिलाएं और युवा सराहनीय काम कर रहे हैं।



---

## मौसम विभाग ने 15 राज्यों में भारी 'परेशानी' की चेतावनी दी

# 60 किमी प्रति घंटे तक चलेंगी हवाएं, तूफानी बारिश होगी



### दिल्ली से लेकर तमिलनाडु तक बारिश का सिलसिला शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से लेकर तमिलनाडु तक बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने 15 राज्यों में अगले 10 घंटे के अंदर भीषण बारिश, आंधी और तूफान का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में बारिश के दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिसकी रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। इसलिए लोगों से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। इन हवाओं से किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है।



### हिमाचल में चंद्रभागा नदी पर बनी 1 किमी लंबी झील

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिला में नई मुसीबत पैदा हो गई है। पिछले कुछ दिनों से जाहलमा नाले में पानी के साथ बड़े-बड़े पत्थर व मलबा आ रहा है, जिससे चंद्रभागा नदी में झील बन रही है। एक किलोमीटर से ज्यादा क्षेत्र में यह झील बन गई है। जोबरंग पुल व आसपास के खेत डूब गए हैं। पानी जोबरंग पुल के ऊपर से बह रहा है।

### दिल्ली में 15 फ्लाइट रद्द, जयपुर और लखनऊ डायवर्ट

दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण 15 फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा। 10 डोमेस्टिक और 5 इंटरनेशनल फ्लाइट्स को जयपुर और लखनऊ डायवर्ट किया गया।

### मुंबई में बारिश से पेड़ गिरने पर एक और शख्स की मौत



**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश से बीच पेड़ गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस सीजन यह मुंबई की दूसरी घटना है। इससे पहले स्कूल बस पर पेड़ गिरने से विहान श्रीवास्तव की मौत हुई थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से तीन देशों की यात्रा पर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड जाएंगे

6 से 8 जुलाई, 2026 को इंडोनेशिया की यात्रा

मोदी 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का दौरा करेंगे

10-11 जुलाई, 2026 को आधिकारिक यात्रा के लिए न्यूज़ीलैंड जाएंगे

जकार्ता में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इंडोनेशिया गणराज्य के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री मोदी आज यानी 6 से 8 जुलाई, 2026 को इंडोनेशिया की यात्रा करेंगे। यह प्रधानमंत्री की चौथी और मई 2018 में भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिलने के बाद पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक जकार्ता में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और दोनों देशों के बीच साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे। वह भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री योग्याकार्ता स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रांबानन मंदिर परिसर का भी दौरा करेंगे, जो भारत और इंडोनेशिया के साझा सांस्कृतिक संबंधों का प्रमुख प्रतीक माना जाता है। दोनों देशों के बीच रिश्ते दशकों पुराने हैं। इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो 1950 में भारत के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि बने थे। दुनिया में हिंदू देवता की सबसे ऊंची प्रतिमा भी इंडोनेशिया में स्थित है।

### भारतीय पीएम की पहली आधिकारिक न्यूजीलैंड यात्रा

*करीब चार दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली आधिकारिक न्यूजीलैंड यात्रा होगी। ऑकलैंड में प्रधानमंत्री मोदी न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता व्यापार, वाणिज्य, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे, जिनमें पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ऑकलैंड में प्रधानमंत्री प्रमुख कारोबारी और खेल जगत की हस्तियों से भी बातचीत करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के लोगों की एक बड़ी सभा को संबोधित करेंगे।*

## ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में हिस्सा लेंगे पीएम मोदी

*इंडोनेशिया के बाद, प्रधानमंत्री मोदी 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का दौरा करेंगे। यह यात्रा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के निमंत्रण पर हो रही है। मेलबर्न में, प्रधानमंत्री मोदी, प्रधानमंत्री अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन से भी मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में हिस्सा लेंगे और दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों को संबोधित करेंगे। साथ ही, भारतीय समुदाय के एक बड़े कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके बाद, न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफ़र लक्सन के निमंत्रण पर पीएम मोदी 10-11 जुलाई, 2026 को आधिकारिक यात्रा के लिए ऑकलैंड जाएंगे। प्रधानमंत्री क्रिस्टोफ़र लक्सन ने 3 जुलाई को एक एक्स पोस्ट में लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत के प्रधानमंत्री अगले हफ़्ते न्यूज़ीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और न्यूज़ीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण देश है। उन्होंने कहा, हम अप्रैल में हुए न्यूज़ीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिए दोनों देशों के रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं।*

छह देशों की यात्रा पर विदेश मंत्री जयशंकर

## कतर के पीएम से मिले, ऊर्जा-निवेश और क्षेत्रीय सुरक्षा पर अहम चर्चा


**दोहा।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर 5 से 10 जुलाई तक कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी और सुरक्षा सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने कतर में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए कतर के प्रधानमंत्री का आभार भी जताया। जयशंकर ने लिखा, हमने द्विपक्षीय सहयोग के कई पहलुओं, खास तौर पर ऊर्जा, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, सुरक्षा और पीपल टू पीपल रिलेशन की समीक्षा की ।



## खबर संक्षेप

### लद्दाख में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में रविवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई और इसकी गहराई 15 किलोमीटर थी। दोपहर करीब एक बजे झटके आने से लोगों में दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर निकलने लगे। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### 72 मौतों के मामले में 11 वर्षीय बच्चे पर मुकदमा

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जनवरी में गुल प्लाजा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग के मामले में पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इस चार्जशीट में 11 साल के एक बच्चे, उसके पिता और चार अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। गवाहों के अनुसार, पिता की गैरमौजूदगी में बच्चा कृत्रिम फूलों की दुकान पर माचिस से खेल रहा था, जिससे आग भड़क गई। इस हादसे में 72 लोगों की मौत हुई थी।



### लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हमला

**दुबई।** यमन के समुद्री तट के निकट लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात हथियारबंद हमलावरों द्वारा हमला किए जाने की खबर है। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने बताया कि यह हमला तटीय शहर होदेदा के पास हुआ। यह इलाका फिलहाल ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है। यूकेएमटीओ के अनुसार, संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।



ड्रग्स के खिलाफ भारत की बड़ी पहल

# गुवाहाटी में होगा ब्रिक्स देशों के एंटी नारकोटिक्स प्रमुखों के साथ बड़ा मंथन

डार्कनेट और क्रिप्टोकरेंसी: ड्रग तस्करी की नई वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

भारत अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत 6-7 जुलाई, 2026 को असम के गुवाहाटी में ब्रिक्स देशों की मादक पदार्थ निरोधक (एंटी-नारकोटिक्स) एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों की शीर्ष मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच संस्थागत निरंतरता को सुदृढ़ करना और ऑपरेशनल स्तर पर आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। वैश्विक स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी का परिदृश्य पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदला है। आज सिंथेटिक ड्रग्स, न्यू साइकोएक्टिव सब्सटेंस, डार्कनेट के जरिए होने वाली तस्करी और क्रिप्टोकरेंसी आधारित वित्तीय लेन-देन ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के सामने बेहद जटिल चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

हालांकि, दूसरी ओर इंटरडिक्शन (अवरोधन) टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस में हुई प्रगति ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित प्रवर्तन कार्रवाई के नए रास्ते भी खोले हैं। भारत इस बैठक को केवल एक संवाद-केंद्रित मंच नहीं मानता, बल्कि इसे एक स्ट्रक्चर्ड (व्यवस्थित) और परिणामोन्मुख सहयोगी व्यवस्था में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम मान रहा है। इस सम्मेलन में जमीनी समन्वय, खुफिया जानकारी के रियल-टाइम आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और ड्रग्स के उभरते खतरों के खिलाफ सामूहिक एक्शन पर विशेष जोर दिया जाएगा। गृह मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक भारत को ड्रग्स की समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे अपने ठोस प्रयासों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर देगी। मादक पदार्थों का बढ़ता जाल जनसुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और देश के युवाओं के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती है।

### सिर्फ चर्चा नहीं, अब एक्शन पर जोर: भारत का विज़न




### नशे के खिलाफ भारत ने कसा शिकंजा

इसे देखते हुए भारत ने हाल के वर्षों में ड्रग तस्करी और नशे के दुरुपयोग के खिलाफ अपने अभियान को काफी मजबूत किया है। सरकार जहां एक तरफ संगठित आपराधिक नेटवर्क पर कड़ा प्रहार कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जन-जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता और पुनर्वास पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है। इसी होल-ऑफ-गवर्नमेंट और नेटवर्क-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए भारत ने हाल ही में मादक पदार्थ नियंत्रण पर विज़न डॉक्यूमेंट (2026-2029) जारी किया है, जिसका उद्देश्य इस लड़ाई को संस्थागत रूप से मजबूत करना है।

**नशे पर लगाम लगाएंगे ब्रिक्स**

- **खुफिया नेटवर्क:** अवैध प्रयोगशालाओं और नए सिंथेटिक ड्रग्स से जुड़ी सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान
- **निगरानी:** प्रीकर्सर रसायनों और फार्मास्यूटिकल ड्रग्स के अवैध डायवर्जन की बेहतर मॉनिटरिंग
- **क्षमता निर्माण:** बेस्ट प्रैक्टिसेज (सर्वश्रेष्ठ कार्य-पद्धतियों) को साझा करना, संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान

### कोच्चि: ब्रिक्स महिला कार्य समूह करेंगे नेतृत्व पर चर्चा

*भारत की अध्यक्षता में आज से केरल के कोच्चि में दो दिवसीय ब्रिक्स महिला कार्य समूह की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो रही है। वैश्विक आबादी के लगभग 49.5 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिक्स देशों के लिए यह सम्मेलन रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। बैठक का मुख्य फोकस महिला नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक मजबूत साझा नीति और आम सहमति बनाना है। इस बार भारत की अध्यक्षता का मुख्य विषय लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण है, जो जन-केंद्रित और मानवता-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित है। इसी विज़न के तहत ब्रिक्स महिला ट्रैक ने चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को चुना है, जिनमें शासन व नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी, डिजिटल व वित्तीय समावेशन, महिला उद्यमिता व कौशल विकास और जलवायु परिवर्तन व खाद्य सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका शामिल है। इस मुख्य सम्मेलन से पहले तीन दौर की वर्चुअल प्रारंभिक बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिससे कोच्चि बैठक के एजेंडे को ठोस रूप दिया गया है। यह दो दिवसीय मंथन आगामी 8-9 जुलाई को होने वाली 'ब्रिक्स महिला मंत्रिस्तरीय बैठक' के लिए एक मजबूत और व्यावहारिक आधार तैयार करेगा।*

15 जुलाई से लागू होगी भारत-यूके ट्रेड डील

## रीपैकेजिंग और पॉलिशिंग करने वाले प्रोडक्ट्स को नहीं मिलेगी टैक्स छूट

शर्तें पूरी न होने पर कस्टम्स अधिकारी छूट देने से इनकार कर सकते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गिनाए कई फायदे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) आगामी 15 जुलाई 2026 से लागू होने जा रहा है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने इस समझौते से जुड़े नए नियम और नोटिफिकेशन जारी कर दिए हैं, जिससे यह साफ हो गया है कि किस सामान को इस समझौते के तहत टैक्स में मिलने वाली विशेष छूट का फायदा मिलेगा।

वित्त मंत्रालय और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी इन नियमों के मुताबिक, 'कंट्री ऑफ ओरिजिन' (मूल देश) को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। नए नियमों में साफ कहा गया है कि अगर किसी दूसरे देश से सामान लाकर भारत या यूके में सिर्फ उसकी रीपैकेजिंग, नया लेबल लगाने, धुलाई, छंटाई, पॉलिशिंग या साधारण असेंबली की जाती है, तो उसे टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलेगा। किसी प्रोडक्ट को दोनों देशों में बना हुआ तभी माना जाएगा, जब वह पूरी तरह से किसी एक देश में तैयार किया गया हो या वहीं की सामग्री से बना हो। शर्तें पूरी न होने पर कस्टम्स अधिकारी छूट देने से इनकार कर सकते हैं। इस बीच, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में आयोजित इंडिया-यूके: पार्टनर्स इन प्रोग्रेस बिजनेस प्लेनरी कार्यक्रम में इस ऐतिहासिक समझौते के फायदे गिनाए। उन्होंने कहा कि इस डील से दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग मजबूत होगा।

### जहां प्रोसेस वहीं का प्रोडक्ट

इन नियमों में एक खास व्यवस्था यह भी की गई है कि एक पार्टनर देश में बनी चीज को दूसरे देश में आगे प्रोसेस किए जाने पर भी उसे उसी देश का माना जा सकेगा, जिससे दोनों देशों के बीच मैन्युफैक्चरिंग और ग्लोबल सप्लाई चेन को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। पीयूष गोयल ने भारतीय कंपनियों से अपील की है कि वे यूके की कंपनियों के साथ अपने कारोबारी रिश्ते मजबूत करें और इस समझौते से मिलने वाले नए मौकों का पूरा फायदा उठाएं, क्योंकि यह डील न सिर्फ व्यापार बढ़ाएगी बल्कि प्रोफेशनल्स के लिए भी अवसरों के नए दरवाजे खोलेगी।

ईरान का खौफनाक इमरजेंसी प्लान

## बड़ा सवाल:खामेनेई के जनाजे के लिए क्या वाकई खोदी जा रहीं 3,000 कब्रें?

एजेंसी ▶▶ तेहरान



अमेरिका और इजराइल के हमले में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के जनाजे को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। जर्मनी के अखबार डाई वेल्ट के दावे के मुताबिक, ईरानी प्रशासन ने जनाजे के दौरान संभावित बड़े हादसे से निपटने के लिए एक अत्यंत गोपनीय आपातकालीन योजना तैयार की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाखों लोगों की उमड़ने वाली भारी भीड़, भीषण गर्मी और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर प्रशासन ने सबसे खराब स्थिति का आकलन किया है, जिसमें 1,500 से 3,000 लोगों की मौत तक की आशंका जताई गई है। इसलिए 3 हजार कब्रें खोदी गई हैं। दावा है कि इसी के तहत तेहरान के बेहेश्त-ए-जहरा कब्रिस्तान में आपातकालीन तौर पर कब्रें तैयार की जा रही हैं, हालांकि ईरान सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। कथित तौर पर ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने सरकार को एक गोपनीय पत्र भेजकर लापता है।

पाकिस्तान के मन में आखिर क्या?

## तुर्की पहुंचकर कश्मीर पर डील का दांव खेल रहे पाक पीएम शहबाज

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओजेके) में मचे भीषण बवाल और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों ने पाकिस्तानी हुकूमत को हिलाकर रख दिया हैं। इस आंतरिक संकट से घबराए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ईरान में खामेनेई के अंतिम संस्कार से सीधे तुर्की पहुंच गए हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तईप एर्दोगान के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और कश्मीर मुद्दे को लेकर एक नई डील की कोशिश की। दोनों नेताओं ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक-दूसरे के प्रमुख मुद्दों पर दृढ़ समर्थन का आश्वासन दिया, जहां शहबाज ने दोनों देशों को एक ही आत्मा के दो दिल तक कह डाला। शहबाज शरीफ ने घोषणा की कि पाकिस्तान, तुर्की गणराज्य उत्तरी साइप्रस के मुद्दे पर तुर्की के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। इस समर्थन के बदले पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे पर तुर्की का साथ चाहिए।

## खामेनेई के 3 बेटे अंतिम संस्कार में दिखे




**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान उनके तीन बेटे- मसूद, मेसम और मुस्तफा-पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। तेहरान के ग्रैंड मोसाला परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा का नेतृत्व वरिष्ठ धार्मिक नेता जाफर सोभानी ने किया। इस हमले में खामेनेई की 18 महीने की पोती समेत परिवार के चार सदस्यों की भी मौत हुई थी। हालांकि, सुरक्षा कारणों और इजराइली हमलों के डर से खामेनेई के दूसरे बेटे और वर्तमान उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई इस कार्यक्रम से दूर रहे। इस सभा में आईआरजीसी कमांडर अहमद वाहिदी और कुद्स फोर्स के प्रमुख इस्माइल कानी भी शामिल हुए। खामेनेई का यह शोक कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा, जिसके तहत आज यानी सोमवार को तेहरान में विशाल अंतिम संस्कार जुलूस निकाला जाएगा।

इसरो को मिली बड़ी कामयाबी

## गगनयान मिशन के लिए 'सोल्व' रॉकेट मोटर का पहला परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसरो ने सॉल्व सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) नामक विशेष परीक्षण रॉकेट की सॉलिड मोटर यानी ठोस ईंधन प्रणाली का पहला सफल परीक्षण किया है। यह महत्वपूर्ण टेस्ट आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में किया गया, जहां रॉकेट मोटर का प्रदर्शन वैज्ञानिकों की उम्मीदों के बिल्कुल मुताबिक रहा। इस सफल परीक्षण का मुख्य उद्देश्य भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना है। सोल्व कोई आम रॉकेट नहीं है, बल्कि इसे विशेष रूप से गगनयान मिशन के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा जांचने के लिए तैयार किया गया है। इस रॉकेट की मदद से उस हिस्से को, जिसमें अंतरिक्ष यात्री बैठेंगे, आसमान में करीब 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाया जाएगा और फिर वहां से अलग कर दिया जाएगा। इसके बाद मॉड्यूल की रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए एक-एक करके 10 विशेष पैराशूट खोले जाएंगे ताकि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कर सकें। गगनयान भारत का बेहद खास अंतरिक्ष प्रोजेक्ट है, जिसके तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से लगभग 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। ये यात्री वहां तीन दिन का समय बिताएंगे और फिर उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री क्षेत्र में वापस उतारा जाएगा। इस पूरे मिशन के लिए इंसानों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद मजबूत माने जाने वाले ह्यूमन रेटेड एलवीएम-3 (एचएलवी-3) रॉकेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने भारत से मदद की लगाई गुहार

## पीओके में 600 कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भड़का आक्रोश

पाकिस्तानी हुकूमत क्रूरता में कोई कसर नहीं छोड़ रही

**श्रीनगर से लोगों से कहा मदद करें दवाएं और राशन भी खत्म हो गया**

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में पाकिस्तानी सरकार की दमनकारी कार्रवाई और 600 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं की सामूहिक गिरफ्तारी के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। प्रमुख आंदोलनकारी नेता शौकत नवाज मीर की नजरबंदी से नाराज जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने अब इस्लामाबाद की हुकूमत को खुली चुनौती देते हुए भारत से सीधी मदद की गुहार लगाई है। क्षेत्र में इस समय पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन चल रहे हैं, जिसमें प्रदर्शनकारी दोनों देशों के बीच की सीजफायर लाइन (एलओसी) को हमेशा के लिए खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर जम्मू-कश्मीर जेएएसी के मुख्य सदस्य सरदार अमन खान का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तानी शासन के तहत हो रही व्यवस्थित क्रूरता, भारी किल्लत और गंभीर मानवीय संकट को उजागर किया है। अमन खान ने भरी भीड़ के सामने विभाजन के उस पार यानी भारतीय हिस्से के जम्मू-कश्मीर के लोगों को संदेश भेजते हुए कहा कि मेंढर, पुंछ, राजौरी, डोडा और श्रीनगर के लोग हमारी मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि इस तरफ राशन और दवाओं की भारी कमी हो चुकी है और वे अब इस सीजफायर लाइन को खत्म करना चाहते हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों की मनमानी की तीखी आलोचना करते हुए प्रदर्शनकारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि स्थानीय नागरिक अब इस्लामाबाद की धमकियों के आगे झुकने वाले नहीं हैं। वायरल वीडियो में खान सुरक्षा व्यवस्था को सीधे चुनौती देते हुए भीड़ से पूछते नजर आ रहे हैं।

### हम खत्म करना चाहते सीजफायर लाइन

*पाकिस्तानी नियंत्रण से निकलने की स्थानीय लोगों की बेताबी को उजागर करते हुए, जेएएसी नेता ने सीमाओं को खत्म करने की मांग की और विभाजन के पार संदेश भेजते हुए कहा, ₹हम सीजफायर लाइन को खत्म करना चाहते हैं और हमें आपके समर्थन की जरूरत है। उसने दूसरी तरफ के लोगों से मेरी अपील है कि वे आगे आएं। और जैसा कि मैंने कहा, रास्तो... अगर हमने राजनीतिक बातचीत के लिए दरवाजा खुला रखा है।*

# 70वें मिनट में एमबाप्पे का 'मास्टरस्ट्रोक'



**फ्रांस ने पैराग्वे को 1-0 से हराया क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का**

**एमबाप्पे का 19वां वर्ल्ड कप गोल पैराग्वे का सफर खत्म**

एजेंसी ▶▶| फिलाडेल्फिया

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने पांव का जादू दिखाते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पराग्वे के खिलाड़ियों ने एमबाप्पे को खुलकर खेलने से रोके रखा और इस बीच उन्हें भड़काने की भी कोशिश की। यह दिग्गज खिलाड़ी हालांकि शांत बना रहा और इस बीच मुस्कुरा कर खेल का पूरा आनंद भी लेता रहा। यही वजह थी कि जब फ्रांस को 70वें मिनट में पेनल्टी मिली तो उन्होंने बड़ी सहजता से पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल को छकाकर उस पर गोल कर दिया। एमबाप्पे के विश्व कप करियर का यह 19वां गोल था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### लगातार चौथी बार क्वार्टर फाइनल में फ्रांस

भीषण गर्मी में खेले गए इस मैच में एमबाप्पे के इस गोल ने फ्रांस को लगातार चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। एमबाप्पे ने बाद में कहा, 'हम जानते थे कि इस मैच में क्या होने वाला है। हम भी आक्रामक हो सकते थे लेकिन हम जानते हैं कि कैसे खेलना है। हमें पता है कि आक्रामक फुटबॉल कैसे खेलते हैं। शायद वे सोच रहे थे कि हम सूट-बूट में आएंगे, लेकिन हम तैयार थे।' फ्रांस क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में मोरक्को का सामना करेगा।

### मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे एमबाप्पे


एमबाप्पे सभी विश्व कप में कुल मिलाकर सर्वाधिक गोल करने के मामले में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के करियर रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में एमबाप्पे और मेस्सी दोनों के सात-सात गोल हैं और वे 'गोल्डन बूट' की दौड़ में शीर्ष पर हैं। एमबाप्पे ने पिछले विश्व कप में यह पुरस्कार जीता था लेकिन तब उनकी टीम फाइनल में अर्जेंटीना से हार गई थी।



### तीन विश्व कप के नॉकआउट राउंड में एमबाप्पे ने किए तीन गोल

एमबाप्पे इसके साथ ही पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने तीन विश्व कप के नॉकआउट राउंड में कम से कम तीन गोल किए हैं। फ्रांस की जीत का अंतर अधिक हो सकता था लेकिन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरे हाफ में एमबाप्पे के एक बेहतरीन प्रयास को नाकाम किया और ओस्मान डेम्बेले को भी गोल करने से रोका।

# मोरक्को ने कनाडा के जादुई अभियान को रोका, अंतिम 8 में शानदार प्रवेश



एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

अजेदीन ओउनाही के दो गोल की मदद से मोरक्को ने कनाडा को 3-0 से हराया और इस तरह से वह विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एक से अधिक बार पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया। पहला हाफ गोलरहित छूटने के बाद मोरक्को ने अपना असली रंग दिखाया और दनादन तीन गोल करके सह मेजबान कनाडा का जादुई अभियान आगे नहीं बढ़ने दिया। ओउनाही ने 50वें और 82वें मिनट में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल सोफियान रहीमी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में किया।

### कनाडा नहीं उठा पाया अवसरों का फायदा

कनाडा ने भी अच्छा खेल दिखाया लेकिन वह अवसरों का फायदा नहीं उठा पाया। इसके बावजूद कनाडा के लिए यह विश्व कप यादगार बन गया, क्योंकि वहां फुटबॉल लोकप्रिय नहीं है और वहां के लोगों पर आइस हॉकी का जादू सर चढ़कर बोलता है। यही कारण है कि उसके कोच जेसी मार्श टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। मार्श ने कहा, 'यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि कनाडा की टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मुकाम पर है,जिसकी 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। लोगों में गजब का उत्साह है और इसलिए अब हर कोई कहेगा कि अगले विश्व कप में राउंड ऑफ 16 से नीचे आना असफलता है।'

### 'गोल्डन बूट' की दौड़ बनी रोचक



**फिलाडेल्फिया।** फ्रांस के काइलियन एमबाप्पे ने पराग्वे के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी किक पर गोल दागकर अपने विश्व कप करियर का 19वां और मौजूदा टूर्नामेंट का सातवां गोल करके अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ 'गोल्डन बूट' की दौड़ रोचक बना दी। इन दोनों खिलाड़ियों ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक सात-सात गोल किए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे हैं। नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड और इंग्लैंड के हैरी केन पांच-पांच गोल के साथ 'गोल्डन बूट' की दौड़ में अगले स्थान पर हैं। अपना छठा विश्व कप खेल रहे मेस्सी ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक 20 गोल किए हैं और इस तरह से एमबाप्पे इस रिकॉर्ड के मामले में उनसे केवल एक गोल पीछे हैं। यही नहीं एमबाप्पे का विश्व कप के नॉकआउट राउंड में यह 11वां गोल था और इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया। वह तीन विश्व कप में से प्रत्येक के नॉकआउट राउंड में कम से कम तीन गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## खबर संक्षेप



### बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल: कट से चूके शुभंकर

**म्यूनिख।** शुभंकर शर्मा लंबे ब्रेक के बाद वापसी करते हुए यहां बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गए। शुभंकर ने लगातार दो दौर में 73 का स्कोर बनाया, जो उन्हें कट में जगह दिलाने के लिए नाकाफी था। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। जर्मनी के थॉमस रोसेम्युलर सात अंडर 65 के दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ खिताब की दौड़ में शामिल हो गए है। उनका कुल स्कोर 11 अंडर है और वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं रोसेम्युलर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे बर्नड वीसबर्गर और माइकल होलिक से दो शॉट पीछे हैं। इन दोनों का कुल स्कोर 13 अंडर है।

### खिताबी दौड़ में बरकरार दीक्षा और अदिति अशोक



**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के तीसरे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचकर खिताब की दौड़ में अपनी मजबूत दावेदारी बनाए रखी है। दीक्षा ने लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के इस टूर्नामेंट में भारत की उम्मीदों को कायम रखते हुए एक अंडर 71 और अदिति ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला। दोनों ओलंपियन का कुल स्कोर पांच अंडर 211 है और वे तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे हैं। बेनेट ने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने स्पेन की कैरोलिना चकार्रा पर दो स्ट्रोक की बढ़त बना ली है। दीक्षा ने दूसरे और नौवें होल पर बर्डी लगाई, जबकि दिन का एकमात्र बोगी 10वें होल पर किया।

# भारत ए की श्रीलंका ए पर शानदार जीत, बराड़ ने चटकाए 10 विकेट

एजेंसी ▶▶| गॉल

तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट में कुल 10 विकेट लेकर भारत ए को श्रीलंका ए पर शानदार 10 विकेट की जीत दिलाकर अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ संभावित टेस्ट पदार्पण के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

साई सुदर्शन के 168 रन की बदौलत भारत ए ने पहली पारी में 543 रन का विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका ए पर 177 रनों की बढ़त हासिल की। भारत ए ने दिन की शुरुआत 8 विकेट पर 541 रन से की थी। मैच के चौथे और अंतिम दिन खेल तेजी से आगे बढ़ा। बराड़ ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर श्रीलंका ए की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पहली पारी में भी उन्होंने 4 विकेट लिए थे, जिससे पूरे मैच में उनके विकेटों की संख्या 10 हो गई।

### श्रीलंका ए की बल्लेबाजी नाकाम

श्रीलंका ए की ओर से आशेन बंडारा ने 87 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। श्रीलंका ए की दूसरी पारी 209 रन पर सिमटने के बाद भारत ए को जीत के लिए केवल 33 रन का लक्ष्य मिला। साई सुदर्शन और अमन मोखाड़े ने 6.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए यह लक्ष्य हासिल कर लिया और भारत ए ने 10 विकेट से आसान जीत दर्ज की।



# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड 7वीं बार जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| लंदन

■ महिला टी20 विश्व कप

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (64 रन) के अर्धशतक और फोबे लिचफील्ड (48 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी से रविवार को महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को 17 गेंद रहते 7 विकेट से शिकस्त देकर सातवां खिताब अपने नाम किया। मूनी ने 49 गेंद का सामना करते हुए 10 चौके जमाए जबकि लिचफील्ड ने 13वें ओवर की अंतिम गेंद पर आउट होने से पहले 35 गेंद की तेज तर्रार पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जड़े। इससे ऑस्ट्रेलिया ने 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.1 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।



मूनी और लिचफील्ड ने जॉर्जिया वोल (09) के दूसरे ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर बोल्ड होने के बाद जिम्मेदारी से खेलते हुए इंग्लैंड की गेंदबाजों के खिलाफ आराम से रन जुटाते हुए 67 गेंद में शतकीय भागीदारी निभाई। पर 13वें ओवर में चार्ली डीन की अंतिम गेंद पर लिचफील्ड के लेग स्टंप उखड़ गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 117 रन पर दूसरा विकेट गंवाया।

# आजम फिर बने टेस्ट टीम के कप्तान, मसूद बर्खास्त



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शान मसूद को टेस्ट टीम की कप्तानी से बर्खास्त करके उनकी जगह बाबर आजम तो फिर से कमान सौंपी है। मसूद को कप्तान पद से हटाना तय लग रहा था क्योंकि पाकिस्तान ने उनकी कप्तानी में जो 18 टेस्ट मैच खेले उनमें से 12 में उसे हार का सामना करना पड़ा। मसूद ने 2023 के शुरू में बाबर से कप्तानी संभाली थी। चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा, 'हम एक ऐसे कप्तान की तलाश में थे, जो टीम का बेहतर नेतृत्व कर सके। शान का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा था, लेकिन कप्तान के तौर पर हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे थे।'

# टेस्ट सीरीज: श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण की उडाई धज्जियां

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

सोनल दिनुशा (92) और कुसल मेंडिस (69) ने छठे विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी की, जिससे श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 549 रन बनाकर समाप्त घोषित की।

वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर



58 रन बनाए थे और वह अब भी श्रीलंका से 491 रन पीछे है। उसने जल्द ही सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (17) का विकेट गंवा दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जॉन कैंपबेल 31 और कैवेम हॉज छह रन पर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट एक पारी और 217 रन से जीतकर दो मैचों की श्रृंखला में बढ़त बना रखी है। दिनुशा और मेंडिस ने लाहिरु उदरा और कामिंदु मेंडिस की रखी नींव को आगे बढ़ाया।

## विबलडन

# ज्वेरेव की क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने पर नजर



एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन में दूसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी खिलाड़ी मार्कोस गिरोन के खिलाफ 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ज्वेरेव ने अपने करियर में चौथी बार ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे राउंड में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, जर्मन खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ विंबलडन पहुंचे, हालांकि उन्होंने माना कि ग्रास (घास) उनका सबसे कम पसंदीदा सरफेस है। वह एसडब्ल्यू19 में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए, लेकिन उनके हालिया प्रदर्शन से संकेत मिला कि शायद वह अब आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

### ज्वेरेव ने अपनी सर्विस में लगाए 17 ऐस

29 वर्षीय ज्वेरेव ने अपनी सर्विस के दम पर एक और शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुकाबले में 17 ऐस लगाए और पहली सर्विस पर खेले गए 70 में से 54 अंक (77 प्रतिशत) अपने नाम किए। हालांकि, अमेरिकी खिलाड़ी गिरोन ने लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन ज्वेरेव ने उनके खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। उन्होंने गिरोन के खिलाफ सभी पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों के बीच खेले गए 14 सेटों में से 13 अपने नाम किए हैं।

## ग्रैंड चेस टूर : ब्लिट्स वर्ग में पिछड़े, अलीरेजा ने बढ़त बनाई

# रैपिड वर्ग वाला शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| जागरेब

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड चेस टूर के क्रोएशिया चरण में रैपिड वर्ग वाला अपना शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम रहे और ब्लिट्ज वर्ग के शुरुआती 9 दौर में सिर्फ 3.5 अंक ही हासिल कर पाए। इस बीच फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शानदार खेल दिखाते हुए एकल बढ़त बना ली है। प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दिन का खेल बाकी है। अलीरेजा ने तेज खेल वाले प्रारुप में कमाल का खेल दिखाया और 9 में से 8 अंक हासिल किए। उन्होंने 20 अंक के साथ अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव पर तीन अंक की बड़ी बढ़त बना ली है।

### प्रज्ञानानंदा चौथे स्थान पर खिसके

प्रज्ञानानंदा 15.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश का दिन भी औसत रहा और वे 14 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ग्रैंड चेस टूर के इतिहास में सबसे दमदार प्रदर्शन में से एक में अलीरेजा ने आधे खिलाड़ियों को कम से कम सात अंक पीछे छोड़ दिया है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर 13 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि रोमानिया के डीक बोगदान डैनियल के 11.5 अंक हैं। नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट उनसे दो अंक और पीछे हैं जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक सिर्फ पांच अंक के साथ सबसे नीचे हैं।



### प्रज्ञानानंदा ने ब्लिट्ज वर्ग में खोई लय

रैपिड वर्ग के बाद अलीरेजा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे प्रज्ञानानंदा ब्लिट्ज वर्ग में अपनी लय खो बैठे। दिन की शुरुआत कीमर पर जीत के साथ करने के बाद प्रज्ञानानंदा ने गिरी के साथ अगली बाजी ड्रॉ खेली लेकिन फिर लगातार चार हार ने उनके आत्मविश्वास को कम कर दिया। टूर्नामेंट के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ी ने आठ में से 3.5 अंक जुटाए। गुकेश के लिए भी स्थिति काफी अलग नहीं थी लेकिन उन्होंने प्रज्ञानानंदा से आधा अंक अधिक हासिल किया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन ने चार बाजी गंवाई। ब्लिट्ज वर्ग में अब भी नौ दौर खेले जाने बाकी हैं लेकिन शीर्ष स्थान शायद पहले ही तय हो चुका है।




## भोपाल मेट्रो ने पहली बार अपनाई लॉन्चिंग गैंट्री तकनीक

# ब्लू लाइन कॉरिडोर में निर्माण होगा तेज, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट में अब निर्माण और ट्रैफिक प्रबंधन साथ-साथ चलते नजर आएंगे। शहर में पहली बार लॉन्चिंग गैंट्री मशीन का इस्तेमाल शुरू किया गया है, जिससे एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक के गर्डर बिना सड़क पर भारी क्रेन उतारे ही पिलरों पर स्थापित किए जा सकेंगे। इस नई तकनीक की शुरुआत ब्लू लाइन कॉरिडोर में रत्नागिरी तिराहे से की गई है। इससे निर्माण की गति बढ़ने के साथ आम लोगों को ट्रैफिक जाम से भी काफी राहत मिलने की उम्मीद है। अब तक मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर (सुभाष नगर से एम्स) में सभी गर्डर भारी-भरकम क्रेनों की मदद से लगाए गए थे। इस दौरान कई बार सड़क के हिस्से बंद करने पड़ते थे और यातायात प्रभावित होता था, लेकिन लॉन्चिंग गैंट्री मशीन पिलरों के ऊपर ही काम करती है, जिससे नीचे सड़क पर ट्रैफिक सामान्य रूप से चलता रहता है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार रत्नागिरी तिराहे से जेके रोड तिराहे तक करीब 80 फीसदी पिलरों का निर्माण पूरा हो चुका है। अब इस हिस्से में तेजी से गर्डर लॉन्चिंग का काम किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से परियोजना की रफ्तार बढ़ेगी और निर्धारित समयसीमा में निर्माण पूरा करने में मदद मिलेगी।

**एलिवेटेड ट्रैक के गर्डर बिना सड़क पर क्रेन उतारे ही पिलरों पर होंगे स्थापित**

### ट्राली के माध्यम से मशीन तक पहुंचते हैं गर्डर

लॉन्चिंग गैंट्री मशीन की कार्यप्रणाली भी पूरी तरह आधुनिक है। पहले तैयार गर्डर को ट्रॉली के माध्यम से मशीन तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद मशीन में लगी विशेष क्रेन गर्डर को उठाकर दो पिलरों के बीच निर्धारित स्थान पर सटीक तरीके से स्थापित कर देती है। एक गर्डर लगाने के बाद पूरी मशीन खुद अगले पिलरों की ओर बढ़ जाती है और वहीं से अगला गर्डर स्थापित करती है।

## यूसीसी पर फैसला टला समिति का कार्यकाल बढ़ा मानसून सत्र में विधेयक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में विधेयक पेश होने की संभावना पर संशय गहरा गया है। राज्य सरकार ने यूसीसी का मसौदा तैयार कर रही उच्च स्तरीय समिति का कार्यकाल 26 जुलाई 2026 तक बढ़ा दिया है, जबकि विधानसभा का मानसून सत्र 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

ऐसे में इस सत्र के दौरान विधेयक पेश किए जाने को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने 30 जून को जारी अधिसूचना में समिति के सदस्य सचिव के अनुरोध और मसौदा तैयार करने की प्रगति को देखते हुए कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि समिति के गठन से जुड़े अन्य सभी प्रावधान पूर्ववत लागू रहेंगे।

संभागीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# अभियोजन अधिकारियों को मामले की तैयारी करके करना चाहिए पैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भोपाल संभाग के अभियोजन अधिकारियों एवं लोक अभियोजकों की महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध में कुशल अभियोजन विषय पर एकदिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन होटल सयाजी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला थे।

उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियोजन अधिकारियों को मामले को तैयार करके पैरवी करनी चाहिए, हमें अमेरिका के पब्लिक प्रॉसिक्यूटर के तर्ज कर कार्य करना चाहिए। अभियोजन की सुविधाओं, नये पद के सम्बन्ध में प्रक्रिया शीघ्र पूरी होंगी। संचालक लोक अभियोजन बीएल प्रजापति एवं पुलिस कमिश्नर भोपाल संजय कुमार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। संचालक लोक अभियोजन ने सम्बोधित करते हुए कहा की सभी के प्रयास से अभियोजन बेहतर कार्य कर रहा है, और हम निरंतर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रभारी उप संचालक राजेन्द्र उपाध्याय, पुलिस उपयुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान ने प्रशिक्षार्थियों को महिला एवं बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध एवं मोबाइल फॉरेन्सिक, ई साक्ष्य के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया, मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा ने पॉक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट से संबंधित प्रावधानों के संबंध में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान की गईं अहम जानकारियां

महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की सेवानिवृत्ति जिला न्यायाधीश डीके श्रीवास्तव ने पॉक्सो के मामलों में पैरवी के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां एवं कुशल अभियोजन के संबंध में प्रशिक्षार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, मेडिको लीगल के पूर्व संचालक डीएस बड़कुर ने महिला अपराधों में फॉरेंसिक एवं डीएनए के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला भोपाल के लोक अभियोजक पी एन सिंह राजपूत, सीहोर रायसेन,राजगढ़ एवं विदिशा के अभियोजन अधिकारी एवं लोक अभियोजक कार्यशाला में सम्मिलित हुए, कार्यक्रम में राज्य संचालनालय से डीपीओ महेन्द्र सिंह गौतम जिला सीहोर के डीपीओ विवेक गौड़, रायसेन के अतिरिक्त डीपीओ भारती गेड़ाम एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए।

## प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# 'अजाक्स चला गांव की ओर' से करेगा स्कूल दाखिले में मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय कार्यालय अजाक्स भवन में रविवार को प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई।

संघ के संरक्षक जेएन कंसोटिया ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अजाक्स के भावी कार्यक्रमों की घोषणा कर संगठन शक्ति को मजबूत करने और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सहित पदोन्नति समितियों की बैठक में सक्रियता से भाग लेने की बात पर बल दिया। कंसोटिया ने बाबा साहेब के विकास के त्रिसूत्रीय फार्मूले 'शिक्षित बनों–संगठित रहो और संघर्ष करो' के पहले बिंदु पर जुलाई माह में काम करने की बात का संकल्प दिलाया। अजाक्स की, स्कूल से गांव के हर घर के बच्चे को जोड़ने के लिए अजाक्स चला गांव की ओर ब्लाक, तहसील, जिला के सभी पदाधिकारी गांव में प्रत्येक बस्ती में जाएं एवं हर बच्चे को स्कूल में दाख़िला कराएं, शिक्षा के अधिकार के तहत प्राइवेट स्कूलों में भी बच्चों को दाख़िला कराया जाए।

**प्राइवेट स्कूलों में भी कराए जाएं बच्चों के दाखिले**

इसके साथ ही संघ का सदस्यता अभियान चलाया जाए। बैठक में अनेक प्रांतीय पदाधिकारियों सहित संभाग, जिला,ब्लॉक एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नई पदोन्नति पर उठाईं दो आपत्तियां

# पदोन्नति विवादः सपाक्स की याचिका पर 7 जुलाई को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर जारी विवाद के बीच सामान्य, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी संघ (सपाक्स) की याचिका पर 7 जुलाई को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। याचिका में नई पदोन्नति नीति पर दो प्रमुख आपत्तियां उठाई गई हैं और वर्ष 2016 से पदोन्नति प्रक्रिया रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सपाक्स का कहना है कि सरकार ने 2002 की पदोन्नति में आरक्षण संबंधी व्यवस्था को ही वर्ष 2025 की पदोन्नति नीति में लागू कर दिया है, जबकि यह कानूनी रूप से उचित नहीं है। संघ की दूसरी प्रमुख आपत्ति यह है कि सुप्रीम कोर्ट से पदोन्नति पर कोई रोक नहीं थी, इसके बावजूद वर्ष 2016 से पदोन्नति प्रक्रिया रोक दी गई, जिससे बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रभावित हुए।

### जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

सपाक्स के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. केदार सिंह तोमर और अजय जैन ने दावा किया कि पिछले करीब दस वर्षों में सवा लाख से अधिक कर्मचारी बिना पदोन्नति प्राप्त किए ही सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मांग की कि पदोन्नति रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को काल्पनिक (नोटेशनल) पदोन्नति का लाभ दिया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों के वेतन से कटौती कर कर्मचारियों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दी समझाइश, तब माने

# दुकान के बाहर खड़े युवक की अचानक मौत हमीदिया में परिजन ने किया पीएम से इंकार

» आनन-फानन में परिजन युवक को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे

» पोस्टमार्टम को लेकर परिजनों ने शुरू कर दिया हंगामा, कोहेफिजा की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल की इमरजेंसी में रविवार शाम को 19 साल के युवक की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मामला कोहेफिजा थाने में दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक युवक दुकान के बाहर खड़ा था। अचानक वह गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे हमीदिया लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम को लेकर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। वे पीएम कराने से इंकार कर रहे थे। सूचना पर कोहेफिजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कोहेफिजा टीआई केजी शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने परिजनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। पुलिस की समझाइश के बाद पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद ही शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर बुजुर्ग से 90 हजार की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रहने वाले 75 साल के बुजुर्ग को बिजली कंपनी का कर्मचारी बनकर साइबर ठग ने 90 हजार रुपए का चूना लगा दिया।

आरोपी ने उपभोक्ता नंबर अपडेट कराने का झांसा देते हुए मोबाइल में एक एपीके फाइल भेजी थी। फाइल डाउनलोड कराकर जालसाज ने 90,521 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। इतना ही नहीं, ठगी के बाद बुजुर्ग का व्हाट्सएप अकाउंट भी हैक कर लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बागसेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि सुरेंद्र गार्डन निवासी 75 वर्षीय हेमचंद्र पाण्डेय के मोबाइल पर 30 जून को दो अलग-अलग नंबरों से कॉल और वाट्सएप संदेश आए। कॉल करने वाले ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका बिजली उपभोक्ता नंबर अपडेट किया जाना है। इसके लिए उसने वाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी और उसे मोबाइल में इंस्टॉल करने के लिए कहा। बुजुर्ग ने आरोपी के बताए अनुसार फाइल डाउनलोड कर मोबाइल में इंस्टॉल कर ली और मांगी गई जानकारी भर दी। जानकारी भरने के बाद आरोपी ने कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए केवल 12 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

### आरोपी पर यकीन करना पड़ा भारी

*जब बुजुर्ग ने फोन-पे से भुगतान करने की बात कही तो आरोपी ने उन्हें 90521 का कोड दर्ज करने के लिए कहा। शुरूआत में बुजुर्ग को संदेह हुआ, लेकिन आरोपी ने भरोसा दिलाया कि उनके खाते से कोई पैसा नहीं कटेगा और यह केवल उपभोक्ता नंबर अपडेट करने की औपचारिक प्रक्रिया है। आरोपी की बातों में आकर उन्होंने बताए अनुसार प्रक्रिया पूरी कर दी। प्रक्रिया पूरी होने के कुछ देर बाद ही बुजुर्ग के मोबाइल पर बैंक ट्रांजेक्शन का संदेश आया। उन्होंने देखा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के खाते से 90,521 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर हो चुके हैं। इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं।*

## सीएचसी को निजी हाथों में सौंपने का पुरजोर विरोध

संगठनों ने सरकार से की फैसला तुरंत वापस लेने की मांग

# स्वास्थ्य केंद्रों का निजीकरण करने की बजाए स्वास्थ्य व्यवस्था को करें मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रीवा, देवास और गुना जिलों के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को निजी हाथों में सौंपने का स्वास्थ्य संगठनों ने विरोध किया है। स्वास्थ्य कर्मियों, डॉक्टरों और जनस्वास्थ्य संगठनों ने सरकार से फैसला तुरंत वापस लेने की मांग की है।

रविवार को एक्शन अगेंस्ट प्राइवेटाइजेशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता में पदाधिकारियों ने सरकारी अस्पतालों के निजीकरण का विरोध करते कहा कि सरकारी अस्पतालों का निजीकरण नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। यदि इसे वापस नहीं लिया, तो हमारे पास केवल आंदोलन ही विकल्प है। दरअसल मप्र सरकार ने ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए सीएचओ को निजी संस्थाओं को सौंपने का फैसला किया है। हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई।



प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद पदाधिकारी।

### पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया

संगठनों का कहना है कि यदि सरकार सही में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार चाहती है तो निजीकरण की बजाय सरकारी अस्पतालों में निवेश बढ़ाए, खाली पदों पर भर्ती करे और स्वास्थ्य संस्थानों को संसाधनों से मजबूत बनाए।

### बढ़ेगा भ्रष्टाचार...

मध्य प्रदेश पहले से ही मातृ मृत्यु दर के मामले में पीछे है। यदि सरकार स्वास्थ्य केंद्रों के निजीकरण का फैसला लागू करती है तो स्थिति और खराब हो सकती है। सरकार से यह फैसला तुरंत वापस लेने की मांग की। जब भी सरकार किसी विभाग का निजीकरण करती है, तो आगे चलकर वहां भ्रष्टाचार बढ़ने की आशंका रहती है। इसलिए वे सरकार के इस फैसले के विरोध में हैं।

**डॉ. आनंद शर्मा,** अध्यक्ष, मप्र मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन

### निष्पक्षता पर सवाल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिको-लीगल सर्टिफिकेट (एमएलसी), पोस्टमार्टम और मेडिकल जांच जैसे कई जरूरी काम होते हैं। इनकी रिपोर्ट अदालत में भी पेश की जाती है। ऐसे में सवाल यह है कि यदि ये केंद्र निजी हाथों में चले गए तो इन प्रक्रियाओं की निष्पक्षता की गारंटी कौन देगा। सरकार को इस पहलू पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

**डॉ. राकेश मालवीय,** अध्यक्ष, मप्र मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930